
जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot




**Of Dogs and Men** Dogs anticipate you to such an extent that to see a highly trained dog and his handler at work is to witness magic.

**FATE: Certified Birth**

**TECH-HACKS: See Deleted Messages on WhatsApp & Instagram** You'd be pleased to know that deleted messages are recoverable



*जैसे-जैसे ग्लोबल वॉर्मिंग बढ़ रही है, वैज्ञानिक यह पता लगा रहे हैं कि दुनिया भर में जानवरों की हीट स्ट्रैस (गर्मी का तनाव) सहन करने की क्षमता कितनी है। ट्रॉपिकल (उष्ण कटिबंधीय) प्रजातियों को लेकर खासकर ज्यादा चिंता है। लेकिन अब अपनी तरह के पहले अध्ययन में युनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉय के वैज्ञानिकों ने बताया है कि, समशीतोष्ण (टैम्परेट) एवं उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में रहने वाले पक्षियों की हीट स्ट्रैस सहन करने की क्षमता, पूर्व में जितनी सोची गई थी, उससे अधिक है। शोध के प्रथम लेखक हैनरी पोलॉक ने कहा, ''ये पक्षी रोजमर्रा में जितनी गर्मी का अनुभव करते हैं उससे कहीं ज्यादा तापमान सहने की क्षमता है इनमें। यह आश्चर्यजनक है क्योंकि ट्रॉपिकल एक्टोथर्म्स, जैसे कीट आदि, क्लाइमेट वॉर्मिंग के प्रति बहुत ज्यादा संवेदनशील पाए गए हैं, लेकिन पक्षियों में हम यह नहीं देख रहे हैं। यह बात उत्साहवर्धक है। शोध से संकेत मिलता है कि, ट्रॉपिकल पक्षी गर्माती पृथ्वी से अनुकूलन कर सकते हैं और जीवित रह सकते हैं, पर तेजी से बदलते पर्यावरण पर इनकी क्या प्रतिक्रिया होगी यह कहना अभी जल्दबाजी होगी।'' शोध के सह लेखक जैफ ब्राउन ने कहा, गर्म होती जलवायु ट्रॉपिकल बड्र्स के संसाधनों व जंगल की संरचना को प्रभावित कर इन पक्षियों को नुकसान पहुंचा रही है। शोध में पनामा और साऊथ कैरोलाइना की 81 पक्षी प्रजातियों पर फोकस किया गया और फील्ड लैब में इनका सामना बढ़ते तापमान से करवाया। शरीर का आंतरिक तापमान और मैटाबॉलिक रेट नापने के लिए वैज्ञानिकों ने सूक्ष्म सैंसर्स का इस्तेमाल किया। साऊथ कैरोलाइना में रहने वाले पक्षियों ने गर्मी से, जितनी उम्मीद थी, उससे भी बेहतर तरीके से डील किया। सभी प्रजातियों में, चित्र में नज़र आ रही फाख्ता व कबूतरों में सबसे ज्यादा हीट रैज़िस्टैंस पावर पाई गई, क्योंकि ये पसीना निकाल सकते हैं। पोलॉक ने कहा कि, ये पक्षी जांच की सीमा भी पार कर गये। पक्षियों का यह पहला भौगोलिक तुलनात्क अध्ययन है।*

# जो कभी कांग्रेस की छत्र छाया में पैदा हुए और बढ़े थे, वही कांग्रेस को ले डूबे

## नॉर्थ-ईस्ट की तीन विधानसभाओं में भाजपा सरकार बनायेगी। दो में अपने दम पर और एक में सहयोगी पार्टियों के संग

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 मार्च। अगर पूर्वोत्तर राज्यों के चुनाव-परिणामों में कोई सर्वसामान्य चीज नजर आ रही है तो वह यही है कि इन राज्यों, जहाँ कांग्रेस का एक छत्र साम्राज्य हुआ करता था, कांग्रेस के जनाधार का और भी क्षरण हुआ है, उसमें और भी कमी आई है।

एक अन्य सर्वसामान्य बात यह रही है कि पूर्वोत्तर में भाजपा ने स्वयं को एक अग्रणी राजनैनिक ताकत के रूप में स्थापित कर लिया है। उसने अपने दम पर या अन्य स्थानीय पार्टियों से गठबंधन करके, तीनों राज्यों में सरकार बनाने की क्षमता हासिल कर ली हैं।

भाजपा त्रिपुरा और नागालैंड़ में सरकार बना लेगी तथा मेघालय में, सबसे बड़ी पार्टी एन.पी.पी. ने सरकार बनाने के लिये भाजपा से समर्थन माँगा है। लेकिन भाजपा को अपनी असफलताओं को भी ध्यान में रखना

- **तृणमूल खुद तो सफल नहीं हो पाई, पर कांग्रेस को जरूर ले डूबी।**
- **चुनाव से पूर्व नॉर्थ-ईस्ट के अपने दौरे में तृणमूल की भूमिका भांपते हुए, राहुल गांधी ने तृणमूल व उसकी भूमिका को बहुत कोसा था।**
- **तीसरे उल्लेखनीय बात यह है कि, वामपंथी दल (मार्क्सवादी पार्टी) का भी लगभग सफाया हो गया, हालांकि उसने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा था।**

होगा। उसे मेघालय में केवल दो सीटें मिली हैं, जबकि उसने राज्य की सभी सीटों पर चुनाव लड़ा था। त्रिपुरा में भाजपा कुछ सीटों पर एक नई पार्टी से हार गई है।

विडम्बना देखिये कि कांग्रेस को हुआ नुकसान उन लोगों के पक्ष में गया है जो कभी इस शानदार अतीत वाली पार्टी में फले-फूले थे।

त्रिपुरा में, कांग्रेस को हुये नुकसान का लाभ एक नई पार्टी ''तिपरा मोथा'' को मिला है, जो पूर्व कांग्रेसी प्रद्योत देब बर्मा के नेतृत्व वाली मुख्यतः जनजातीय पार्टी है। देब बर्मा पूर्व राज-परिवार के सदस्य भी हैं।

''तिपरा मोथा'' ने भाजपा के भी कुछ वोट काटे है। तथा सत्तारूढ़ पार्टी की कुछ सीटें छीनी हैं। देखना यह कि यह नई पार्टी आगमी दिनों में किस तरह विकसित होती है।

मेघालय राज्य विधान सभा में कांग्रेस की सदस्य संख्या लुप्त प्रायः स्थिति में पहुँच गई है। पिछली बार, कांग्रेस ने 21 सीटें जीती थी तथा राज्य विधान सभा की सबसे बड़ी पार्टी थी। इस बार इसकी केवल 5 सीटें रह गई हैं। मुख्यतः करीब आधे कांग्रेसी विधायकों द्वारा सामूहिक रूप से दल बदल कर तृणमूल में जाने से पार्टी बरबाद हो गई थी। चुनाव से पहले अपने दौरे में, राहुल गांधी को यह स्थिति साफ नज़र आ गई थी तथा इसलिये उन्होंने टी.एम.सी. तथा उसकी आदतन करतूतों पर जबरदस्त प्रहार किये थे। यह बात एकदम साफ है कि टी.एम.सी. का एजेंड़ा कांग्रेस को कुतरने का तथा उसे निष्प्रभावी बना देने का है ताकि कांग्रेस भाजपा के खिलाफ किसी भी स्थिति में राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष का नेतृत्व करने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# अडानी विवाद के लिए सुप्रीम कोर्ट ने पैनल बनाया

**-जाल खंताबा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 मार्च। सुप्रीम कोर्ट ने निवेशकों के हितों की सुरक्षा के उपायों पर सिफारिश देने और अडानी हिन्डनबर्ग विवाद की जांच के लिए अपने सेवानिवृत्त जज अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में

- **सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज ए.एम. सप्रे की अध्यक्षता में गठित इस पैनल में पूर्व जस्टिस जे. पी. देवधर, नंदन नीलेकनी, के.वी. कामथ और सोमशेखर सुंदरासन बतौर सदस्य शामिल हैं।**

गुरूवार को एक कमेटी का गठन किया। इस कमेटी में अपने-अपने कार्यक्षेत्रों के विशेषज्ञ के रूप में ओ.पी. भट, जस्टिस जे.सी. देवधर (सेवानिवृत्त), के.वी.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तमिलनाडू के उपचुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार की 50,000 से अधिक वोटों से जीत

## मु.मंत्री स्टालिन ने हुंकार भरी कि, यह विकास के ''द्रविड़ियन मॉडल'' की जीत है

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 मार्च। भाजपा और दूसरे मित्रों दलों को भले ही देशभर में चुनावी मोर्चे पर जीत मिल रही हो, लेकिन जब तमिलनाडु की बारी आती है तो उसकी विजय यात्रा अवरूद्ध हो जाती है और सम्भवतः यही कारण है कि वह तमिलनाडु में अपने गठबंधन पार्टनरों, विपक्षी दल ए.आई.ए. डी.एम.के. (अन्नाद्रमुक) को सम्बल एवं ऊर्जा प्रदान करने में असमर्थ रही है। ईरोड ईस्ट विधान सभा क्षेत्र के उपचुनाव में, डी.एम.के. (द्रमुक) समर्थित कांग्रेस आसानी से चुनाव जीत गई तथा इस विजय का तौर-तरीका दर्शाता है कि अन्नाद्रमुक उसके नये तथा एकमात्र नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री इडाप्पादी पलानी सामी और भाजपा मिलकर भी तमिल मतदाताओं को समझाने तथा उनका विश्वास जीतने में

- **डी.एम.के.-कांग्रेस गठबंधन इस ''द्रविड़ियन मॉडल'' का ढिंढोरा अगले लोकसभा चुनाव तक खूब पीटेगा।**
- **अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन की हार का कारण, अन्नाद्रमुक का भाजपा से मिलकर चुनाव लड़ने को माना जा रहा है, अन्नाद्रमुक पार्टी के कुछ नेताओं द्वारा भी।**
- **भाजपा में अब मंथन का समय आ गया है कि, देश भर में, उदाहरण के लिये नॉर्थ-ईस्ट में, भाजपा की भारी जीत हुई, पर तमिलनाडू के वोटर्स को भाजपा क्यों नहीं लुभा पाती।**

असफल रहे।

शुक्रवार को, मतगणना के तीसरे-चौथे राउण्ड तक ही, कांग्रेस उम्मीदवार की बढ़त की गति ने अन्नाद्रमुक में ऐसे बहुत से लोग थे, जो यह महसूस कर रहे थे कि पार्टी का भाजपा के साथ जुड़ाव उसे महँगा पड़ रहा है।

हालाँकि, अन्नाद्रमुक ने औपचारिक रूप से हिम्मत बाँध रखी है तथा इस जीत के लिये डी.एम.के (द्रमुक) पर धन-बल और बाहु-बल के दुरूपयोग का दोषारोपण किया है तथा अपने नुकसान का जिक्र नहीं किया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'आई एम सॉरी पापा मम्मी मेरे से नहीं हो पाएगा'

लालसोट, (निसं)। उपखंड मुख्यालय स्थित एक निजी स्कूल इंपल्स की 10वीं में पढ़ने वाली छात्रा खुशबू मीणा ने गुरुवार को पढ़ाई के दबाव में आकर एक सुसाइड नोट लिख फांसी के फंदे पर लटककर जीवन लीला समाप्त कर ली।

छात्रा ने उस समय आत्म हत्या की जब उसकी माँ अपने छोटे बेटे की फीस

- **95 प्रतिशत से ज्यादा नम्बर लाने में असमर्थता जताते हुए दसवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की।**

जमा कराने उसके स्कूल गई हुई थी। मृतक छात्रा ने मरने से पहले एक सुसाइड नोट भी लिखा जिसमे उसने लिखा, ''आई एम सॉरी पापा मम्मी मेरे से नहीं हो पाएगा मैं दसवीं बोर्ड कर्क्षा में 95 प्लस नहीं बना पाऊंगी अब मुझसे और नहीं सहा जाता। आई लव यू पापा-मम्मी और ऋषभ'' अंत में खुशबू ने आई एम सो सॉरी लिखकर साइन किए। सुसाइट नोट घटना स्थल पर ही मिला।

मृतका की मां जब लौटी तो नजारा देखकर बेसुध हो गई। घटना की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की वर्तमान प्रक्रिया का अंत

## वर्तमान व्यवस्था के अनुसार प्र.मंत्री की सिफारिश पर राष्ट्रपति, मुख्य चुनाव आयुक्त व दो अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करते हैं

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 मार्च। सुप्रीम कोर्ट ने एक अभूतपूर्व निर्णय के तहत देश के मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की वर्तमान में प्रधानमंत्री द्वारा की जाने वाली नियुक्ति की प्रणाली को गुरूवार को समाप्त कर दिया और व्यवस्था दी कि इन की नियुक्ति सी.बी.आई. प्रमुख की नियुक्ति की भांति एक पैनल द्वारा की जाए जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) शामिल होते हैं। कोर्ट ने कहा कि इससे चुनावों की निष्पक्षता बनी रहेगी।

सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की एक संविधान पीठ ने सर्वानुमति से दिए गए एक फैसले में कहा कि देश के चुनावों पर निगरानी रखने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्तों की

- **सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर अपना निर्णय सुनाया कि, प्र.मंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता व सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का पैनल मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्तों के नाम निर्धारित करेगा।**
- **सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश सुनाते हुए यह भी कहा कि, इस नयी प्रक्रिया से देश में चुनाव की पवित्रता बरकरार रखी जा सकेगी।**
- **इस नयी प्रक्रिया का आदेश सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित पांच सदस्यीय कॉन्स्टिट्यूशन बैंच ने सर्वसम्मति से लिया।**

नियुक्ति राष्ट्रपति की सलाह पर तीन सदस्यीय कमेटी द्वारा की जाएगी।

बैंच ने कहा कि ''चुनाव निश्चित रूप से निष्पक्ष होने चाहिए और इनकी पारदर्शिता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की हैं।'' बैंच ने इस बात पर जोर दिया कि ''लोकतंत्र में चुनावों में पारदर्शिता जरूर होनी चाहिए अन्यथा इसके विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।''

वर्तमान व्यवस्था के तहत मुख्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा छह वर्ष

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रूस की कम्पनी को मिलेगा 200 वंदे भारत ट्रेन सप्लायी करने का ऑर्डर?

## रूस की कम्पनी ने एक वंदे भारत ट्रेन 120 करोड़ रूपये में उपलब्ध कराने का ऑफर किया है, जबकि दूसरे नम्बर का ऑफर 140 करोड़ रूपये प्रति ट्रेन का है

**-श्री नन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 जून। ऐसे समय में जबकि मास्को के साथ व्यापारिक लेनदेन कम करने को लेकर भारत पर दबाव रहता आया है, लगता है कि रेल इंजन और रेल उपकरण बनाने वाली रूस की सबसे बड़ी कम्पनी सी.जे.एस.सी. ट्रांसमैशहोल्डिंग का भारत के ट्रेन मार्केट में प्रवेश करना तय है। रूस की यह कम्पनी भारत सरकार के रेल विकास निगम लिमिटेड (आर.वी.एन.एल.) की साझेदारी में 58 हजार करोड़ रुपयों के करार के लिए सबसे कम बोली लगाने वाले रूप में उभरी है। वह 160 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली वंदे भारत ट्रेनों में 200 स्लीपर वेरिएन्ट्स का निर्माण करेगी। इन स्लीपर वेरिएन्ट्स का निर्माण लातूर, सोनीपत और चैन्नई स्थित रेलवे के कारखानों में करने की योजना है।

ट्रांसमैश होल्डिंग ने वन्दे भारत एक्सप्रैस की प्रत्येक ट्रेन के 16 कोचों के निर्माण के लिए अपने निविदा बिड में 120 करोड़ की कीमत दी। उसके विपरीत एल्सटम ने 160 करोड़ की बेसिक रेट दी, जबकि स्टैडलर-मेधा केन्सोर्टियम ने 170 करोड़ की प्राइस कोट की थी। दूसरे नम्बर के सबसे कम

- **120 ट्रेनों का ऑर्डर न्यूनतम रेट वाले आवेदक को मिलेगा तथा दूसरे नम्बर के आवेदक को 80 ट्रेन सप्लायी करने का मौका दिया जायेगा, पर उसे ये 80 ट्रेन न्यूनतम बिडर की रेट पर सप्लायी करनी होंगी।**
- **अगर नम्बर दो आवेदक, पहले नम्बर की बिडर की कीमत मैच नहीं कर पायेगा तो, अस्सी रेलगाड़ियों का ऑर्डर भी नम्बर वन बिडर को दे दिया जायेगा।**

रेट के बोलीकर्ता भारत हैवी इलैक्ट्रिकलस लिमिटेड (बी.एच.ई.एल.) अर्थात भेल और टिटागढ़ वैगन्स के कन्सोर्टियम ने 140 करोड़ की बेसिक प्राइस दीया, निविदाएं गुरूवार को खोली गईं। निविदा शर्तों के अनुसार 120 ट्रेन्स के निर्माण और सप्लायी का ठेका सबसे कम रेट लगाने वाले बिडर को दिया जाना था।

चयनित बिडर्स को इन ट्रेनों का डिपो में रखरखाव करने का 35 वर्ष का ठेका दिया जाएगा। ये डिपो नई दिल्ली, मुम्बई, बैंगलुरू, जोधपुर, कोलकाता और हैदराबाद सहित विभिन्न स्थानों पर बनाए जाएंगे।

यदि प्रथम लोएस्ट बिडर (एल-1) द्वारा ऑफर की गई प्राइस दूसरे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस ने सप्रे पैनल को ठुकराया

**-जाल खंताबा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 मार्च। कांग्रेस ने अडानी हिन्डनबर्ग विवाद पर सर्वोच्य न्यायालय द्वारा गठित पैनल को अस्वीकार कर दिया है तथा जॉइन्ट पालियामेन्ट्री कमेटी (जे.पी.सी.) द्वारा जाँच करये जाने पर जोर दिया है तथा गौतम अडानी को आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री का भूमिका सामने आ सके।

इसके महासचिव (मीडिया) जयराम रमेश ने कहा है कि गुरूवार को सर्वोच्य न्यायालय द्वार गठित किया गया पैनल केवल सेबी के नियम और कायदों के उल्लघंन की जांच करेगा तथा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )






## विचार बिन्दु

**ईश्वर द्वारा निर्मित जल और वायु की तरह सभी चीजों पर सबका समान अधिकार होना चाहिए। –महात्मा गाँधी**

# क्या आर्थिक रूप से ग्रसित पाकिस्तान की मदद भारत को "नेबरहुड फर्स्ट" पॉलिसी के आधार पर करनी चाहिए?

कुछ दिनों पूर्व राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस मनाया था। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उस समारोह में मुख्य अतिथि थीं। राष्ट्रीय मानव अधिकार कमीशन के अध्यक्ष जस्टिस अरूण मिश्रा ने अपने भाषण में कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने इस वर्ष का स्लोगन दिया है 'गरिमा, स्वतंत्रता तथा न्याय सबके लिये'। जस्टिस मिश्रा ने स्पष्ट किया कि उक्त स्लोगन ऋग्वेद के दर्शन पर आधारित है, जिसमें यह कहा गया है, **Taking every one together in human progress**

भारतीय दर्शन का मूल आधार है, 'बहुजन सुखाय व बहुजन हिताये'। इसके द्वारा यह अपेक्षा की है संसार में सभी मानव सुख से रहें और जिसमें सबका हित समाहित हो। अभी दो दिन पूर्व ही सुप्रीम कोर्ट ने प्रसिद्ध एडवोकेट अश्वनी उपाध्याय की याचिका को सुनवाई कर निरस्त करते हुये कहा कि हिन्दुत्व रहने की एक कला का नाम है। अश्वनी उपाध्याय ने अपनी पिटीशन में यह मांग की थी शहरों, मार्गों आदि के नाम मुगल शासकों के नाम पर थे, उन्हें हटाया जावे।

चाणक्य ने कहा था जहाँ देशों की सीमायें मिलती हैं वहाँ के लोग एक–दूसरे के दुश्मन होते हैं और दुश्मन का दुश्मन मित्र होता है। पाकिस्तान भारत का जन्मजात दुश्मन है दूसरी ओर अफगानिस्तान पाकिस्तान का दुश्मन है, किन्तु अफगानिस्तान भारत का दोस्त है। प्रत्येक देश की 'नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी' होती है, भारत की भी नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी है किन्तु वह पाकिस्तान पर लागू नहीं होती।

15.8.1947 के दिन से आज तक पाकिस्तान भारत में शांति व उसकी उन्नति के विरुद्ध रहा है। भारत को अपनी आतंकवादी प्रवृत्ति से नुकसान पहुंचाता रहा है, वह हमारे देश का दुश्मन है। पाकिस्तान की मुख्य इण्डस्ट्री आतंकवाद है। वह कई युद्धों में भारत से हार चुका है। भारत की प्रगति से बोखला रहा है।

पाकिस्तान में मंहगाई आसमान छू रही है। वह लडखडा रहा है। वह आर्थिक संकट से झूझ रहा है। वह किसी भी संस्था से समझौताा करने में सफल नहीं हो पाया है। पाकिस्तान कंगाली की डगर पर है। कर्जों के बोझ  से वह बाहर नहीं निकल सकता है। प्याज की कीमत रू. 750/– प्रति किलो है इससे खाद्य पदार्थों की मंहगाई का अनुमान लगाया जा सकता है। अमरीका में राष्ट्रपति चुनाव 2024 के लिये दावेदारी पेश करने वाली निक्की हेली का मानना है कि कर्ज में डूबा पाकिस्तान चीन की जेब में है।

भारत ने हमेशा अपने पडोसियों की संकट के समय मदद की है। भारत ने श्रीलंका की मदद की है क्योंकि उसे अपनी आर्थिक मुसीबतों से उबरने में परेशानी हो रही थी। मालद्वीप की भी सहायता की थी। अपने पडोसियों की मदद वह कई प्रकार से कर रहा है। नेपाल से वह ऊर्जा खरीद रहा है। तुर्की में 'आपरेशन दोस्त' बहुत प्रभावशाली रहा है। सीरिया आपातकालीन सामग्री भेजी है। तुर्की की कहावत 'दोस्त करा आंदे बोली ओलुर' बहुत सटीक है जिसका अर्थ है। *A friend in need is a friend indeed*  कोरोना में अनेक देशों को फ्री वेक्सीन भेजा है।

प्रश्न यह है कि क्या भारत अपने पडोसी देश पाकिस्तान को आर्थिक दलदल से निकालने में मदद करेगा। पाकिस्तान भारत का पडोसी है, किन्तु पाकिस्तान सदैव भारत के विरुद्ध, उसे नुकसान पहुंचाने में प्रयत्नशील रहा है। पाकिस्तान का प्रमुख उद्योग आतंकवाद है। भारत को आतंकवादी गतिविधियों से पाकिस्तान धन व माल का नुकसान पहुंचा रहा है। अनेक बार अकारण ही युद्ध करता रहा है। कश्मीर में जो नुकसान पाकिस्तान ने भारत को पहुंचाया है उसका मूल्यांकण संभव नहीं है। यूएन में पाकिस्तान समय समय पर कश्मीर का मुद्दा छेड़ता रहा है जबकि यह मामला जिन्दा ही नहीं है। संक्षेप में कहा जा सकता है पाकिस्तान यद्यपि पडोसी है फिर भी किसी सहायता का अधिकारी नहीं है उसका व्यवहार शत्रु जैसा है क्योंकि इसका कोई भरोसा नहीं है यहां तक कि पाकिस्तान सहायता राशि को भी आतंकवादियों को पहुंचा सकता है।

> **पाकिस्तान की वर्तमान स्थिति के लिये वह स्वयं जिम्मेदार है उसके प्रति करूणा भाव पैदा हो ही नहीं सकता फिर भी पाकिस्तान की गरीब जनता की मदद की मांग होने पर मदद करना मानवीय दृष्टि से अच्छा कदम हो सकता है किन्तु आर्थिक सहायता न देकर खाद्यान्न और प्याज (महाराष्ट्र में प्याज की भरपूर फसल हुई है) भारत दे सकता है। भारत के लोगो का विशाल दिल है, अन्नदान नेक काम है।**

भारत का रूख काफी मजबूत और दृढ है। भारत पाकिस्तान को मदद करने का इस समय इच्छुक अभी नहीं है। भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' की पोलिसी पाकिस्तान पर लागू नहीं होती। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित 'एशिया इकोनोमिक्स डायलोग' में पधारे प्रतिनिधियों से कहा कि पाकिस्तान को संकट से उभारने का अहम् प्रश्न, भारत की जन भावना पर निर्भर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं इस बारे में देश की जनता की नब्ज टटोलूंगा और मैं समझता हूँ कि उत्तर आप जानते ही हैं। इस देश के लोग पाकिस्तान पर विश्वास नहीं करते। अनुभव यह अवश्य कहता है कि यदि पाकिस्तान को मानवीय आधार पर आर्थिक सहायता दे भी दी जावे तो वह इस बात की कोई गारण्टी नहीं है कि वह उसका उपयोग भारत के खिलाफ नहीं करेगा।

भारत धर्म प्रधान देश है, नाम ही उसका भारत है, भा  रत, इसका अर्थ है धर्म में लीन रहने वाला। मानवीय दृष्टिकोण से यहां के लोगों के दिल पसीज जाते हैं वे मानव की चीत्कार को सुनते हैं। भारतीय संस्कृति का दर्शन संसार के लोगों की खुशहाली है। पाकिस्तान सुधर नहीं सकता। वह 'एंटी टेरेरिस्ट' गतिविधियों को, लिखित में समाप्त करने की घोषणा के बाद भी रोकने में असफल रहा है यह कथन अमेरिका के विदेश मंत्रालय का है। भारत व टर्की के संबंध भी अच्छे नहीं हैं, फिर भी मोदी सरकार ने मानवीयता के आधार पर वहां गेहूँ भेजे हैं और टर्की सरकार ने उसे सहर्ष स्वीकार कर भारत की दरिया दिली की तारीफ की है। भारत के लोग किसी की भी आंखों में आंसू नहीं देख सकते। गांधाजी से जब किसी व्यक्ति से पूछा, बापू आपकी महत्वाकांक्षा क्या है तो उन्होंने कहा था, **To wipe out tears from every eye**A

अपने पडोसी देश को इस प्रकार असहाय हालत में देखकर मानवीय संवेदना का बोध होना समय की पुकार है, किन्तु यह तो देखना ही होगा कि वह देश हमारे देश के प्रति क्या भावना रखता है। देश की जनता पाकिस्तान के प्रति उदार नहीं है, अपितु प्रत्येक क्षेत्र में वह उसे हारते हुये देखना चाहती है। चाहे वह क्षेत्र लडाई का हो अथवा खेल व राजनीति का हो। भारत के यशस्वी विदेश मंत्री ने इसी बात को सहज भाव से समझाने का प्रयास किया है। पाकिस्तान को संकट से उबारने के प्रश्न पर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी है कि सब कुछ जन भावना पर निर्भर करता है। 1947 से अभी तक पाकिस्तान ने भारत के प्रति मैत्री भाव नहीं रखा, वह भारत की मित्रता के योग्य भी नहीं है। मित्र तो वह होता है जिस पर आंख बंद कर विश्वास किया जा सकता है, किन्तु पाकिस्तान तो बहुत पहले ही यह विश्वास खो चुका है।


एक मित्र जीवन में बहुत बडा सहारा है। बाईबिल में लिखा है कि एक निष्ठावान मित्र जीवन की औषधि है। हेनरी फॉर्ड एक समय के सबसे धनाढ्य व्यक्ति थे। उन्होंने पेट्रोल से चलने वाली कार का आविष्कार किया था। उदासी के समय उन्होंने कहा था, 'मैंने धन कमाया जब मित्र बनाने का समय था। आज मैं अपना सारा धन न्यौछाबर करने का तैया हूँ, यदि मुझे कुछ अच्छे मित्र मिल जावें'। कहते हैं उन्हें कोई अच्छा मित्र नहीं मिला। क्या पाकिस्तान भारत के लिये अच्छा मित्र बन सकता है? जवाब है असम्भव है।

पाकिस्तान की वर्तमान स्थिति के लिये वह स्वयं जिम्मेदार है उसके प्रति करूणा भाव पैदा हो ही नहीं सकता फिर भी पाकिस्तान की गरीब जनता की मदद की मांग होने पर मदद करना मानवीय दृष्टि से अच्छा कदम हो सकता है किन्तु आर्थिक सहायता न देकर खाद्यान्न और प्याज (महाराष्ट्र में प्याज की भरपूर फसल हुई है) भारत दे सकता है। भारत के लोगो का विशाल दिल है, अन्नदान नेक काम है। यद्यपि पाकिस्तान के साथ नेकी का कार्य इस कहावत को चरितार्थ करता है, 'नेकी कर दरिया में डाल'। भारत धर्म निरपेक्ष देश है फिर भी धर्म प्रधान देश है और अन्नदान पुण्य कार्य है। पुण्य करते समय परिणाम नहीं देखा जाता।

सत्यमेव जयते!

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# खाटूश्यामजी के मेले में भक्तों का सैलाब उमड़ा



खाटू नगरी में बाबा श्याम के जयकारे दशमी के दिन दिनभर गूंजते रहे।

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** बाबा श्याम के जयकारे दशमी के दिन खाटू नगरी में दिनभर गूंजते रहे। खाटूश्यामजी के फाल्गुनी लक्खी मेले में गुरुवार को भक्तों का सैलाब उमड़ा।

- **देश के कोने-कोने से आए भक्तों ने दिन भर कतारबद्ध होकर दर्शन किये**

श्याम सरकार की एक झलक पाने को देश के कोने–कोने से आए भक्तों ने दिन भर कतारबद्ध होकर दर्शन किये। कोई पैदल चलकर, कोई हाथों में निशान लेकर तो कोई दंडवत करता हुआ बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए पहुंचा। रींगस से लेकर खाटूश्यामजी तक दर्शनार्थियों की कतारें लगी रही। बाबा श्याम के दरबार 24 घंटे भक्तों के लिए खुले हैं। जिससे लगातार बाबा श्याम के दर्शन करने के लिए भक्त खाटू नगरी में पहुंच रहे हैं। खाटूश्यामजी में इस बार निशान रखने के लिए श्री श्याम मंदिर कमेटी ने अलग से व्यवस्था की है। श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा बनाई गई व्यवस्था में पूरा पंडाल निशानों से अटा हुआ है।

बाबा श्याम की लक्खी मेले में पहली बार जिला प्रशासन व नगरपालिका द्वारा भक्तों के चप्पल जूतों को उन तक पहुंचाने के लिए एक अभियान चलाया जो भी श्याम भक्त मेला ग्राउंड में चप्पल जुते खोलकर जा रहे हैं। उनको चप्पल जूते के जोड़ों को बांधकर सुरक्षित नगरपालिका के पास पहुंचाया जा रहा है जहां से टोकन दिखाकर श्याम भक्त चप्पल जूते प्राप्त कर रहे हैं। इतने बड़े मेले में यह व्यवस्था श्याम भक्तों को रास आ रही है। नगरपालिका के ईओ अरूण शर्मा व स्वास्थ्य निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह चंदेलिया इस अभियान पर नजर बनाए हुए हैं। बाबा श्याम अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए अपनी हवेली से एकादशी शुक्रवार को नगर भ्रमण करेंगे। नीले घोड़े पर बनड़ा सा बनकर बाबा श्याम की शाही सवारी जिसमें बैंड,ढोल,तरासा,चंग के साथ गुलाल उड़ाते हुए भक्त रथ के आगे नाचते गाते आयेंगे। गौरतलब है कि बाबा श्याम फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी को ही अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए आते हैं।इस दौरान भक्तों में रथ की छूने की लालसा,खजाने के रूप में प्रसाद लेने की अभिलाषा के साथ श्याम भक्त रथ के साथ चलते हैं।

# जयपुर–असारवा–जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन शुरू, आज से रूट पर चलेगी



उदयपुर में जयपुर स्पेशल रेलसेवा की शुरूआत उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर की।

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर–अहमदाबाद ब्रॉडगेज आमान परिवर्तन रूट पर उदयपुर से ट्रेन शुरू होने के बाद प्रस्तावित जयपुर–असारवा–जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन का इंतजार किया जा रहा था। शुक्रवार से यह ट्रेन रूट पर चलेगी। गुरूवार को इसका विधिवत शुभारंभ उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ। इस ट्रेन के साथ ही इस रूट पर इंदौर–उदयपुर–इंदौर ट्रेन का भी असारवा तक विस्तार कर दिया गया है। वहीं कोटा से भी असारवा के लिए एक ट्रेन चलाई गई है जो सप्ताह में दो दिन चलेगी। इन दोनों ट्रेनों की शुरूआत शनिवार से होगी जबकि असारवा–जयपुर ट्रेन शुक्रवार शाम 7 बजकर 35 मिनट पर जयपुर से रवाना होगी। इन तीन ट्रेनों के साथ ही इस रूट पर अब चार ट्रेनें हो गई है। जो अहमदाबाद (असारवा) जाएगी।

- **गुरूवार को स्पेशल रेल सेवा को उदयपुर से जयपुर भेजा गया**
- **जो शुक्रवार शाम 7.35 पर जयपुर से रवाना होकर सुबह 8.50 पर असारवा पहुंचेगी**

रेल यात्रियों को अधिकाधिक यात्री सुविधाएं व ट्रेन सुविधा उपलब्ध कराने की कड़ी में गुरूवार को गाडी संख्या 12981/12982, जयपुर–असारवा–जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ अर्जुन लाल मीणा सांसद लोकसभा–उदयपुर द्वारा कनकमल कटारा माननीय सांसद बांसवाड़ा, सी.पी. जोशी सांसद चित्तोड़गढ़ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और मण्डल रेल प्रबंधक राजीव धनखड़ की उपस्थिति में उदयपुरसिटी रेलवे स्टेशन पर सांय 5.15 बजे किया गया।

इसके तहत गाडी संख्या 02982, उदयपुर–जयपुर स्पेशल रेलसेवा को उपस्थित मुख्य अतिथि व जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। यह ट्रेन 2 मार्च को उदयपुर से 17.15 बजे रवाना होकर 00.35 बजे जयपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन के प्रारंभ हो जाने से जयपुर और अजमेर के यात्रियों को अहमदाबाद जाने के लिए एक अतिरिक्त वैकल्पिक मार्ग व ट्रेन मिल गई है।

इस मार्ग के फुलेरा, किशनगढ , अजमेर, नसीराबाद, भीलवाडा, चन्देरिया, मावली जं., राणाप्रतापनगर, उदयपुर सिटी, जावर, डूंगरपुर, शामलाजी रोड, हिम्मतनगर, नांदोल दहेगाम व सरदार ग्राम स्टेशनों के यात्रियों को एक और अतिरिक्त गाड़ी की सुविधा प्राप्त होगी। शुक्रवार से नियमित रेलसेवा गाडी संख्या 12981, जयपुर– असारवा सुपरफास्ट प्रतिदिन रेलसेवा जयपुर से 19.35 बजे रवाना होकर अगले दिन 08.50 बजे असारवा पहुचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 12982, असारवा–जयपुर सुपरफास्ट प्रतिदिन रेलसेवा 4 मार्च  से असारवा से 18.45 बजे रवाना होकर अगले दिन 07.35 बजे जयपुर पहुंचेगी।

अपर मंडल रेल प्रबंधक बलदेव राम, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विवेक रावत तथा क्षेत्रीय प्रबंधक बद्री प्रसाद स्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, रेल अधिकारी और आमजन उपस्थित थे।

# पाली में फैक्ट्री से 37 हजार किलोग्राम फंगस लगा अचार जब्त



सुमेरपुर कस्बे में चिकित्सा विभाग की टीम ने फैक्ट्री में आचार जब्त करने की कार्रवाई की।

**पाली, (निसं)।** पाली जिले में गुरूवार को चिकित्सा विभाग की ओर से सुमेरपुर कस्बे में शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत की गई कार्यवाही से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। टीम द्वारा कार्यवाही के दौरान फैक्ट्री मालिक मौके से फरार हो गया तो वहीं एक अन्य फैक्ट्री के मालिक को इसकी भनक लगी तो वह ताला लगाकर ही भाग गया।


- **दो अन्य फैक्ट्री से घी, हल्दी व बेसन के नमूने जांच के लेकर प्रयोगशाला भिजवाया**
- **शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत कार्रवाई की, डर से भागे व्यापारी**

सीएमएचओ डॉ.इन्दरसिंह राठौड़ ने बताया कि जिले में चल रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की टीम ने सुमेरपुर में बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया। चिकित्सा विभाग की टीम ने पुलिस जाप्ते के साथ कार्यवाही कर एक फैक्ट्री से फंगस लगा 37 हजार किलोग्राम आचार जब्त किया। वहीं दो अन्य फैक्ट्री से घी, हल्दी व बेसन के नमूने जांच के लेकर प्रयोगशाला भिजवाया गया।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत जिले में इन दिनों होली के त्योहार को देखते हुए जिला कलेक्टर नमित मेहता के निर्देश पर चिकित्सा विभाग की फूड सेफ्टी टीम ने पुलिस बल के साथ गुरूवार को पाली जिले के सुमेरपुर कस्बे में छगन मगन अचार बनाने की फैक्ट्री पहुंची तो टीम ने वहां पर प्लास्टिक के 370 ड्रमों में तैयार किया गया 37 हजार किलोग्राम अचार पड़ा था तथा वह अचार फंगस लगा हुआ था। फूड सेफ्टी टीम पुलिस बल ने फंगस लगे अचार नष्ट करने की कार्यवाही करनी चाही तो फैक्ट्री मालिक डर के मारे मौके से फरार हो गया।

फैक्ट्री मालिक का काफी इंतजार करने के बाद भी नहीं आया तो टीम ने फैक्ट्री पर फफूंद लगे अचार को 3 दिन में नष्ट कर की गई कार्यवाही से अवगत कराने के लिए फैक्ट्री पर नोटिस चस्पा किया गया। इसी टीम ने सुमेरपुर कस्बे के रीको क्षेत्र में भी मैसर्स चामुण्डा ट्रेडिंग कंपनी मसाला पर कार्यवाही करने पहुंची तो फैक्ट्री मालिक को कार्यवाही की भनक लगते ही फैक्ट्री पर ताला लगा कर फरार हो गया। इसी टीम ने कस्बे में एक अन्य गोदाम से घी व एक फैक्ट्री से बेसन व हल्दी का नमूना लिया गया, जिसे जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया गया। उन्होंने बताया कि गुरूवार को की गई टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आनंद चौधरी, भूराराम गोदारा व पुलिस जाब्ता साथ रहे। उन्होंने बताया कि जिले में शुद्ध के लिए युद्ध निरंतर जारी रहेगा।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**शुक्रवार 3 मार्च, 2023**

फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, पुर्नवसु नक्षत्र दिन 3:43 तक, सौभाग्य योग सांय 6:44 तक, विष्टि करण प्रातः 9:12 तक, चन्द्रमा प्रातः 8:58 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–मिथुन, मंगल–वृष, बुध–कुम्भ, गुरू–मीन, शुक्र–मीन, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज कुमार योग सूर्योदय से दिन 9:12 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 3:43 से आरम्भ होगा। राजयोग दिन 3:43 से सूर्योदय तक है। आज भद्रा प्रातः 9:12 तक है। आज आमला एकादशी व्रत वैष्णवों का है। आज रंगभरी ग्यारस है। आज एकादशी तिथि में वृद्धि हुई है। आज उत्मीलिनी महाद्वादशी व्रत है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:20 तक, लाभ–अमृत 8:20 से 11:12 तक, शुभ 12:39 से 2:15 तक, चर 4:58 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:53, सूर्यास्त 6:24

**मेष**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी और व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**सिंह**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।

**कन्या**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी और संभावित स्रोत से धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। परिवार में सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ने का भय है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**मकर**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक  वार्ता सफल रहेगी।

**कुंभ**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त–व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

**मीन**
अपने आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी।

# 'केन्द्र सरकार बताए प्रोटेक्शन कानून को लेकर क्या हो रही है कार्रवाई?'

## कोर्ट भी जारी कर सकती है गाइड लाइन

- याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि चिकित्सकों के लिये कानून बनाने से उनके प्रति अपराधों पर लगाम लग गई है। इस पर अदालत ने मजाकिया अंदाज में कहा कि वे चिकित्सक हैं, और आप तो सर्जन की भूमिका में हो
- वकीलों का न्यायिक बहिष्कार गुरूवार को भी जारी रहा

**जयपुर**, (का.सं.)। हाईकोर्ट ने केन्द्र सरकार से पूछा है कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने से जुड़े मामले में क्या कार्रवाई हो रही है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में बार कौंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर बीस मार्च तक जवाब तलब किया है। अदालत ने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए कोर्ट गाइड लाइन जारी कर सकती है। ऐसे में केन्द्र और राज्य सरकार के साथ बार कौंसिल ऑफ राजस्थान इस संबंध में अपने सुझाव भी पेश करे। एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस अनिल उपमन की खंडपीठ ने यह आदेश राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव प्रहलाद शर्मा की जनहित याचिका पर दिए।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने कहा कि चिकित्सकों को संरक्षण देने के लिए आठ धाराओं को लेकर कानून बनाया गया है। इसके लागू होने के बाद प्रदेश में चिकित्सकों के प्रति होने वाले अपराधों पर लगाम लग गई है। इस पर अदालत ने मजाकिया अंदाज में चुटकी लेते हुए कहा कि वे चिकित्सक हैं, लेकिन आप तो सर्जन की भूमिका में हो। इस पर अधिवक्ता अभिनव शर्मा ने कहा कि वकील सुपर स्पेशलिस्ट होता है। यदि सरकार कानून बनाने के अपने कर्तव्य से विमुख होगी तो अधिवक्ता वर्ग सरकार की पूरी सर्जरी कर देगा। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि जब तक राज्य सरकार कानून नहीं बनाती, तब तक अदालत गाइड लाइन जारी कर वकीलों का संरक्षण कर सकती है। इस पर अदालत ने कहा कि उनकी मांग जायज है। ऐसे में सभी पक्ष इस संबंध में अपने सुझाव पेश करें।

अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि वकील कोर्ट ऑफिसर होता है। इस मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए और केन्द्र व राज्य सरकार को मिलकर निर्णय लेना चाहिए। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि मामला उच्च स्तर पर देखा जा रहा है। वहीं बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की ओर से अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने कहा कि कौंसिल ने 27 जुलाई 2021 को बिल को अप्रूव्ड कर राज्य सरकार को भेजा जा चुका है। वहीं केन्द्र सरकार की ओर से कहा गया कि मामला समवर्ती सूची के विषय का है। ऐसे में केन्द्र और राज्य सरकार इस पर कानून बना सकती हैं। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने बीसीआई को नोटिस जारी करते हुए 20 मार्च तक सभी को अपना जवाब और सुझाव पेश करने को कहा है। दूसरी ओर वकीलों के न्यायिक बहिष्कार को लेकर अदालत की ओर से लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई नौ मार्च तक टल गई। इसके अलावा प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर प्रदेश की अदालतों में वकीलों का न्यायिक बहिष्कार जारी रहा।

## प्रदेश में सात नए संक्रमित मिले

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में गुरूवार को सात नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस दौरान किसी भी मरीज के रिकवर नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 17 हो गए है। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में गुरूवार को सात नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले राज्य में तीन मरीज पाए गए थे। उदयपुर में पिछले कुछ दिनों से अन्य जिलों के मुकाबल नए संक्रमित अधिक सामने आ रहे हैं। पिछले चौबीस घंटों में चार और नए मरीज मिले हैं। फिलहाल यहां सबसे ज्यादा 9 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। वहीं दूसरी ओर आज अजमेर में 2 और राजधानी जयपुर में एक नया संक्रमित मिला है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में किसी भी संक्रमित के रिकवर नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 17 हो गए हैं। इनमें उदयपुर में 9, जयपुर तथा अजमेर में 3-3, हनुमानगढ़ व जोधपुर में 1-1 मामला है। राज्य में गुरूवार को करोना से किसी भी संक्रमित की मौत नहीं हुई है। प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9655 लोगों की मौत हो चुकी है।

# कम्बोडिया में लगाया जयपुर फुट का शिविर



भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के सहयोग से विश्व प्रसिद्व जयपुर फुट का शिविर कम्बोडिया के बान्तीए भीनचे राज्य में शुरू हुआ।

**जयपुर**, (का.सं.)। कम्बोडिया में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के सहयोग से विश्व प्रसिद्व जयपुर फुट का शिविर कम्बोडिया के बान्तीए भीनचे राज्य में आरम्भ हुआ। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) इस शिविर में कृत्रिम अंग लगाने का कार्य भरतीय दूतावास के सहयोग से कर रही हैं। कम्बोडिया में गृह युद्व के कारण लैण्ड माइन से बड़ी संख्या में वहां के नागरिक अपने अंग गंवा चुके थे, ऐसे ही दिव्यांगों को जयपुर फुट लगाकर उन्हें चलने-फिरने योग्य बनाने के लिए इस विशेष शिविर का आयोजन विदेश मंत्रालय की पहल से शुरू हुआ।

कम्बोडिया माइन एक्शन विकटिम एसिसटेन्स एथारिटी (सी.एम.ए.ए.) के उपाध्यक्ष फूम सोफा कमोकाल, बान्तीए मीनचे प्रान्त के गवर्नर उम रियातया, कम्बोडिया स्थित भारतीय राजदूत डॉ. देव्यानी रवोबर गडे और बी.एम.वी.एस.एस. के प्रतिनिधि के रूप में कार्यकारी अध्यक्ष सतीश मेहता शिविर के उदघाटन समारोह में उपस्थित थे।

उपाध्यक्ष सोफाकमोकाल ने कम्बोडिया के दिव्यांगों के पुर्नवास के लिए भारत सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भारत सरकार और बी.एम.वी.एस.एस. का यह सहयोग सराहनीय हैं।उन्होंने कहा कि कम्बोडिया में लैण्ड माइन बलास्ट और अन्य कारणों से अपने अंग गंवा चुके ऐसे लोगों की संख्या बहुत बड़ी हैं। ऐसे दिव्यांगों के पुर्नवास के लिए जहां भारत का सहयोग प्रशंसनीय हैं, किन्तु अधिक से अधिक दिव्यांगों के पुर्नवास के लिए ऐसे ही और शिविर लगाने की भी आवश्यकता हैं। बान्तीए मीनचे राज्य के गवर्नर रियातथा ने बी.एम.वी.एस.एस. के सहयोग से एक स्थाई पुर्नवास केन्द्र स्थापित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बी.एम.वी.एस.एस. के सहयोग से ऐसे केन्द्र स्थापित करने के लिए प्रान्त पूरा सहयोग देगा।

जयपुर में बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 2018 में महात्मा गांधी की 150वीं वर्ष गांठ पर "इण्डियन फॉर हयूमैनिटीज" कार्यक्रम के अन्तर्गत एशिया अफ्रीका और प्रशान्त देशों में विकलांगों के पुर्नवास की शुरूआत हुई थी और अब तक बीस देशों में विशेष शिविर लगाये हैं।

## '4 मार्च का प्रदर्शन सरकार की विदाई तय कर देगा'

**जयपुर**। 4 मार्च को जयपुर में होने वाले युवा आक्रोश विधानसभा घेराव को लेकर भाजपा प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा व भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा ने कहा कि 4 मार्च का प्रदर्शन कांग्रेस सरकार की विदाई तय कर देगा। पिछले साढ़े 4 सालों में कांग्रेस सरकार के राज में राजस्थान के युवाओं के साथ धोखा ही नहीं हुआ बल्कि युवा प्रताड़ित भी हुआ, राजस्थान सरकार के यह कार्यकाल प्रदेश के युवाओं के भविष्य और रोजगार के दमन के लिए जाना जाएगा। युवाओं के अभिभावक चाहे वह किसान हो, आदिवासी हो सभी वर्ग के साथ एक छलावा हुआ।

# मीडिया जनहितकारी पत्रकारिता की मिसाल पेश करे : राज्यपाल



राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ( बायें ) ने हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में उपाधियां प्रदान कीं।

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने आव्हान किया है कि मीडिया स्व-निर्मित आचार संहिता के आधार पर पत्रकारिता के स्वस्थ मूल्यों का निर्वहन करते हुए जनहितकारी पत्रकारिता की मिसाल पेश करे।

राज्यपाल मिश्र गुरुवार को पोद्दार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के सभागार में हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मीडिया को अपनी जिम्मेदारी का एहसास रखते हुए तथ्यपरक, विश्लेषणपरक, ज्ञान पूर्ण और तटस्थ समाचार प्रकाशित-प्रसारित करने चाहिए। उन्होंने कहा कि समाचार प्रस्तुतीकरण में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि उनको लेकर भ्रम या उत्तेजना का वातावरण नहीं बने। उन्होंने यह भी कहा कि मनोरंजन के नाम पर फूहड़ता और अनर्गल परोसने की प्रवृति से मीडिया को बचना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि पत्रकारिता ऐसा क्षेत्र है, जिसका जनता से सीधा सरोकार है। इसीलिए विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका के बाद पत्रकारिता को चौथा स्तम्भ माना गया है। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए आव्हान किया कि वे पत्रकारिता की अपनी शिक्षा का उपयोग करते हुए जनता से जुड़े मुद्दों को प्रखरता से उठाएं।

## 'द्रव्यवती नदी में हटाए जाएंगे कब्जे'

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक नरपत सिंह राजवी के प्रश्न का जवाब देते हुए नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शान्ति कुमार धारीवाल ने गुरूवार को विधानसभा में आश्वस्त किया कि द्रव्यवती नदी परियोजना क्षेत्र में अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

धारीवाल ने कहा कि अतिक्रमण की पहचान के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण के माध्यम से सर्वे करवाया जाएगा।

# गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को 16 मार्च तक जेल भेजा

- सेंट्रल जेल में सीसीटीवी कैमरों की नजर में रखा गया।

**जयपुर**। शहर के कारोबारियों से रंगदारी मांगने और जी-क्लब फायरिंग मामले में रिमांड पर चल रहे गैंगस्टर लॉरेंस का गुरूवार को रिमांड पूरा होने पर उसे वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने उसे 16 मार्च तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए।

कोर्ट में पेश करने के बाद जयपुर पुलिस ने लॉरेंस से अब तक की पूछताछ करने का हवाला देते हुए जेल भेजने की मांग की। वहीं बचाव पक्ष की ओर से कहा गया कि जयपुर पुलिस की ओर से प्रोडक्शन वारंट पर लिए जाने से पहले वह बठिंडा जेल में बंद था। इससे पहले भी वह विभिन्न प्रकरणों में पुलिस या न्यायिक अभिरक्षा में रहा है। ऐसे में अभिरक्षा के दौरान ना तो किसी निजी व्यक्ति से मुलाकात हुई और ना ही फोन से किसी से संपर्क किया। ऐसे में बेवजह उसे फंसाया जा रहा है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद लॉरेंस विश्नोई को 16 मार्च तक न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिए।

कोर्ट के आदेश पर गुरुवार को लॉरेंस को कड़ी सुरक्षा के बीच में जयपुर सेन्ट्रल जेल में शिफ्ट किया गया। जेल प्रशासन की ओर से भी जेल में लॉरेंस को रखने और उसकी सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जेल प्रशासन की माने तो ऐसे बदमाशों के लिए विशेष व्यवस्था की जाती हैं। उनका बैरक सामान्य बैरक से अलग रखा जाता हैं। यही नहीं जिस बैरक में लॉरेंस को रखा गया है। वहां सीसीटीवी लगा दिए गए हैं। जयपुर की जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने लॉरेंस को जी क्लब पर फायरिंग के मामले में जयपुर लेकर आई थी। लॉरेंस को बठिंडा जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच जयपुर लाया गया था। जयपुर में जयपुर कमिश्नरेट पुलिस,राजस्थान इंटेलीजेंस, एटीएस-एसओजी, दिल्ली से एनआईए सहित कई एजेंसियों ने एक साथ और अलग-अलग उससे पूछताछ की थी। 14 दिन के रिमांड के दौरान लॉरेंस से पुलिस को कई जानकारी मिली। जिसके आधार पर पुलिस ने उसकी गैंग के लोगों को पकड़ने के लिए कई जगह छापे मारे।

## 'जयपुर में 57 हजार को मिला बेरोजगारी भत्ता'

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान आज विधायक रामलाल शर्मा के बेरोगारी भत्ते से जुड़ा सवाल उठाया। इस पर कौशल, नियोजन एवं उद्यिमता राज्यमंत्री अशोक चांदना ने गुरूवार को विधानसभा में बताया कि मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना के तहत जयपुर जिले में 57 हजार से अधिक पात्र आवेदकों को अब तक बेरोजगारी भत्ते से लाभान्वित किया जा चुका है।

# वीरांगनाएं आँसू बहा रही हैं, सरकार कुंभकर्णी नींद में सो रही है : किरोड़ी

- वीरांगनाओं का धरना लगातार तीसरे दिन भी जारी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण
- पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा धरना स्थल पहुँचे

**जयपुर**। वीरांगनाओं के लिए न्याय की माँग को लेकर सांसद डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा का धरना लगातार तीसरे दिन शहीद स्मारक पर जारी रहा। डॉक्टर मीणा ने आक्रोशित होकर कहा कि वीरांगनाएँ और उनके बच्चे आँसू बहा रहे हैं, लेकिन सरकार कुंभकर्णी नींद में सो रही है।

डॉक्टर किरोड़ी लाल ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति ने हुतात्माओं की वीरांगनाओं के आंसू कभी धरती पर नहीं गिरने दिए पर ये कैसी अंधी और बहरी अशोक गहलोत सरकार है जिसके नाक तले राजधानी में 3 दिनों से असहाय वीरांगनाएं छोटे-छोटे बच्चों के साथ बैठी आंसू बहा रही हैं और सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। शहीद जीतराम गुर्जर की पत्नी सुन्दरी देवी, शहीद रोहिताश लाम्बा की पत्नी मंजू जाट, शहीद हेमराज मीना की पत्नी मधुबाला मीना धरने पर डॉक्टर मीणा के साथ है। पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा धरना स्थल पहुँचे।

राजपाल सिंह शेखावत ने धरना स्थल पर कहा की शहीदों की वीरांगनाओं को राजधानी जयपुर में शहीद स्मारक पर आकर सरकार व जनप्रतिनिधियों द्वारा किए वादों को पूरा करने के लिए धरना देना पड़ रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। वीरांगनाओं को न्याय दिलवाने के लिए धरना स्थल पर पहुंचकर उन्हें अपने समर्थन के लिए आश्वस्त किया। इस मौक़े पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा की सरकार का शहीद स्मारक पर बैठी वीरांगनाओं को संवेदनशीलता से नहीं सुनना दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार को न सिर्फ़ उनकी माँगो को गंभीरता से सुनना चाहिए, बल्कि शहीदों का सम्मान करते हुए, उनकी वीरांगनाओं के आँसू पोंछकर संबल प्रदान करने का प्रयास करना चाहिए।

## 'जुलूस निकालने पर पाबंदी नहीं'

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक गोपाल लाल शर्मा के प्रश्न के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री शान्ति कुमार धारीवाल ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र माण्डलगढ़ में जुलूस निकालने पर कोई पाबंदी नहीं है और जुलूस एवं मार्च निकालने के सभी आवेदनों को स्वीकृति दी गई है।

# 2023 के चुनावों में प्रदेश में भाजपा की तीन चौथाई बहुमत की सरकार बनेगी : डॉ. पूनियां

**जयपुर**। पूर्वोत्तर में भाजपा की शानदार एवं ऐतिहासिक जीत पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता जताई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह सहित केंद्रीय नेतृत्व का भाजपा राजस्थान ईकाई की तरफ से आभार-अभिनंदन व्यक्त किया।

डॉ. पूनियां ने कहा कि जिस पूर्वात्तर में सूर्य भगवान का उदय होता है वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रचंड कमल खिलना यह साफ संकेत है 2024 में एक और बड़ी ऐतिहासिक जीत के साथ नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व व जनकल्याणकारी नीतियों से 2023 में पूर्वात्तर में भाजपा की यह शानदार जीत विजय संकल्प का आगाज है, यह जीत का विजय रथ राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा को तीन-चौथाई बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज करेगा और 2024 में अब तक की सबसे बड़ी जीत होगी भाजपा की, यह उसकी शुरुआत है, मोदी और भाजपा के प्रति देशवासियों का अटूट विश्वास और अधिक मजबूत होता जा रहा है। इससे पहले डॉ. पूनियां ने प्रदेश कार्यालय में



पूर्वोत्तर में भाजपा की शानदार जीत पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ( बीच में ) को कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।

आगामी 4 मार्च को युवा आक्रोश महाप्रदर्शन की तैयारियों को लेकर भाजपा के मोर्चा प्रदेश अध्यक्षों के साथ बैठक कर चर्चा की। इस दौरान प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, भजनलाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र मीणा, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सादिक खान, प्रदेश मंत्री श्रवण बगड़ी इत्यादि उपस्थित रहे।


## तीये की बैठक



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे बहनोई **वैध श्री रामबल्लभ जी नाटाणी** पुत्र स्व. श्री बद्रीनारायण जी नाटाणी का देवलोकगमन दिनांक 1 मार्च 2023 को हो गया है सुसराल पक्ष की बैठक दिनांक 3 मार्च 2023 को सायं 4.15 से 4.45 जैन स्नातक भवन सेंट्रल बैंक के पीछे, एस ब्लॉक, महावीर नगर, टोंक रोड पर रहेगी। गोविन्दशरण, रामवतार, कृष्णावतार, कृष्णावतार, हनुमान, मूलचंद, विनोद कृष्ण कुमार, नंदकिशोर, रामकृष्ण, राजेश, राममनहोर, आयुष, दिव्य दुसाद एवम समस्त दुसाद परिवार चौमू वाले



हमारे पूज्यनीय **वैद्य रामबल्लभ जी नाटाणी** पुत्र स्व.श्री बद्रीनारायणजी का देवलोक गमन 1-3-2023 को हो गया। तीये की बैठक 3-3-2023 को सांय 4-5 बजे जैन स्नातक भवन, सेंट्रल बैंक, महावीर नगर टोंक रोड होगी।
**शोकाकुल :** गीता (धर्मपत्नी), गीतादेवी (भाभी), कृष्णबल्लभ, राजेंद्र, घनश्याम, नारायण, महेश (भाई), गौरव- सुनीता (पुत्र-पुत्रबधु), विकास, मनोज, सुनील, अनिल, अमित, पंकज, अरुण, आशीष, अनुराग, आदित्य, अभिनव (भतीजे), गर्वित (पोत्र), धनपत, राधा- राधाकृष्णजी (बहन- बहनोई), प्रीति- नितिनजी (पुत्री- दामाद), चिन्मय, पार्थ (दोहिते) समस्त नाटाणी परिवार। फ़र्म : गौरांग एंटरप्राइजेज, हरी स्टोर, सुमन एंटरप्राइजेज, हितेष इलेक्ट्रिकल्स, लक्ष्मी किराना, गुरुकृपा ज्वेलर्स, खण्डेलवाल ट्रेडिंग एजेंसी- 9314501745



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है मेरे पिताजी श्री मोहनलाल खत्री ( सोनेजा) पुत्र स्वर्गीय श्री खुशलदास खत्री (सोनेजा) स्वर्गवास 01/03/23 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक जनाना एवम मर्दाना शुक्रवार 03/03/23 को शाम 5 बजे खत्री धर्मशाला चोरडिया पेट्रोल पंप के पास सांगानेर रखी गई है।
**शोकाकुल :** भावेश ( पुत्र) रोनीक (पौत्र) एवं समस्त सोनेजा परिवार। मातेश्वरी प्रिन्ट मोबाईल 9828432685, 9828432686

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना दि. 03.03.2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्या श्रीमती संजू पाड़िया पत्नि श्री नवीन पाड़िया निवासी-फ्लेट नं. 602 बालाजी टॉवर-Ist विद्याधर नगर, सीकर रोड, जयपुर, राजस्थान के पति श्री नवीन पाडिया पुत्र श्री स्व. आनंद कुमार पाडिया पताः- बेसमेंट प्लॉट नं. बी- 123 रोड नं. 9-ए, वी. के.आई एरिया, सीकर रोड, जयपुर, राजस्थान (302013) द्वारा मेरी अभिभाष्या को लंबे समय से हैरान-परेशान कर रहे है जिस कारण मेरी अभिभाष्या ने अपने पति नवीन पाड़िया को अपने स्वामित्व की संपत्ति फ्लेट नं. 602 बालाजी टॉवर-Ist विद्याधर नगर, सीकर रोड, जयपुर, राजस्थान से बेदखल कर दिया है अब श्री नवीन पाड़िया का मेरी अभिभाष्या की उक्त अचल संपत्ति से कोई लेना-देना शेष नहीं है। कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि द्वारा मेरी अभिभाष्या के पति नवीन पाडिया से कोई सव्यवहार किया जाता है तो उससे मेरी अभिभाष्या का कोई लेना- देना नहीं होगा। सूचित रहे। भवदीया
भावना साधनानी एडवोकेट, मो. 8239333387

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य अनिल शर्मा पुत्र ओमदत्त शर्मा निवासी 10-11, द्वारिकापुरी, जमनालाल बजाज मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर का पुत्र अमन दत्ता व पुत्रवधु उनके कहे में नहीं है तथा स्वयं की मनमर्जी से चलते है तथा खानदान की इज्जत के विरुद्ध कार्य कर रहे है तथा मेरे अभिभाष्य के साथ आये दिन लड़ाई झगड़ा करते हैं। अतः मेरा अभिभाष्य अब अपने पुत्र व पुत्रवधु से स्वयं के सम्बन्ध समाप्त करता है तथा मेरा अभिभाष्य उनको अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हैं। अगर कोई व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि मेरे अभिभाष्य के पुत्र अमन दत्ता व उसकी पत्नी से किसी भी प्रकार का संव्यवहार करते हैं तो उसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। सो सूचित रहे।
दिनांक (मोहन चौधरी), अधिवक्ता मो. 9829298437

PUBLIC NOTICE
To all General Public it is hereby informed by my cleint Prakash Chand Jain S/o Late Ganesh Das Jain R/o 439, Bees Dukan, Adarsh Nagar, Jaipur, that my client's Son Sandeep Jain and Daughter-in-law Nidhi Jain R/o House No. 7-Dh-315, Jawaharnagar, Jaipur regularly misbehave, quarreling, assault with my client since very long time, that's why my client have broken all relation with them and my client have no relation and concern with Sandeep Jain and Nidhi Jain and their Children, and my client have expel them from his all moveable and immoveable property. So If any person/institution has any kind of transaction, relation with Sandeep Jain and Nidhi Jain and their Children, then my client will not be responsible for the same, So everyone stay informed. (RAHIM BHATI)
JAIPUR Advocate Raj. High Court
DATE Mob.-7791037118

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:16362 जाहिर आम-सूचना दिनांक:01.03.2023
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लेट संख्या 68/7 (MIG-B), का आवंटन श्री सतनाम दास अरोड़ा पुत्र श्री मालीराम अरोड़ा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 825 दिनांक 30.06.1997 को जारी किया गया था। जिसका नियमितिकरण पत्र क्रमांक 2439 दिनांक 29.03.2005 के द्वारा श्री प्रहलाद श्रीमाल पुत्र स्व. श्री देवीलाल श्रीमाल के पक्ष में किया गया। श्री प्रहलाद श्रीमाल पुत्र स्व. श्री देवीलाल श्रीमाल के पक्ष में उक्त आवास/ फ्लैट के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 31.03.2005 को उप-पंजीयक, सांगानेर, जयपुर में पंजीकृत करवाये गये। श्री प्रहलाद श्रीमाल द्वारा उक्त आवास को श्री सुनील शर्मा पुत्र श्री ओम प्रकाश शर्मा को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 24.10.2005 को उप पंजीयक सांगानेर प्रथम जयपुर, में पंजीकृत करवाया गया। श्री सुनील शर्मा की मृत्यु दिनांक 18.12.2017 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती मधुरिमा शर्मा पत्नी स्व. श्री सुनील शर्मा द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त पंजीकरण का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती मधुरिमा शर्मा पत्नी स्व. श्री सुनील शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय,
सम्पदा प्रबन्धक, राज. आवा. मण्डल, वृत-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

आम सूचना दि. 01.03.2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण कालूराम, भंवरलाल, सीताराम पुत्रान् स्व. श्री बन्ना व श्रीनारायण, रामचन्द्र पुत्रान् हीरा समस्त जाति- गुर्जर निवासी- ग्राम सांझरिया, तहसील सांगानेर जिला जयपुर के खातेदारी की कृषि भूमि खसरा नम्बर 802 रकबा 2.3100 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 803/ 1186 रकबा 0.0700 हैक्टेयर एवं खसरा नम्बर 804/ 1187 रकबा 0.0900 हैक्टेयर कुल किता 3 कुल रकबा 2.4700 हैक्टेयर भूमि स्थित ग्राम सांझरिया तहसील सांगानेर जिला जयपुर का सुरेश चौधरी पुत्र श्री रामगोपाल चौधरी निवासी ग्राम सांझरिया तहसील सांगानेर जिला जयपुर से इकरारनामा दिनांक 20.04.2022 को किया गया था सुरेश चौधरी के द्वारा मेरे अभिभाष्यगण को समय पर भुगतान नही किया गया है मेरे अभिभाष्यगण व सुरेश चौधरी के मध्य सम्पादित इकरारनामा दिनांक 20.04.2022 को मेरे अभिभाष्यगण द्वारा जरिये रजिस्टर्ड कानूनी नोटिस दिनांक 25.01.23 व वाटसएप दिनांक 28.01.23 के द्वारा सूचना सुरेश चौधरी को प्रेषित कर उक्त इकरारनामा दिनांक 20.04.2022 को निरस्त किया जा चुका है एवं इकरारनामा के अनुसार प्राप्त की गई सम्पूर्ण राशि वापस लोटा दी गई है। उक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति सुरेश चौधरी से किसी भी प्रकार का संव्यवहार अथवा खरीद फरोक्त नही करे। इस सूचना के बावजूद भी किसी व्यक्ति ने सुरेश चौधरी से उक्त भूमि के संबंध में कोई संव्यवहार किया तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं उसकी होगी मेरे अभिभाष्यगण की नही होगी। भवदीय
(दीपेन्द्र कुमावत) एडवोकेट, मो. 8949624358

## खोया-पाया

मैं सपना यादव, प्लाट नं. ए-21, कृष्णा सिटी जयपुर, निजी खातेदारी। सम्पूर्ण दस्तावेज जेडीए पट्टा सहित कहीं गिर गया है जिस किसी को मिले सूचित करें- 9314031321

अलकार प्लाजा विद्याधर नगर स्थित मेरी दुकान एफ-34-ए, की रजिस्ट्री के कागज कहीं गुम हो गए जिसे भी मिले मेरे मोबाइल पर संपर्क करें- 9314510768

मेरे मकान नं. 94-ए, हनुमन्त विहार-।।, मांग्यावास, मानसरोवर का कविता कोलोनाईजर का सोसायटी पट्टा, खाली स्टाम्प पेपर कहीं खो गये है मिलने पर संपर्क करें। रामस्वरूप जाट-9828513646

मेरे आवास 65/125, हीरा पथ, मानसरोवर के मूल दस्तावेज अलाटमेंट लैटर, पजेशन लैटर वसीयतनामा, मुख्यारनामा, पॉवर ऑफ आटोरनी इत्यादि कहीं खो गये है जो कि राजू गुप्ता पुत्र शिर शिव शंकर गुप्ता के नाम से है कृपया मिलने पर सूचित करें-6375834095

## NAME CHANGE

I Soniya Rupesh Chandwani W/o Rupesh Kumar R/o Flat no. 803, Plot A-3,4,4 Apollo Heights, Shastri nagar Jaipur. That I have changed my name From Soniya Rupesh Chandwani To Neelam Asnani behalf my aadhar card. In future call me Neelam Asnani for all Purposes.

I Laxmi D/o Avtar Singh and W/o Bohad Singh, R/o Village-Mohanpura, Gangangar, Sriganganagar, Rajasthan-335001, have changed my name to Jassneez Kour

मेरे पेंशन दस्तावेजों में त्रुटिवश मेरी पत्नी का नाम कमलेश कुमारी अंकित हो गया है जबकि आधारकार्ड, पेनकार्ड में मेरी पत्नी का नाम कमलेश जोन नोबल है। अतः भविष्य में मेरी पत्नी को कमलेश जोन नोबल नाम से जाना जाए। पता-22, मिशन कंपाउन्ड, हथरोई, अजमेर रोड, जयपुर, राजस्थान

आठवीं की मार्कशीट में मेरा नाम राजेन्द्र प्रसाद शर्मा गलत दर्ज हो गया। सही नाम राजेन्द्र कुमार शर्मा है सूचित रहे राजेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र कैलाश चन्द शर्मा निवासी शिव मंदिर के पास, झाझरवाला, सेथल, दौसा, राजस्थान

मैंने अपना नाम शादी पश्चात चौधरी अर्चना देवी से बदलकर अर्चना गोयल पत्नी संजय कुमार गोयल निवासी फ्लैट नंबर 606 अरिहंत श्री कृष्ण रेजिडेंसी देहर के बालाजी के मंदिर के सामने विद्याधर नगर जयपुर रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। मो. 92140444442, 9351534211

मैंने मेरा नाम सुनीता अग्रवाल से बदलकर सुनीता गुप्ता कर लिया है। भविष्य में मुझे सुनीता गुप्ता के नाम से जाना जावें। सुनीता गुप्ता, एस-23 राज आंगन, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर।

मेरे आर्मी रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम सजना बेगम (Sajna Begom) एवं मेरे पुत्र का नाम मोहम्मद इकवाल हुसैन (MD Iqbal Hussain) गलत दर्ज है। मेरे पत्नी का सही नाम सजना बेगम (Sajna Begum) एवं पुत्र का सही नाम इकवाल हुसैन अहमद (Iqbal Hussain Ahmed) JC No. 343018H SUB एम.डी.इस्लामुद्दीन अहमद पुत्र स्व. मौहम्मद अर्जोमोंदाली, निवासी ग्राम चन्दखानी, पोस्ट कदमतला, तहसील आर.के. नगर, चन्दखानी करीगंज, असम-788166

मेरे आर्मी रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम पूनम (Poonam) गलत दर्ज है। मेरे पत्नी का सही नाम पूनम धिमान (Poonam Dhiman) है। JC no. 339414F Sub समीर धिमान, निवासी मकान नम्बर 289, कल्याण नगर, जगाधरी, यमुना नगर, हरियाणा-135003

# दिनदहाड़े बदमाशों ने बैंक कैशियर से 16 लाख रुपये लूटे

## बदमाश कार में सवार होकर आए और वारदात के बाद भाग निकले

- बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस ने प्रदेशभर में नाकाबंदी करवाई, फिलहाल बदमाशों का कहीं पता नहीं चल पाया है
- भोपालपुरा निवासी धूनाराम भील बदनोर स्थित राजस्थान बडौदा ग्रामीण क्षेत्रीय बैंक में कैशियर के पद पर कार्यरत है

**भीलवाड़ा, (निसं)।** ज़िले के बदनोर थाना क्षेत्र में दिनदहाडे बदमाशों ने बाइक से बैंक जा रहे केशियर से 16 लाख रुपए की नगदी रखा बैग लूट लिया। बदमाश कार में सवार होकर आए और वारदात को अंजाम देने के बाद भाग निकले। बदमाशों को पकडने के लिए पुलिस ने नाकाबंदी करवाई लेकिन फिलहाल बदमाशों का कहीं पता नहीं चल पाया है।

बदनोर थाना पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के भोपालपुरा निवासी धूनाराम भील बदनोर स्थित राजस्थान बडौदा ग्रामीण क्षेत्रीय बैंक कैशियर के पद पर कार्यरत है। धूलाराम गुरुवार को बदनोर शाखा से रवाना होकर आसींद शाखा पहुंचा, जहां से उसने बदनोर शाखा के लिए 16 लाख रुपए का केश प्राप्त किया। इसके बाद धूनाराम कैश लेकर आसींद से बदनोर के लिए रवाना हो गया। कैशियर धूनाराम बदनोर क्षेत्र में नाहर मगरा इलाके में पहुंचा था कि आसींद की ओर से एक कार आई जिसमें 2 लोग सवार थे। इन बदमाशों ने कैशियर धूनाराम से 16 लाख रुपए रखा बैग लूट लिया और भीम ब्यावर की ओर भाग निकले। वारदात दोपहर करीब 1 बजे हुई।

बदनोर पुलिस का कहना है कि 1:30 बजे पुलिस को वारदात की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वारदात स्थल का जायजा लेते हुए लूट का शिकार कैशियर से वारदात की जानकारी ली और भीलवाडा जिले के साथ ही प्रदेशभर में बदमाशों को पकड़ने के लिए नाकाबंदी की। फिलहाल इन बदमाशों का कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है। पुलिस बदमाशों की तलाश जारी रखे हुए।

# एटीएम बदल 2.20 लाख रूपये निकाले

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ के वार्ड 23 निवासी एक व्यक्ति के बैंलेस चेक करते समय अज्ञात आरोपी द्वारा एटीएम बदलकर 2 लाख 20 हजार 197 रूपये निकाल लिये। वहीं घटना के बाद पीडित ने राजगढ थाने में रिपोर्ट देकर कार्यवाही की मांग की है।

पीडित ईब्राहिम खान ने बताया कि उसका बैंक ऑफ बडौदा में खाता है, जिसका एटीएम जारी करवा रखा है। 27 फरवरी को वह राजगढ के पिलानी मोड पर बडौदा बैंक के सामने लगे एटीएम बैंलेस चैक कर रहा था, उसी दौरान जैसे ही वह अपने बैंलेस की पर्ची चेक करने लगा तो वहां खडे एक 25-26 वर्षीय युवक ने अचानक ही धोखे से उसका एटीएम बदल लिया, तथा भवानी सिंह नाम का एटीएम वहां छोड दिया। जिस पर वह बदले गये एटीएम कार्ड को जेब में डालकर अपने घर आ गया। लेकिन उसे मोबाईल पर मैसेज आने पर पता चला कि 27 फरवरी को 2 बजकर 1 मिनट पर 99 हजार 999 रूपये निकाल लिये, फिर 2 बजकर 2 मिनट पर फिर 99 हजार 999 रूपये निकाल लिये और 28 फरवरी को सुबह 7 बजकर 33 मिनट पर 19 हजार 999 रूपये निकाल लिये। समाचार लिखे जाने तक राजगढ थाने में मामला दर्ज नहीं हुआ है।

# के.सी.सी. माफ करवाने के नाम पर धोखाधड़ी

- चैक बुक से निकाले दो लाख रुपए, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की शुरू

**हनुमानगढ़, (निसं)।** भिरानी थाना इलाके में केसीसी माफ करवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर खाते से 2 लाख 12 हजार रुपए निकालने का मामला सामने आया है। इस मामले में भिरानी थाने में बैंक मैनेजर, कैशियर और अन्य पर मुकदमा दर्ज करवाया गया है। भिरानी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले की जांच खुद सीआई कविता पुनिया कर रही हैं।

भिरानी सीआई कविता पुनिया ने बताया कि सुल्तान सिंह (41) पुत्र रामकुमार जाट निवासी उदराण ने थाने में आकर रिपोर्ट दी कि उसके नाम से बैंक भादरा में केसीसी खाता हैं और उस खाते की पासबुक और चेकबुक उसके छोटे भाई कुलदीप सिंह के पास रहती थी। उसके भाई कुलदीप सिंह के पास कृष्ण पुत्र खूबराम जाट का आना जाना था और 10 अक्टूबर 2022 को आईसीआई बैंक भादरा में नो ड्यूज लेने के लिए गया तो बैंक मैनेजर ने उसे बताया कि उसके रुपए बकाया हैं तो उसने कहा कि उसने तो रुपए निकलवाए ही नहीं हैं। बैंक मैनेजर ने उसे बताया कि 26 जुलाई 2022 को उसके बैंक खाते से चैक के माध्यम से 2 लाख 12 हजार रुपए आईसीआईसीआई बैंक आदमपुर से निकाले गए थे। उसके बाद उसने भाई से बैंक पासबुक और चैकबुक के बारे में पूछा तो उसने बताया कि कृष्ण पूनिया केसीसी माफ करवाने का कह कर पासबुक और चैकबुक ले गया है।

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि कृष्ण और जयपाल ने उसके खाते से रुपए निकाल लिए और इस फर्जी काम में बैंक आदमपुर के मैनेजर और कैसियर भी साथ में मिले हुए हैं। आरोप है कि बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से कृष्ण और जयपाल दोनों ने फर्जी हस्ताक्षर किए चेक का भुगतान करवा लिया। इस मामले में पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर भिरानी पुलिस ने धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रेप केस में मकराना के पूर्व विधायक भंवरलाल को हाईकोर्ट ने राहत दी

## हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद पुरोहित की जमानत मंजूर की व सजा को सस्पेंड किया

- पूर्व विधायक राजपुरोहित को 20 साल पुराने रेप मामले में 10 साल की सजा सुनाई गई थी। साथ ही इन पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था

**जोधपुर, (कासं)।** मकराना के पूर्व विधायक भंवरलाल राजपुरोहित को हाईकोर्ट से आज बड़ी राहत मिली है। मकराना से बीजेपी के पूर्व विधायक भंवरलाल राजपुरोहित को 20 साल पुराने रेप मामले में 10 साल की सजा सुनाई गई थी। साथ ही इन पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था। मकराना एडीजे कोर्ट के इस आदेश पर भवरलाल हाईकोर्ट पहुंचे। जहां हाईकोर्ट जस्टिस फऱजंद अली ने मामले की सुनवाई के बाद भंवर लाल राज पुरोहित की जमानत मंजूर की व सजा को सस्पेंड किया गया।

अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते वकील कोर्ट में पेश नहीं हुए। इस पर भंवर लाल राजपुरोहित की ओर से उनके पौत्र दीपेंद्र सिंह राजपुरोहित और पौत्री दामाद मधुसूदन सिंह राजपुरोहित ने पैरवी की। दोनों ने हाईकोर्ट में तर्क देते हुए कहा कि पीड़िता ने 7 महीने बाद मामला दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में इस मामले में पुलिस के उच्च अधिकारियों ने जांच की थी। उसमें पुलिस ने एफआर लगाई थी। उन्होंने इस पूरे मामले को राजनीति से प्रेरित बताया।

सुनवाई के दौरान पीड़िता व उसकी मां भी मौजूद थी। दोनों ओर से तर्क सुनने के बाद जस्टिस फऱजंद अली ने फैसला सुनाया। जमानत मिलने के बाद भंवरलाल राजपुरोहित के पुत्र और पूर्व प्रधान हिम्मत सिंह राजपुरोहित ने कहा कि यह पूरा मामला राजनीति से प्रेरित था और हमने हमेशा न्यायपालिका के फैसले का सम्मान किया है। हमें पूरा विश्वास था कि आखिर में सत्य की जीत होगी और आज हमें न्याय मिला है, वहीं उन्होंने कहा कि हमारे परिवार के राजनीतिक संघर्ष को धूमिल करने के लिए यह साजिश रची गई थी।

**मामला 2002 का है :-** जानकारी के अनुसार मामला वर्ष 2002 का है। उस समय एक महिला ने भंवरलाल राजपुरोहित के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया था। विधायक भंवर लाल राजपुरोहित को रेप के 20 साल पुराने मामले में मकराना एडीजे कोर्ट ने दस साल की सजा सुनाई। साथ ही उन पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। यह राशि पीड़िता को दी जानी थी। इस दौरान 86 वर्ष के पूर्व विधायक भी व्हीलचेयर पर कोर्ट में मौजूद थे। मकराना एडीजे कोर्ट के फैसला सुनाने के बाद पुलिस ने पूर्व विधायक को गिरफ्तार कर लिया था और मेडिकल करवाने के बाद परबतसर जेल में भेजा गया। 1 मई 2002 को बलात्कार का केस दर्ज करवाया गया था।

पुलिस मामला दर्ज नहीं कर रही थी, इस पर कोर्ट में इस्तगासा के जरिए मामला दर्ज करवाया गया था। वारदात के वक्त पूर्व विधायक की उम्र 66 साल और महिला की उम 22 वर्ष थी। अब भंवरलाल 86 साल के हो चुके हैं, जबकि पीड़िता की उम्र 43 साल हो चुकी है। रिपोर्ट में महिला ने बताया कि 29 अप्रैल 2002 को वह दोपहर करीब 3 बजे भंवर लाल के कुंए पर गई थी। वहां भवरलाल ने उसे कमरें में बुलाया और उसके साथ रेप किया। उस समय भंवर लाल की पत्नी घर पर नहीं थी।

# बालिका अंजू कुमारी रावत को लगेंगे कृत्रिम हाथ

**भीलवाड़ा, (निसं)।** बिजली के झटकों से वर्ष 2010 में अपने दोनों हाथ गवां चुकी बालिका अंजू कुमारी रावत को जिला कलेक्टर आशीष मोदी की प्रेरणा और प्रयासों की बदौलत नया जीवन मिलने वाला है। इनाली फाउन्डेशन, पुणे द्वारा एक नये इलेक्ट्रॉनिक हाथ का निर्माण किया जा रहा है जिसके लगने के पश्चात अंजु अपने दैनिक दिनचर्या के सभी कार्य स्वयं करने में सक्षम हो जाएगी।

- जिला कलेक्टर आशीष मोदी की प्रेरणा से नया जीवन मिलेगा

जिला समाज कल्याण अधिकारी गौरव सारस्वत ने अवगत करवाया है कि 24 फरवरी 2023 को अंजु द्वारा इनाली फाउंडेशन में प्रथम चरण की जांच की गई। अगले 2 चरणों के पश्चात् रावत अपने सभी कार्य स्वयं करने लगेगी। इस प्रकार का हाथ लगने वाली अंजु पहली बालिका होगी। इसके पूर्व कोहनी से नीचे कटे हाथों पर कृत्रिम इलेक्ट्रॉनिक हाथ इनाली फाउंडेशन द्वारा लगाया जा रहा था। परन्तु कंधे से कटे हाथों पर प्रत्यारोपण का यह प्रथम अवसर होगा।



बालिका अंजु रावत

# चार बदमाशों ने आगरा से व्यापारी का अपहरण किया



धौलपुर की यातायात पुलिस ने व्यापारी का अपहरण कर भाग रहे बदमाशों को दबोचा।

- धौलपुर की यातायात पुलिस ने चारों बदमाशों को दबोचा

**धौलपुर, (निसं)।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले से कुछ बदमाशों ने एक व्यापारी का अपहरण कर लिया और इसके बाद व्यापारी को कार से धौलपुर होते हुए मध्यप्रदेश की तरफ भागने लगे। जिन्हें यातायात पुलिस धौलपुर की तत्परता से धौलपुर में दबोच लिया। जिन्हें बदमाशों का पीछा कर रही यूपी की एसओजी को सौंप दिया।

यातायात पुलिस धौलपुर के प्रभारी मंगतूराम ने बताया कि आगरा के सिकंदरा थाना क्षेत्र से एक व्यापारी कुमेंद्र बघेल का कार सवार 4 बदमाशों ने गुरुवार को अपहरण कर लिया। इसके बाद बदमाशों की धौलपुर होते हुए मध्य प्रदेश की ओर जाने की सूचना मिली। जिनका पीछा यूपी की एसओजी और सैंया थाना पुलिस कर रही थी। यूपी पुलिस से सिर्फ इतनी सूचना मिली थी कि सफेद रंग की कीया गाड़ी में बदमाश एक व्यापारी का अपहरण कर ले जा रहे हैं। इस सूचना पर धौलपुर शहर में हाईवे पर वाटर वर्क्स चौराहे पर ट्रक लगाकर नाकाबंदी शुरू कर दी। इसी दौरान आगरा की ओर से आती एक सफेद रंग की कीया कार को ट्रैफिक पुलिस ने चैक किया तो उसमें 4 युवक मिले। पूछताछ में व्यापारी ना मिलने पर पुलिस ने उन्हें रोक लिया। जिसके बाद यूपी पुलिस मौके पर पहुंच गई।

जहां कार सवार बदमाशों ने बताया कि वह पुलिस के दबाव को देखकर व्यापारी को बीच रास्ते में ही छोड़ कर वापस ग्वालियर लौट रहे थे। जहां ट्रैफिक पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। चारों अपहरणकर्ता कैलारस मुरैना मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। पूछताछ में पता चला कि चारों आपस में सगे रिश्तेदार हैं। यातायात पुलिस के प्रभारी मंगतू राम ने बताया कि बदमाश रामेश्वर, राजेश, महेश और रवि हैं। यह कार्रवाई यातायात पुलिस के प्रभारी मंगतू राम, एएसआई अशोक राजावत, कॉन्स्टेबल भारत और दीनदयाल शर्मा ने की।

# घायल कांस्टेबल जितेन्द्र से मिले एम.डी. चोपदार

- बावरिया गैंग को पकडते समय गोली लगने से घायल हो गया था कांस्टेबल
- माला पहनाकर कहा कि राज्य स्तर पर सम्मान देने के प्रयास किये जाएंगे

**झुंझुनूं, (निसं)।** राजस्थान मदरसा बोर्ड चैयरमेन एम डी चोपदार गुरूवार को अपने पिता डॉ. सलाऊदीन चोपदार की जयंती पर राजकीय बीडीके अस्पताल में रोगियों को फलों के पैकेट का वितरण करने पहुंचे थे। इस दौरान बावरिया गैंग को पकड़ते समय अपनी बहादुरी का लौहा मनवाने वाले कांस्टेबल जितेंद्र से ट्रॉमा वार्ड में मिलने पहुंचे, जहां उन्होंने जितेंद्र का माला पहनाकर बहादुरी की दाद दी। उल्लेखनीय है कि बावरियां गैंग को पकडते समय जितेंद्र ने उनका मुकाबला किया, गैंग के अर्जुन ने दो फायर किये जिसमें से एक गोली जितेंद्र के लगी थी। चोपदार ने परिजनों से कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर इनकी बहादुरी के लिए इनको राज्य स्तर पर सम्मान देने के प्रयास किये जाएंगे।

# महाराष्ट्र की कंपनी ने बायोडीजल पम्प लगाने के नाम पर छह लाख रुपये ठगे

- पीड़ित को मुकदमे में फंसाने की धमकी, 15 लाख की और मांग

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के एम्स रोड रतन नगर में रहने वाले एक व्यक्ति से महाराष्ट्र की एक कंपनी ने बायोडीजल पंप लगाने के नाम पर छह लाख की ठगी कर ली। पीड़ित को पंप लगाकर नहीं दिया और झूठे मुकदमे फंसाने की धमकी देकर 15 लाख की डिमाण्ड कर ली। पीड़ित ने अदालत की शरण लेकर अब पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है। घटना में चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि इस बाबत एम्स रोड रतन नगर स्थित रिद्धि विनायक निवासी मुकेश खंडेलवाल की तरफ से केस दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि उसका संपर्क वर्ष 2016 में महाराष्ट्र मुंबई के एक बायोडीजल कंपनी माईऑन इको एनर्जी के डायरेक्टर सचिन लबड़े से हुआ था। साथ ही कंपनी में काम करने वाले संतोष वर्मा एवं जयंत जगन्नाथ से बात हुई। इन लोगों ने बायोडीजल के प्लान के बारे में बताते हुए कहा कि इसके लिए पहले तीन हजार रूपए जमा करवाने होंगे। इसके बाद प्रोसेस शुरू कर दिया जाएगा। इस पर पीड़ित ने झांसे में आकर उनके बताए अनुसार खातें में 2 दिसम्बर 16 को तीन हजार रूपए खाते में डलवाए। बाद में इन लोगों ने बताया कि एक लाख और देने होंगे। इस पर अगले दिन एक लाख रूपए खाते में आरजीटीएस के माध्यम से भेजे गए। रकम का आदान प्रदान पूर्ण रूप से मौखिक तौर पर किया गया। किसी प्रकार की लिखा पढ़ी नहीं की गई। इसके बाद उन लोगों ने 5 लाख रूपयों की डिमाण्ड रखी तब 16 मई 2017 को पांच लाख रूपए जमा करवाए गए।

कंपनी शर्तों आदि के बारे में मौखिक जानकारी ही देते रहे। बाद में एक दिन कंपनी का एक प्रतिनिधि महेंद्र नाम का शख्स आकर मिला और कहा कि बायोडीजल लगवाना है तो 15 लाख और देने होंगे। अन्यथा कंपनी झूठे मुकदमे में फंसा देगी। कंपनी वालों की पुलिस में काफी जानपहचान है। चौपासनी हाउसिंब बोर्ड पुलिस ने बताया कि अदालत से मिले इस्तगासे पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है।

# युवक का शव कुएं में मिला

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** बांदरसिंदरी थाना अंतर्गत गांव हरमाड़ा में घर से लापता युवक का शव कुएं में मिला। बांदरसिंदरी थाना पुलिस के अनुसार हरमाड़ा निवासी दिनेश खोरवाल पिछले चार दिन से लापता था।

सरपंच प्रतिनिधि चेतन चोटिया ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# विद्यालय को 50 हजार रूपए दिए

- प्रधानाचार्य ने बेटे के जन्मदिन पर राशि दी

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले में चलाए जा रहे हमारा विद्यालय श्रेष्ठ विद्यालय अभियान के तहत भामाशाहों का सहयोग दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। इन दिनों रोज इस योजना मे विद्यालयों से राशि प्राप्त हो रही हैं। ज्ञान संकल्प पोर्टल व हमारा विद्यालय श्रेष्ठ विद्यालय अभियान के प्रभारी एपीसी कमलेश तेतरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राउमावि पीपली, सूरजगढ की प्रधानाचार्या शर्मिला कादयान व सरपंच प्रतीक चौधरी ने दो लाख पंद्रह हजार रूपए का चैक व सिरियासर कलां के व्याख्याता विजय कुमार व वरिष्ठ अध्यापक चंदगीराम ने एक लाख रुपए का चैक, देरवाला की प्रधानाचार्य रुचिरा, उप प्रधानाचार्य सुलोचना डूडी ने चालीस हजार का चैक विद्यालयों में कक्ष निर्माण, मरम्मत, रंग रोगन, फर्नीचर, इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय के लिए सीडीईओ अनुसुईया व एडीपीसी कमला कालेर को सुपुर्द किए। इस दौरान प्रभारी एपीसी कमलेश कुमार तेतरवाल, कार्यक्रम अधिकारी मनोज मूंड, डॉ. नवीन ढाका, बबितासिंह, मनोज झाझडिया, रामचंद्र यादव, एसीबीईओ अनिता चौधरी, लेखाधिकारी लखवीर सिंह, प्रभुदयाल दतुसलिया आदि मौजूद रहे।

# पानी की मांग को लेकर किसानों ने जाम लगाया

- किसानों द्वारा गंगनहर में 2500 क्यूसैक पानी की मांग
- संगठित होने पर ही मिलेगा पूरा पानी, इसके बिना नहीं पक सकेंगी फसलें

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** किसानों ने गंगनहर में 2500 क्यूसैक पानी की मांग के संबंध में गुरुवार को राजस्थान-पंजाब स्टेट हाइवे जाम कर दिया। किसानों ने कुछ दिन पहले कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के दौरान जिला कलेक्टर के उनकी बात नहीं सुनने पर राजस्थान पंजाब स्टेट हाइवे जाम करने की चेतावनी दी थी। घोषित कार्यक्रम के अनुसार किसान सुबह ग्यारह बजे राजस्थान-पंजाब स्टेट हाइवे पर जुटने लगे थे। इसके बाद शुरू हुई सभा में किसानों ने कहा कि उनकी मांग गंगनहर में पूरा पानी देने की है। जब तक इस पर कार्रवाई नहीं होती, किसान विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। किसानों के चक्का जाम के चलते पंजाब से राजस्थान के बीच आवागमन करने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

किसान नेता श्योपतराम मेघवाल ने कहा कि भले ही हम किसी भी राजनीतिक विचारधारा से जुड़े हों लेकिन अंतिम तौर पर हम किसान हैं और हमें संगठित होकर इस मामले पर संघर्ष करना पड़ेगा तब ही हम पूरा पानी ले सकेंगे। उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करने गए किसानों से जिला कलेक्टर के व्यवहार की भी निंदा की। किसान नेता संतवीरसिंह मोहनपुरा का कहना था कि यदि हम एक होकर इस स्टेट हाइवे पर बैठे रहे तो यकीन मानिए हमें पूरा पानी मिलकर रहेगा। किसान जब कभी संगठित हुआ है वह अपनी मांगे मनवाकर ही रहा है। किसान नेता रणजीतसिंह राजू ने कहा कि किसान को एक होकर अपने हक की लड़ाई लड़नी होगी। तब ही हम अपना हक ले सकेंगे।

इस मौके पर पूर्व विधायक हेतराम बेनीवाल, किसान नेता पृथीपालसिंह संधू, गुरबलपालसिंह, श्रीगंगानगर जिला सब्जी उत्पादक संघ के जिलाध्यक्ष अमरसिंह सहित कई किसान मौजूद थे। दोपहर में किसानों के प्रतिनिधिमंडल को जिला प्रशासन ने वार्ता के लिए बुलाया। दोपहर तक वार्ता जारी थी। चक्का जाम को देखते हुए ट्रैफिक को अन्य रास्तों के जरिए पंजाब की ओर रवाना किया गया। वहीं पंजाब की ओर से आने वाले वाहनों को भी अन्य रास्तों से श्रीगंगानगर में प्रवेश करवाया गया। इस दौरान किसान नेताओं की कई बार वाहन चालकों से तनातनी भी हुई।

# बंधक बनाकर मारपीट का आरोप

- इस संबन्ध में पुलिस थाना राजगढ में मामला दर्ज नहीं हुआ

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ थानान्तर्गत गांव धानोठी बडी निवासी एक व्यक्ति ने गांव ख्याली निवासी एक आरोपी के खिलाफ बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट कर जातिसूचक गालियां दी एवं मारपीट के दौरान उसकी जेब रखे 25 हजार गिर जाने के आरोप की रिपोर्ट राजगढ थाना पुलिस को सौंपी गई है। हांलाकि अभी तक इस संबन्ध में पुलिस थाना राजगढ में मामला दर्ज नहीं हुआ है। प्रकरण अनुसार धानोठी बडी निवासी सीताराम पुत्र धर्माराम ने आरोप लगाया है कि उसने 20 फरवरी को अपना रेवड ख्याली निवासी नरेश गढवाल को बेचा था, लेकिन बेचे गये रेवड के साथ भूल से उसका एक मीण्डा चला गया गया था, जिसको लाने के लिए वह 27 फरवरी को ख्याली गांव में गया था। आरोप है कि उसी दौरान जैसे ही अपना मीण्डा लाने के लिए गया तो ख्याली गाँव निवासी नरेश गढवाल ने उसे बंधक बना लिया और उसके साथ बेरहमी से मारपीट की तथा मारपीट के दौरान उसके 25 हजार रूपये गिर गये। प्रकरण का अनुसंधान एएसआई विजय सिंह द्वारा किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक इस संबन्ध में मामला दर्ज नहीं हुआ है।

# अलसीगढ़ बांध का पानी पीछोला झील में छोड़ा, तीन दिन में दो फीट आएगा पानी

## सीसारमा एक फीट चली, पीछोला में रात तक पहुंचा पानी

**उदयपुर, (कासं)।** झीलों की नगरी में गर्मी के मौसम में शहर की प्रमुख पिछोला झील में घटते जल स्तर को देखते हुए अलसीगढ बांध से गुरुवार को झील में पानी छोडा गया। यह पानी सीसारमा नदी होते हुए रात तक पीछोला झील में पहुंचा। अलसीगढ़ बांध के गेट खोले जाने से सीसारमा नदी एक फीट चल रही है।

सिंचाई विभाग सहायक अभियंता (गिर्वा) निर्मल मेघवाल ने बताया कि पिछोला झील में जल स्तर बना रहे और पानी की कमी नहीं हो इस उद्देश्य के लिये निर्णय लिया गया। जिला प्रशासन के निर्णयानुसार पिछोला झील में जलस्तर को बढाने के लिए अलसीगढ बांध से पानी दोपहर 12.30 बजे छोडा गया। इसके लिए अलसीगढ बांध के गेट खोले गए। इस दौरान अधीक्षण अभियंता अनिल थालोरे, सहायक अभियंता निर्मल मेघवाल और कनिष्ठ अभियंता दीपिका नागदा मौजूद रहे।



देवास स्टेज प्रथम का पानी अलसीगढ़ डेम से पीछोला झील में छोड़ा गया।

गौरतलब है कि शहर में पानी सप्लाई के लिए इस झील से 26 लाख लीटर पानी प्रतिदिन लिफ्ट किया जाता है। ऐसे में अगस्त तक सप्लाई की जा सकेगी। जल संसाधन विभाग की माने तो मार्च के पहले सप्ताह और होली से पहले हर साल अलसीगढ से पानी लाते है। इससे गर्मियों में शहरी जलापूर्ति में परेशानी न हो। विशेषज्ञों का दावा है कि अभी नदी में पानी है ऐसे में जमीन पानी नहीं सोखेगी और छीजत कम होगी। 34 मिलियन क्यूब फीट एमसीएफटी यानी 96.27 करोड लीटर पानी लाया जाएगा। इससे पिछोला का जलस्तर करीब दो फीट बढ़ कर नौ फीट हो जाएगा। विभाग के अनुसार इसमें दो से तीन दिन लग सकते हैं क्योंकि अभी 11 फीट जलस्तर क्षमता की इस झील में फीट तक पानी है।

# युवक-युवती का अपहरण कर एक करोड़ रु. की फिरौती मांगने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

## बदमाशों ने हथियार की नोंक पर 25 फरवरी को मुहाना क्षेत्र से किया था दोनों का अपहरण

**जयपुर** । मुहाना क्षेत्र से युवक-युवती का अपहरण कर एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने दबोचा है। मुहाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर आरोपियों के कब्जे से अपहृत युवती को भी सकुशल दस्तयाब कर लिया।

डीसीपी (दक्षिण) योगेश गोयल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गौरव गुर्जर (23) पुत्र उमराव कोटपुतली और जीतराम बैरवा (19) पुत्र बाबूलाल रामपुरा रोड मुहाना का रहने वाला हैं। पुलिस ने बताया कि 27 फरवरी को विकास कुमार ने थाने में मामला दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि 25 फरवरी की शाम को घर से खाना खाकर होटल हयात रेजीडेन्सी के सामने धर्म की बहन से मिलने पहुंचा। जहां मैन रोड स्थित दुकान पर चाय पी। जिसके बाद होटल हयात के पास स्थित उसके घर पर छोड़ने आया था। जैसे ही गाड़ी के पास गया तो चार-पांच लोग आए और धक्का देकर कनपटी पर गन लगाकर गाड़ी के पीछे पकड़ लिया और धारदार हथियार दिखाकर गाड़ी को ले गए।



**मुहाना पुलिस ने युवक-युवती का अपहरण कर एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया।**

युवक के साथ उस समय एक युवती भी थी, जिसे भी बदमाश उठा ले गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि बदमाशों ने उनके आंखों पर पट्टी बांध दी और मुंह पर कपड़ा बांध दिया। रास्ते में रातभर गर्दन पर गन लगाकर जान से मारने की धमकी देते रहे, इससे वह घायल हो गए। बदमाशों ने युवती को भी पीटा।

- **10 लाख रुपये वसूलने के बाद युवक से मारपीट करके बदमाश उसे शाहपुरा के जंगल में छोड़ भागे थे**
- **पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अपहृत युवती को दस्तयाब किया**

बदमाश रातभर युवक से मारपीट करके एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगते रहे। युवक ने पानी पीने के लिए मांगा तो बदमाशों ने उसकी पट्टी खोली तो साइन बोर्ड पर उसे थानागाजी लिखा हुआ था।

इसके बाद वह कोटपुतली चले गए। इस बीच बदमाश एक करोड़ की फिरौती मांगते रहे, डिसके बाद गाड़ी में 2 लाख 28 हजार रुपए और एटीएम से बैंक अकाउन्ट से पूरा पैसा निकाल लिया और 10 लाख में पूरा सौदा दिया। विकास ने अपने परिजनों के जरिए 2.5 लाख रुपए जीतराम नामक व्यक्ति को दिलवाए। पीड़ित ने बताया कि उसके गले से ढाई तोले सोने की चेन, अंगूठी और जेब में रखे 85 हजार रुपए, 6 हजार रुपए एटीएम, आधार कार्ड, पैन कार्ड पहचान पत्र सब ले गए। मोबाइल तोड़ दिया। रकम लेने के बाद उसे शाहपुरा के जंगल में छोड़ दिया। इसके बाद जैसे-तैसे पीड़ित पुलिस के पास पहुंचा और पूरी वारदात बयां की।

डीसीपी योगेश गोयल ने बताया कि बदमाशों की तलाश के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त भरतलाल मीणा के निर्देशन और एसीपी अभिषेक शिवहरे के मार्गदर्शन में पुलिस टीम बनाई। मुहाना थानाधिकारी जयप्रकाश पूनियां, डीएसटी सी.आई सुरेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में चुनिंदा पुलिसकर्मियों ने दो टीमें बनाई। जिन्होंने आरोपी गौरव गुर्जर और जीतराम बैरवा का पता लगाया और उन्हें गिरफ्तार किया।

# भगवान गणेश व होली प्रेम के प्रतीक : खगुल कृष्ण

## चौड़ा रास्ता स्थित सिद्ध गणेश को भक्तों ने फागोत्सव से किया नमन

**जयपुर** । छोटी काशी के रूप में विख्यात जयपुर शहर में जैसे जैसे होली नजदीक आ रही है। वैसे वैसे फाग का रंग चढ़ने लग गया है। शहर के सभी मुख्य मंदिरों धार्मिक स्थलों में फागोत्सव की धूम प्रारंभ हो गई है ।इसी कड़ी में शहर के चौड़ा रास्ता स्थित सिद्ध गणेश मंदिर के समक्ष भव्य फागोत्सव की शाम विघ्नहर्ता के नाम हुई।

कार्यक्रम का प्रारंभ फागोत्सव के मुख्य अतिथि अध्यात्मिक प्रवक्ता प. खगुल कृष्ण भारद्वाज ब्रजवासी ने भगवान गणेश का पूजन कर अपने स्वर में गणेश वंदना कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर गणपति भक्तगणों को गणपति भगवान की दयालुता का बखान करते हुए कहा कि हमारे सबातन धर्म में सर्वप्रथम गणेश जी की पूजा का विधान है । जो भी भक्त ।भगवान गणेश में पूर्ण आस्था रखते उनकी आराधना में रहता है भगवान गणेश विघ्न विनाशक बन जाते हैं।

कार्यक्रम की शुरआत में विशिष्ट अतिथि गोवर्धन धाम से पधारे भागवताचार्य लाला व्यास ने गणेश जी महिमा पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम संयोजक सेवायत अशोक धोंचक सारस्वत ने अमंत्रित अतिथियों का पटुका माला व इत्र वर्षा कर स्वागत



**फागोत्सव में कार्यक्रम संयोजक अशोक धोंचक ने खगुल भारद्वाज का सम्मान किया।**

किया गायक कलाकार शिवाजी सोनी, अक्षत कुमार, राम सोनी, बालकिशन ने देर रात्रि तक चले फागोत्सव में फाग के मनोहारी गीतों की प्रस्तुति ने सभी को मंत्र मुग्ध किया । इस अवसर पर पूर्व उपमहापौर मनोज भारद्वाज, पार्षद अमर गुर्जर, पूर्व नगर निगम चेयरमैन अजय यादव, पार्षद कुसुम यादव, सोहन लाल शर्मा, नवरतन शर्मा, जया शर्मा, प्रिया शर्मा, उमा कोठरी, श्याम सोनी आदि उपस्थित थे । अंत में कार्यक्रम संयोजक सेवायत अशोक धोंचक सारस्वत ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

## संक्षिप्त

### वसीम कुरैशी जिलाध्यक्ष नियुक्त

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश विश्नोई की प्रदेश कार्यकारिणी में जयपुर शहर जिला कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड का जिलाध्यक्ष वसीम कुरैशी को नियुक्त किया गया है।



### तनावमुक्त होने की विधियां बताईं

**जयपुर,** (का.सं.)। कानोड़िया गर्ल्स एल्युमिनी एसोसिएशन की तरफ से गुरुवार को कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय ऑडिटोरियम में डी स्ट्रेस मेडिटेशन : ब्रेकअवे फ्रोम एंजाइटी विषयक सेशन का खास आयोजन हुआ। सेशन में नामी एस्ट्रॉलोजर व वेलनेस गुरु निर्मला सेवानी ने खासतौर से व्यस्ततम जीवन शैली और एग्जाम के दौरान खुद को तनाव से दूर रखने के अनेक विधियां व सरल आसन बताए और इनका अभ्यास भी कराया।

### अभिनव बांठिया बने अध्यक्ष

**जयपुर** । सीआईआई राजस्थान के लिए हुए चुनाव में 2323-24 के लिए अभिख बांठिया को अध्यक्ष और अरूण मिश्रा को उपाध्यक्ष चुना गया है। युवा इंडस्ट्रीयलिस्ट अभिनव बांठिया , मनु यंत्रालय प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं। 2003 में बांठिया ने इंजीनियरिंग पूरी करने के बाद अपनी पारिवारिक स्वामित्व वाली कंपनी मनु यंत्रालय प्राइवेट लिमिटेड में शामिल हो गए। जो मुख्य रूप से भारत और दुनिया भर के जर्मनी, पुर्तगाल, इटली, स्लोवाकिया, बुल्गारिया, चीन अर्जेंटीना, इंडोनेशिया, वियतनाम, यूएसए, यूके, दक्षिण कोरिया, जापान, ब्राजील, मैक्सिको, मलेशिया जैसे देशों में ग्राहकों को बियरिंग्स् और ऑटोमोटिव कम्पोनेन्टस् की आपूर्ति करता है।

### राजेश मल्होत्रा ने पदभार संभाला

**जयपुर** । राजेश मल्होत्रा ने आज पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। मल्होत्रा ने कल सत्येन्द्र प्रकाश की सेवानिवृत्ति के बाद पदभार संभाला है। 1989 बैच के भारतीय सूचना सेवा अधिकारी राजेश मल्होत्रा इसके पूर्व जनवरी 2018 से वित्त मंत्रालय में काम कर रहे थे।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत

**जयपुर** । बिंदायका क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मूलतया पंचवटी कॉलोनी, सांगानेर निवासी शांतिदेवी की शादी करीब 13 साल पहले विजयपुरा गांव निवासी बुद्धि प्रकाश सैनी से हुई थी। बुद्धि प्रकाश पीडब्ल्यूडी विभाग में कर्मचारी है। दोनों के दो बच्चे हैं। घटनाक्रम के अनुसार 26 फरवरी की दोपहर शांतिदेवी का शव घर में पानी के टैंक में पड़ा मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के भाई कानाराम सैनी ने उसके पति बुद्धि प्रकाश सैनी व ससुराल पक्ष पर दहेज़ हत्या का केस दर्ज कराया।

# 'बालोतरा को जिला बनाओ, नहीं तो मदन प्रजापत कपड़े त्याग देंगे'

**जयपुर** (वि.सं)। कांग्रेस विधायक मदन प्रजापत ने गुरूवार को सदन में राजस्व और समाज कल्याण विभाग की बहस के दौरान पुनः बालोतरा को जिला बनाने की मांग उठाई।

दरअसल मदन प्रजापत ने जिला नहीं बनने तक नंगे पैर घूमने का संकल्प ले रखा है। प्रजापत की मांग का समर्थन करते हुए उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा, जिला बनाने की मदन प्रजापत की बात का मैं भी समर्थन कर रहा हूं। मैंने सुना है, एक साल से ये बिना चप्पल के घूम रहे हैं। मुझे अभी इनके साथियों ने बताया है कि अगर इनकी मांग नहीं मानी गई तो अभी तो

- **विधायक मदन प्रजापत की मांग का समर्थन करते हुए उपनेता प्रतिपक्ष ने चुटकी ली**

जूते-चप्पल ही उतारे हैं, आगे ये कपड़े भी उतारेंगे। वह सीन देखकर मेरी आत्मा कांप जाएगी। जिस दिन यह मेरा छोटा भाई दिगंबर की वेशभूषा में यहां आएगा। इसलिए मैं मांग करता हूं, सामने राजस्व मंत्री बैठे हैं, मदन प्रजापत को दिगंबर मत बनने देना, उनकी मांग को पूरा करना।

# रामगंज में पथराव से दहशत

**जयपुर** (कासं)। रामगंज क्षेत्र में बुधवार रात मकान निर्माण के विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। दोनों पक्षों के एक-दूसरे पर पथराव करने पर दहशत फैल गई। रामगंज पुलिस ने समझाइश कर मामले को शांत किया। दोनों पक्षों के एक-एक व्यक्ति को शांति भंग में गिरफ्तार किया है। झगड़े के दौरान मिर्गी का दौरा आने पर एक युवक को एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया।

पुलिस ने बताया कि घाटगेट बाजार में रात करीब 11 बजे झगड़ा हुआ था। माता का मढ में रहने वाले वसीम और आसिफ के बीच मकान निर्माण को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते कहासुनी ने झगड़े का रूप ले लिया। मारपीट के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव कर दिया। इलाके में पथराव होने पर लोगों में दहशत फैल गई। झगड़े और पथराव की सूचना पर रामगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सकरी गलियों में भीड़भाड़ के बीच काफी मशक्कत के बाद समझाइश कर मामले को शांत किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के एक-एक युवक को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया।

# 'राजस्व कानूनों की पेचीदगियों के मकड़जाल में उलझा किसान'

## वहां अगर कोई खुश है तो तहसीलदार से लेकर संभागीय आयुक्त और राजस्व मंडल के भ्रष्ट अधिकारी : राठौड़

**-विधानसभा संवाददाता-**

**जयपुर** । उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने सदन में कहा कि राजस्थान में राजस्व संबंधित कानूनों की पेचीदगियों के मकड़जाल में किसान उलझा हुआ है। पैरोकार भी उलझा हुआ है। वहां खुश है तो तहसीलदार से लेकर संभागीय आयुक्त राजस्व मंडल में गिद्धहंस से किसान की खाल नोचने वाला भ्रष्ट अधिकारी। काश्तकार से किसान की भूमि संबंधी वाद विवादों के कारण प्रदेश की 66 प्रतिशत आबादी संचालित व प्रभावित होती है तथा आज प्रदेश के गांवों में साक्षरता 82 प्रतिशत है। कम पढ़ा लिखा किसान इन राजस्व कानूनों में ताबड़तोड़ हुए हर वर्ष के संशोधनों के कारण एक बार किसी भी जमीन के विवाद में फंस गया तो वकील साहब का बस्ता कंधे पर उठा उन राजस्व न्यायालय में वर्ष पर्यन्त खड़े रहना उसकी नीयति बन गई।

राज्य विधान सभा में गुरुवार को राजस्व और सामाजिक न्याय विभाग की अनुदान मागों पर बहस के दौरान राठौड़ ने कहा कि प्रदेशभर के राजस्व

- **राठौड़ ने कहा ''हमारा मौका आयेगा तब राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955, राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 में संशोधन व सरलीकरण करेंगे''**

न्यायालय में प्रतिवर्ष जितने प्रकरण निर्णय होते हैं, उससे 60 फीसदी से अधिक वाद विभिन्न न्यायालयों में नये दायर होते हैं।

उन्होंने कहा कि अकेले जयपुर जिले के राजस्व न्यायालय में 37 हजार मामले विचाराधीन है जिनमें से 15 हजार से अधिक मामले 5 वर्ष से अधिक पुराने हैं। राठौड़ ने कहा कि एक पटवारी की नामांतरण में गलत एंट्री तीन पीढ़ियां राजस्व न्यायालय में एडवोकेट का बस्ता उठा लाखों रुपये फीस देने के बाद निर्णय हो जाये तो बड़ी बात। इसलिए कहावत है ऊपर करतार-नीचे पटवार। राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 व राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के मूल एक्ट में अब तक कानून की विभिन्न धाराओं में करीब 400 संशोधन हुए। राठौड़ ने कहा कि अधीनस्थ राजस्व न्यायालय के निर्णय करने वाले अधिकारी को इन 68 साल पुराने कानूनों में अब तक हुए ताबड़तोड़ संशोधनों से अपने निर्णय में चांदी कूटने का इतना मौका मिलता है कि पक्षकार की पहुंच व रिश्वत से वह अपना निर्णय किसी भी पक्षकार के पक्ष मे बखूबी से कर न्यायाधीश व धनाधीश दोनों की भूमिका निभा डालते हैं। इसलिए कई सदस्यों ने राजस्व न्यायालय को लूट का अड्डा सदन में बताया।

राठौड ने कहा कि किसान हैरान व परेशान है कानून का सरलीकरण होना चाहिए। सरकार के जन घोषणा पत्र का वायदा भी आज सरकार भूल गई। अब हमारा मौका आयेगा तब हम राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955, राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 में संशोधन और सरलीकरण करेंगे। विशेषज्ञों की राय लेकर भैरोंसिहजी का सपना पूरा करने की भीष्म प्रतिज्ञा है।

## सार-समाचार

### डॉक्टरों का फैशन शो आयोजित



**जयपुर,** (का.सं.)। पिंक सिटी में पहली बार डॉक्टरों के लिए, डॉक्टरों द्वारा, डॉक्टरों का एक अनूठा फैशन शो देखने को मिला। यह फैशन शो एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्लेटिनम जुबली समारोह के एक भाग के रूप में आयोजित किया गया था। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के न्यू एकेडमिक ब्लॉक में 40 से अधिक डॉक्टरों ने रैंप वॉक किया, जिसमें डॉक्टर संजय के ब्रांड सूट का एक अनूठा कलेक्शन प्रदर्शित किया गया। ब्रांड डॉ संजय अठावाल के दिमाग की उपज है। ईएनटी सर्जन के रूप में कई कॉर्पोरेट अस्पतालों में काम करने के बाद, उन्होंने अपनी कलात्मकता को सामने लाने का फैसला किया और ऐसे परिधानों को डिजाइन करना शुरू किया जो फॉर्म और फंक्शन का एक सुखद मिश्रण हैं। कपड़े बनाने वालों और ड्रेपर्स के परिवार में जन्मे, वह हमेशा कपड़े, कट्स, सिल्हूट और बुनाई से जुड़े रहे हैं। सौंदर्यशास्त्र और बारीकियों की गहरी समझ ही उनके व्यक्तिगत कौशल थे। एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर की प्लेटिनम जुबली के लिए उन्होंने डॉक्टरों के लिए एक परिधान संठाह तैयार किया है जो न केवल उनके पहनावे को एक नया रूप देगा बल्कि उनकी शैली और कार्यप्रणाली के बीच के संतुलन को भी बयां करेगा।

### प्रताप सिंह कालवी राष्ट्रीय अध्यक्ष बने



**जयपुर** (कासं)। श्री राजपूत करणी सेना की कौर कमेटी की बैठक जयपुर में 12, कालवी हाऊस पर आयोजत हुई। जहां लोकेन्द्र सिंह कालवी की सहमति से श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर प्रताप सिंह कालवी और संरक्षक के पद पर भवानी सिंह कालवी को नियुक्त किया गया। जल्द ही दोनों नेता प्रदेश कार्यकारिणी व राष्ट्रीय कार्यकारिणी के साथ-साथ जिला व तहसील स्तर पर नियुक्तियां करेंगे।

### रियाज ने हरियाणा में जीता खिताब




**जयपुर** । हरियाणा के झज्जर में 25 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित आई.टी.एफ. सीनियर टेनिस टूर्नामेंट में जयपुर के रियाज अहमद ने 40 प्लस आयु वर्ग में अपने साथी नरेन्द्र चौधरी के साथ मिलकर यू.पी. के बाबर जैदी और दिल्ली के स्वर्णदीप सिंह डूडी को 6-0 एवं 6-1 से हराकर प्रतियोगिता डब्ल्स खिताब जीता।

### सुभाष जांगिड़ अध्यक्ष निर्वाचित



**जयपुर** । चेस्ट एंड टी.बी.अस्पताल में राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के चुनाव में सुभाष जांगिड अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए हैं। इसमें सुभाष जांगिड को 64 वोट व प्रतिद्वंद्वी पवन सैन को 25 वोट मिले। सुभाष जांगिड 39 वोटो से विजयी रहे। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी के अनुसार नर्सेज की समस्याओं व उनके निराकरण के लिए जांगिड हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर देवेन्द्र पंत, सूजा वर्गीस, हनुमान गर्ग, महेश टेलर, राम रतन जांगिड़, नीलम पहाड़िया, अशोक सिंघल, रणधीर ढाका, महेन्द्र पाल, जॉली अब्राहिम, एलिस, तारावती जाखड़, संतोष कुमारी व नर्सिंग ऑफिसर व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शिक्षा विभाग को मिला अवार्ड

**जयपुर ( कासं )**। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकाड्र्स, लंदन की ओर से राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा गत वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती (19 नवम्बर 2022) पर नो बैग डे के तहत चैस इन स्कूल एक्टिविटी के नवाचार में 38 लाख 21 हजार 9 विद्यार्थियों की भागीदारी को सर्टिफाइड किया गया है। शिक्षा विभाग की इस विशिष्ट उपलब्धि पर वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र गुरुवार को शिक्षा संकुल में आयोजित एक कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकाड्र्स, लंदन के इंडिया चैप्टर में राजस्थान के वाइस प्रेसीडेंट प्रथम भल्ला ने सुपर्द किया। इस पुरस्कार से शिक्षा विभाग के अफसरों में उत्साह का माहौल है।

# एस.के.आई.टी. में डिग्रियां वितरित

**जयपुर,** (का.सं.)। स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोथान जगतपुरा में राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा में आयोजित हुए 12वें दीक्षांत समारोह के तहत डिग्री वितरण समारोह आयोजित हुआ। संस्थान के अध्यक्ष सुरजाराम मील ने विद्यार्थियों को डिग्रियां मिलने पर बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन में मानवीय मूल्यों को अपनाने तथा देश व समाज के प्रति जिम्मेदार होने के लिए आग्रह किया।



**स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोथान जगतपुरा में विद्यार्थियों को डिग्रियां वितरित की गई।**

समारोह में संस्था के निदेशक जयपाल मील, प्राचार्य प्रो. रमेश कुमार पचार, निदेशक (अकादमिक) प्रो. एस. एल. सुराणा, रजिस्ट्रार रचना मील, डीन प्रो. आर. के. जैन तथा अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। समरोह के अंत में प्रो. एस. एल. सुराणा ने विद्यार्थियों के भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस डिठी वितरण समारोह में एम. टेक., एम. बी. ए. व बी. टेक. के छात्रों को लगभग 415 डिग्रियां प्रदान की गयी।

डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों में कुछ नें राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय की मेरिट में भी अपना स्थान बनाया, जिनमे एम. बी. ए. की छात्रा सपना ने 8 वां स्थान, एम. टेक. में इलेक्ट्रिकल ब्रांच में छात्रा श्वेता मीणा ने तृतीय, रघुराज कुमार ने 8 वां, मैकेनिकल ब्रांच के नमन चौधरी तथा रौनक नुवाल ने प्रथम स्थान, सिविल ब्रांच के छात्रों में अपूर्व द्विवेदी ने प्रथम, विपुल विक्रम माथुर ने द्वितीय, साँची रेवाड़ ने तृतीय, पीयूष पशुपति पांडेय ने 6 वां स्थान प्राप्त किया।

# हरीश चौधरी ने ओ.बी.सी. आरक्षण की मांग दोहराई

**जयपुर** (विसं)। कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी ने सदन में ओबीसी आरक्षण की मांग दोहराई। गुरूवार को सामाजिक न्याय व अधिकारिता और राजस्व की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान हरीश चौधरी ने कहा कि 1954 में जब टिनेंसी एक्ट आया तो हम लोग जो मजदूर थे, वे किसान बने, उनको अपनी जमीन का हक मिला। जब किसान सामाजिक और आर्थिक तौर पर मजबूत होने लगा तो सबसे पहले उस खेती पर ही प्रहार किया। किसान की आमदनी दोगुनी करने के नारे बेमानी है। रामराज्य की बात करने वाले प्रधानमंत्री के मित्र की आमदनी कितनी है और किसान की कितनी है, आप तुलना कर लीजिए।

हरीश चौधरी ने कहा, खेती के बाद हमारे पास इकलौता माध्यम जो छोड़ा था वह 27 फीसदी आरक्षण था। शिक्षा के आधार पर आरक्षण कोई भीख नहीं है, संविधान ने हमें हक दिया था, लेकिन इससे भी ईमानदारी से लागू नहीं किया। ये लोग विवाद करेंगे, आरोप-प्रत्यारोप करेंगे।

हरीश चौधरी ने उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की तरफ इशारा करते हुए कहा- आपकी मांग और आरोपों के आधार पर सीबीआई की जांच भी हो गई जो कुछ भी फैसला होगा वह मंजूर होगा। आप चाहे जितना विवाद और आरोप लगा लीजिए, लेकिन मूल मुद्दे का सवाल बरकरार रहेगा कि प्रदेश के लोगों के साथ न्याय होना चाहिए। उस प्रश्न को आप टाल नहीं सकते। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण मिला हुआ था, लेकिन 21 फीसदी ही मिल रहा है।

# बजट मीटिंग को लेकर मंत्री प्रताप सिंह और महापौर मुनेश गुर्जर के बीच टकराव

**जयपुर** (कासं)। नगर निगम हैरिटेज के बजट को लेकर कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और मेयर मुनेश गुर्जर आमने-सामने हो गए है। मंत्री ने बिना विधायकों से पूछे बजट को सीधे सरकार को भिजवाने का विरोध जताया है। वहीं मेयर ने कहा कि उन्हें सांसदों से बैठक की अनुमति नहीं मिली, इसलिए बजट बैठक कॉल नहीं की और सीधे सरकार को भिजवाया। मंत्री और मेयर के इन बयानों से जयपुर हैरिटेज निगम में भी सियासत गर्माने लगी है।

सूत्रों की मानें तो बुधवार को साधारण सभा बुलाने की मांग को लेकर कांग्रेस के कुछ पार्षद हैरिटेज निगम कमिश्नर विश्राम मीणा से मिले और उनका घेराव किया। यहां उन्होंने मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास से कमिश्नर की फोन पर बात

- **जहां खाचरियावास ने बिना विधायकों से पूछे बजट सीधे सरकार को भिजवाने का विरोध जताया**
- **वहीं मेयर मुनेश ने कहा कि उन्हें सांसदों से बैठक की अनुमति नहीं मिली, इसलिए बजट बैठक कॉल नहीं की**

करवाई। इसके बाद मंत्री ने कमिश्नर को विधानसभा बुलाया और वहां बैठक नहीं बुलाने और बिना पूछे बजट सीधे सरकार को भेजने के मामले पर फटकार लगाई। इसके बाद कमिश्नर ने 12 से 15 मार्च के बीच बैठक बुलाने का आश्वासन दिया।

मीडिया से बात करते हुए मंत्री खाचरियावास ने नगर निगम कमिश्नर पर नाराजगी जाहिर जताते हुए मेयर मुनेश गुर्जर को निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब पार्षद बैठक बुलाना चाहते है तो परेशानी क्या है। चारों विधायक (प्रताप सिंह, अमीन कागजी, रफीक खान और महेश जोशी) बैठक बुलाना चाहते है और अगर इन चारों में से भी किसी को गलतफहमी है कि वो साधारण सभा नहीं चाहते तो बयान दे दे। उसके बाद भी अगर विश्राम मीणा सीधे बजट भेज रहे है तो वो होते कौन है बिना हमसे पूछे बजट भेजने वाले। हम चारों साधारण सभा के सदस्य है। आपने मीटिंग कॉल ही नहीं की और अगर आप मीटिंग कॉल करते और हम मना करते तब मानते। आपने तो मीटिंग कॉल किए बिना ही बजट भेज दिया।

इधर मेयर मुनेश गुर्जर का कहना है कि हमने फोन पर सांसदों से बात की साधारण बुलाने के लिए, उनकी तरफ से पत्र मिला कि लोकसभा का सत्र चल रहा है और ऐसे में बैठक बुलाना अभी ठीक नहीं है। दूसरी तरफ विधानसभा का भी बजट सत्र शुरू हो गया था, सब लोग वहां व्यस्त थे। सरकार की तरफ से 15 फरवरी तक बैठक करने का समय दे रखा था। इसलिए जब सांसदों से पत्र मिला तो उसके कारण बैठक हो ही नहीं सकती थी। हमे 28 फरवरी तक हर हाल में बजट भेजना जरूरी था अगर नहीं भेजते तो वह भी मंजूर नहीं होता। इसलिए हमने बजट भेज दिया।



## World Wildlife Day

Even though we might like to think so sometimes, humans aren't the only living things on Earth. In fact, we're far outnumbered by other living things, from animals and plants to fungi and bacteria. Wildlife isn't just something that we passively observe; it's part of our world, and something we need to care for. World Wildlife Day is your chance to celebrate all wildlife, from the smallest insect to blue whales. No matter what you love about wildlife, you can spend the day taking action to help protect it.




On a side note, owners sometimes complained that the dog had not been trained properly because it was not responding to the commands that he had been trained for. But when they brought the dog back to us and we commanded it, it obeyed instantly. The reason was not the dog's training but the way the owner was giving the commands. That's why we insisted that the owner or handler spent a few days with us and his dog and learned how to give the commands that the dog had been trained to obey.

#ANIMAL LOVE

# Of Dogs and Men (...1)



Mirza Yawar Baig
*Naturalist and wildlife conservationist*


I love animals. And among those, I love dogs and horse the most. I also love cats. But there is a very distinct difference between a dog and a cat. As someone said, 'A dog looks at you and says, 'He must be God because he is looking after me.' A cat looks at you and says, 'I must be God because he is looking after me.' Dogs are beautiful, responsive, and completely unconditional in their love for you. A dog will love you whether you are good or evil, beautiful, or ugly, rich, or poor. For a dog, you are the centre of his life, and he/she will stick with you to the end. That is the only thing about dogs that I totally, and completely hate. That they die. There is nothing more tragic than that. Ask me. I suffered that over and over until the day I decided that I would not keep a dog again.

### Effective Communication

In my early years, 1968 - 1977, when I was at school and college, I had the good fortune of meeting one of the greatest dog breeders and trainers in the world, Nawab Nazir Yar Jung. He was an icon in the world of International Dog Shows and Field Trials. When I expressed my love for dogs and demonstrated that I was good with them, he allowed me to work with him caring for a training his dogs at his home in Hyderabad and accompanied him to some Dog Shows where he was judging. In those years, I learnt more about myself than about the nuts and bolts of dog rearing or training. I learnt that when you work with animals, dogs in particular, your own sensitivity and communication improve. Language is useless as the animal is only responding to the tone of your voice, facial expression, and signal. So, the importance of being precise not only in what you say, but in how you say it and being aware of your body language when you are giving that command are essential to get the instant obedience that only a dog can give you. Dogs are so incredibly sensitive that they will pick up your facial expression or the way you hold your hand when you give a command. And the next time you don't give it in that exact way, the animal gets confused. It is always essential to be extremely self-aware to be a good trainer.


On a side note, owners sometimes complained that the dog had not been trained properly because it was not responding to the commands that he had been trained for. But when they brought the dog back to us and we commanded it, it obeyed instantly. The reason was not the dog's training but the way the owner was giving the commands. That's why we insisted that the owner or handler spent a few days with us and his dog and learned how to give the commands that the dog had been trained to obey.

I realized that training dogs was equally if not more about training myself in how to communicate effectively. It was hands-on experiential learning in being intensely aware of myself, my posture, facial expression, tone of voice, mood, and overall disposition. I learnt all this training dogs, but over the decades since then this helped me in communication, public speaking, negotiating, and coaching people across three continents. All this and more, I learned from my dogs and applied successfully in some very difficult situations in my life and work. It is this special capacity of the human to learn something in one situation and apply it in a totally unrelated situation that sets us apart from animals. Animals also learn, but they can't conceptualize and so their learning is very topical. Ours is applicable across boundaries.



Author with Nawab Nazir Yar Jung.

It is this special capacity of the human to learn something in one situation and apply it in a totally unrelated situation that sets us apart from animals. Animals also learn, but they can't conceptualize and so their learning is very topical.



Nawab Nazir Yar Jung.

### Responding to Signals

Dogs anticipate you to such an extent that to see a highly trained dog and his handler at work is to witness magic. That is what we saw when we saw Nawab Saab working with his dogs. The dog seemed to be doing everything on its own whereas he was doing nothing without his handler's command. But the commands are so subtle that they are invisible to all but the trained eye that knows what to look for. There is a wonderful program on British Television which shows sheepdog trials. You see the handler standing a long way off in the field directing his Border Collie (the favourite breed for these trails) entirely by hand signals. The dog goes to the flock, cuts out precisely the number of sheep that he is ordered to cut out, and drives them into the pen all on its own by responding to signals that are invisible to us.

I had for my own trainer, the best in the world. A man who had trained everything from sheep dogs to tracking dogs, gun dogs, hunting dogs, and guard dogs. And I learnt from him. I hope I learnt well.




A big Doberman would fly over a six-foot wall with inches to spare. A Labrador would scramble over it. And then a few minutes later, back it would come over the wall with the ball in its mouth, circle the handler, and sit on his right side. Then on command it would drop the ball and take the piece of dry meat that the handler would give him as his reward.

To test how well we had trained the dogs to track, we would stand on one side of a wall that bordered a large area of scrub forest. We would give our dog a ball to hold in his mouth and smell. Then we would command him to sit and stay and throw the ball as far as we could over the wall into the forest. The dog would vibrate with excitement, yearning to go for the ball. We would count to ten and then say, "Get!" And off he would go. A big Doberman would fly over a six-foot wall with inches to spare. A Labrador would scramble over it. And then a few minutes later, back it would come over the wall with the ball in its mouth, circle the handler, and sit on his right side. Then on command it would drop the ball and take the piece of dry meat that the handler would give him as his reward.

How can I describe the excitement of testing your skill in the performance of your animal? The lesson learnt - you stand or fall by how your trainee performs - as valuable a lesson in corporate or any other area of leadership as in training animals. A good coach after all is not the one who has the greatest knowledge, but the one whose team wins. If your dog fails, you carry the can. You can't blame the dog. It is how well you trained it. Same logic in leadership anywhere else.

The biggest learning for me in these early years was the realization that no matter what you do, it is only worth doing if you aim at being the best in the world at it. And to be the best, it is essential to be passionate about what you do. I sincerely believe that it is impossible to excel in something that you do only half-heartedly or because you are forced to. It is impossible to be the best in the world in anything that you are not passionate about because you will never put in the heroic effort that is needed for you to succeed. Another realization was that when you are doing something that you are passionate about, you never get tired or stressed out. You are always fresh and full of energy and those around you also feel this. Passion is essential because it is the only thing which makes the heroic effort seem worthy of the goal. Only the passionate never compromise because compromise is the cancer which kills from within. Passion is infectious; so is compromise. Stress occurs when we do things we don't really enjoy.



Nawab Nazir Yar Jung with one of his dogs at a dog show.



Nawab Nazir Yar Jung, Ghulam Hyder and Nawab Habib Jung.

### Intangible Rewards

My learning is that if you are in a situation where you find yourself doing something that you have no passion for, then it is essential to do one of two things: Either kindle a passion for this activity by learning more about it and seeing how it is valuable or leave and find something that you do feel passionate about. It makes no sense to do something that you have no love for. Happiness is the result of doing something that is worthwhile, and which adds value and not of how much money you make or what rank you have. Interestingly, it is when the work feels worthless that people get overly concerned about titles, money, and perquisites. That is why I tell my clients who talk about compensation as an issue in employee retention, "Money problems are not money problems, even when they are money problems." Most people complain about the compensation when they are uninspired about their work. The biggest proof of this are the many people in missionary and charitable activities who work all hours for next to nothing and are very happy doing their jobs. Happiness is therefore more about intangible rewards than about the tangible ones. That's why I say, 'If it can't make you cry, it can't make you work.'

***Concluded***

writetoarbit@rashtradoot.com

#TECH-HACKS

## See Deleted Messages on WhatsApp & Instagram




If the "This message was deleted" text causes you an itch whenever you see it, these two methods to recover deleted texts can help scratch that.

There was a time when you had second thoughts about a text you just sent, absolutely nothing could be done about it. Then came the delete message and unsend options, changing the world forever. If you reminisce about those bygone days often, then you'd be pleased to know that deleted messages are still recoverable, at least if you're using an Android.

There are two ways to do that on the OS, which we have listed below.

### Using Notification History

The first method exploits a feature Google itself has integrated into Android. Notification History stores your recent notifications even after dismissal. When toggled on, swiping away any message immediately sends it to the Notification History tab, wherein you can find it easily. Getting to the Notification History tab involves going through the same steps across most Android devices.

- Open the Settings app, navigate to Notifications, then open Notification History
- Enable Notification History
- Now any deleted messages from both WhatsApp and Instagram will show up here

Just note that a deleted message will only be kept in this tab for 24 hours, after which it'll be permanently deleted.

### Using WAMR

WAMR is a nifty tool for recovering deleted messages on not just WhatsApp and Instagram, but on just about every chat app there is. And unlike Notification History which forgets your treasured deleted messages in just 24 hours, WAMR goes the extra mile in storing them permanently. To get started with it, follow the steps below.

1. Download WAMR from the Google Play Store
2. Open the app and grant it the necessary permissions like notification access
3. Select the apps you wish to save logs for
4. After the setup is complete, you'll be taken to the page where deleted messages will start appearing
5. Tap on the hamburger menu on the top left to switch between apps




#PROVIDENCE




Can a surrogacy contract with retrospective effect be drawn?



Dr. Shri Gopal Kabra
*Veteran Doctor & Voracious writer on medical affairs*

They have everything in life that they wish for, except a child of their own. Unitary family, husband and wife both well educated, both well placed, well off, loving and caring. They are more than happy with their vocations, yet, in spite of being busy and contended there is an intense sense of emptiness in their life.

Her uterine tubes are blocked. She knows she cannot normally conceive. She has waited long enough for a chance miracle to happen. In vitro fertilization and surrogate pregnancy are not acceptable to them. They are keen to adopt a child. She was very happy when her younger sister, who already had a boy and a girl child, conceived for the third time. It was an unwanted pregnancy, a case of contraceptive failure. For the sake of her elder sister she agreed to continue the pregnancy, even though her husband was not in favour continuing it. Unfortunately, the hopes of her elder sister were dashed when she miscarried in spite of all the medical help provided.

Her elder sister is an obstetrician practicing in a small town down south. Her husband and she run a nursing home. A couple came to her nursing home. The lady was 24 weeks pregnant. They did not want the child. They just could not afford to have one. Medical termination at the stage of pregnancy was not permitted, they knew it. Ultrasonography and other tests were conducted. There was no congenital anomaly or birth defect. The child was absolutely normal with excellent foetal wellbeing assessment. There was no alternative but to continue the pregnancy. After due deliberation the couple agreed to continue the pregnancy and to finally come for delivery to the nursing home. The lady doctor was surprised when they proposed that after delivery they will abandon the child in the nursing home and disappear. However, they did not want their child to be sent to an orphanage. Number of infertile couples keen for a child must be in contact with you, please give the child to a decent couple, they pleaded. They were prepared to execute any legal document for the purpose.

The lady doctor was sympathetic to the couple. However, she knew this would not be legally possible. A doctor cannot give an abandoned child in adoption. Adoption of an orphan child is legally a very tortuous process. She remembered her younger sister and asked her to come immediately with her husband. They were apprised of the pregnant lady's wish to give the abandoned child to a decent couple for adoption. They gladly agreed. For them it was a god sent blessing. They even proposed to bear all the expenses that the lady would incur in coming to the nursing home to deliver and before that all expenses incurred for care and comfort of the pregnant mother.

The lady doctor discreetly contacted a lawyer. Under the existing surrogacy provisions, she was told, a surrogacy contract in this case is not feasible. In surrogacy contract the surrogate mother agrees to conceive after, and in pursuance of, the contract and not vice versa. Besides, the option of surrogacy was not acceptable to the couple. Had it been acceptable she could have easily arranged it. The lady had a normally functioning ovary producing ova, and her husband, normal sperms. Fertilized in vitro the conceptus would have been their biological offspring - they would have been biological parents. In present case the child was not their biological offspring. Even though now surrogacy contract is permitted for non-biological conceptus, the contract to agree to adopt such child after birth, and agreement to wave off parental right by the biological parents, must precede conception by surrogate mother.



With now permissible surrogacy contract to even single parent as part of medical tourism, the whole affair has now become a commercial venture. Yet, a poor mother who cannot afford to rear a child, if she wishes to give the child to someone against a consideration, it is considered a sale. Can a surrogacy contract with retrospective effect be drawn? Yes, said the lawyer, but it will not be enforceable through a court of law should a dispute arise later. It will, in essence, be an agreement wherein in the biological parents agrees to relinquish their parental rights and assign them to adopting parents against a consideration.

The lady doctor asks her sister to come to the nursing home and get registered as regular patient. In the 'ante natal' checkup conducted and documented, she is shown as 24 weeks pregnant with expected date of delivery being same as the real pregnant lady. While preparing the file she is happy to note that not only the two couples matched phenotypically in appearance but even their blood groups matched. The significance of this did not escape her notice.


The lady doctor discreetly contacted a lawyer. Under the existing surrogacy provisions, she was told, a surrogacy contract in this case is not feasible.

Finally, when the pregnant lady comes to deliver, the couple is told about the assumed name of the patient and the husband under which she is being admitted.

She is admitted under the name of her sister. Her sister also arrives and checks in a hotel. After delivery the child is sent to another care facility's neonatal intensive care unit. The lady is discharged from the nursing home. The sister is sent to the other unit with all the documents to take possession of 'her' child. The couple flies back with the child with a regular birth certificate and regular birth documents in their name.



THE WALL





BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# राजेन्द्र परमार की हत्या करने के लिए रैकी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से एक पिस्टल मय जिंदा कारतूस जब्त किया

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने बजरंगदल विभाग संयोजक राजेन्द्र परमार की हत्या करने के लिए रैकी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से एक पिस्टमय मय जिंदा कारतूस जब्त किया।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित अमर नगर अम्बामाता निवासी संजय तेली पुत्र औंकारलाल ने 6 फरवरी को पुलिस थाने में रिपेर्ट दी कि मेरा बडा भाई राजेन्द्र परमार अपनी रेस्टोरेंट से कही जाने के लिए गाडी की फाटक खोल रहा था। इस दौरान पिछे से आए दो व्यक्ति ने राजेन्द्र के सिर पर गोली मार दी। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर चन्द्रशील ठाकुर, पुलिस उप अधीक्षक तपेन्द्र मीणा के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी रविन्द्र चारण के नेतृत्व में एएसआई नारायणसिंह मय टीम ने अब तक गिरफ्तार किए गए विजय उर्पु सिकरा्र प्रीतम सिंह उर्फ बंटी, भंवरलाल सुहालका, जितेन्द्र उर्फ अन्ना, तुफानसिंह सरदार उर्फ ज्ञानी से की गई पूछताछ की थी। जिनसे मिले साक्ष्यों के आधार पर हत्या के लिए राजेन्द्र परमार की हत्या के लिए रैकी करने वाले राकेश पत्रु लालुराम निपवासी कालारोही सिसारमा थाना नाई, प्रियंक पुत्र भागचन्द्र निवासी सूर्यानगर सवीना, यशपाल पुत्र कन्हैयालाल निवासी डी ब्लॉक सेक्टर 14 सवीना को खेलगांव रोड़ से गिरफ्तार किया।

- **पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से तीनों आरोपियों को पांच दिन के लिए पुलिस रिमाण्ड पर भेजा**

आरोपी राकेश गायरी की निशानदेही से एक पिस्टल मय तीन जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से तीनों आरोपियों को पांच दिन के लिए पुलिस रिमाण्ड पर भेजा।

# कच्चे मकान में लगी आग से लाखों का सामान जला

## तेज हवा के झोंके से कच्चे झोपड़े में आग लग गई थी



परबतसर के ग्राम पंचायत पीह में आग की वारदात के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

**परबतसर, (निसं)।** आग की लपटों ने एक परिवार के आशियाने के साथ उसकी उम्मीद ओर सपनों को भी आगोश में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार परबतसर तहसील के ग्राम पंचायत पीह में गणेश खोरवाल के रहवाशीय कच्चे मकान में लगी अचानक आग से पूरा आशियाना ही उजड गया।

अब बिछायत्त के लिए जमीन और ओढ ने के लिए आसमान बचा है। गणेश ग्राम से करीब दो किलोमीटर दूर स्थित अपने खेत में कुएं पर निवास करता था जब उसकी पत्नी सुबह चाय बना रही थी उस समय तेज हवा के झोंके से कच्चे झोपड़े में आग लग गई। पूरे परिवार के लोगों ने आग बुझाने के लिए जोर जोर से आवाज लगाई लेकिन दूर होने के कारण लोग देरी पहुंचे जब तक वहा पर सब कुछ जल कर खाक हो गया था।

जानकारी के अनुसार घर में रखे पांच तोला सोना के जेवर, एक किलो चांदी के जेवर, एक बाइक और खुद के किसानों के मटर की आडत की राशि करीब पांच लाख रूपए रखें हुए थे घरेलू सामान सहित जल कर राख हो गया जिससे लाखों रूपयों का नुक़सान हुआ। 2013 में पिता हीराराम खोरवाल के निधन के बाद अपनी माता व अपनी छह नाबालिग बहनों के साथ अपने खेत में ही जीवनयापन करने लगा था। उसी दौरान अपने कच्चे पक्के आशियाने में ही अपनी तीन बहनों की शादी भी की ओर परिवार का निर्वहन भी किया। अब गणेश का अगला लक्ष्य था कि इसी आशियाने में अपनी तीन बहनों की शादी कर अपने नैतिक कर्तव्यों का पूर्ण करें।इसी को लेकर गणेश ने दिन रात मेहनत कर उनकी शादी के लिए कुछ पैसे और गहने भी बनवाए लेकिन कुदरत को मंजूर नहीं था।

- **पांच तोला सोना, एक किलो चांदी के जेवर, एक बाइक सहित सामान जला**

सुबह 6 बजे अचानक लगी और आग ने उसके आशियाने के साथ उसके अरमान ओर उम्मीद को भी आगोश में ले लिया। घटना की जानकारी पुलिस को मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मौके की जानकारी ली। परबतसर रैगर समाज के अध्यक्ष रामनिवास चोहान रेगर समाज के नेता एडवोकेट अशोक चौहान सहित समाजसेवी लोगों ने भी मौके पर पहुंच पीड़ित परिवार के हालात देखकर निशब्द रह गये ओर आश्वाशन दिया की पीडित की सहायता करेंगे और उसकी उम्मीदों को मरने नहीं देगें। वही स्थानीय गांव के लोगों ने गणेश खोरवाल के लिए आर्थिक सहायता की अपील की है।

# अवैध पिस्टल के साथ एक युवक गिरफ्तार

**अजमेर, (कासं)।** जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट के दिशा निर्देशों पर शहर में बढ़ ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने और अवैध हथियार रखने तस्करी करने वालों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को ब्यावर सदर थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध पिस्टल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो जिंदा कारतूस भी जप्त किए हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है।

ब्यावर सदर थाना अधिकारी चेनाराम बेडा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट के दिशा निर्देशों पर चलाये जा रहें अवैध हथियारों की धरपकड़ अभियान के अंतर्गत वृताधिकारी वृत मसूदा ईश्वर सिंह सुपरविजन में थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने अवैध हथियार को रखने वाले संदिग्धो पर नजर रखते हुए मुखबीर की सूचना के तहत ठिकानो पर दबिश की कारवाई करते हुए आरोपी मोईनुद्दीन उर्फ मोईन पुत्र अब्दुल गनी मंसुरी निवासी रामबाग कॉलोनी मसूदा को एक अवैध हथियार पिस्टल व 2 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

आरोपी मोईनुद्दीन उर्फ मोईन के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है कि अवैध हथियार पिस्टल कहां और किसे सप्लाई करनी थी। अवैध पिस्टल के साथ आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में ब्यावर सदर थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा, सउनि सुखदेव, चेतन सिंह, हैड कानि.सुखराम, कानि. प्रवीण चौधरी, राजुराम, सुखपाल, अजय चौधरी, हरेन्द्र चौधरी, रामप्रसाद, मनोज, महेन्द्र मीणा, मुकेश, धर्माराम गुर्जर व सुशील टोगस शामिल रहे।



ब्यावर सदर थाना पुलिस ने हथियार सहित आरोपी को दबोचा।

# दो ट्रकों की हुई भिड़ंत में तीन लोग गंभीर घायल

## तीन घंटे हाईवे रहा जाम, ट्रक के पास बिखरे प्लास्टिक दाने में लगी आग

**सूरतगढ़, (निसं)।** सूरतगढ़-बीकानेर नेशनल हाईवे संख्या 62 पर राजियासर टोल प्लाजा के समीप देर शाम को दो ट्रकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में ट्रक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकालते हुए सूरतगढ़ के ट्रॉमा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। वहीं दुर्घटना के बाद हाईवे के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। जिसे करीब 3 घंटे बाद सड़क से ट्रकों और प्लास्टिक का दाना हटाने के बाद बहाल किया गया।

एसएचओ सत्यनारायण गोदारा ने बताया कि पंजाब से प्लास्टिक का दाना भरकर एक ट्रक बीकानेर की तरफ जा रहा था कि सामने से आ रहे हैं दूसरे ट्रक के साथ टोल प्लाजा के पास टक्कर हो गई। हादसे में बीकानेर की तरफ जा रहा ट्रक पलट गया। वहीं दोनों ट्रकों में सवार तीन लोग फंस गए। सूचना मिलने के बाद वे जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और ग्रामीणों ने हाइड्रा क्रेन की मदद से केबिन तोड़कर घायलों को पहले राजियासर के चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें सूरतगढ़ रेफर किया गया। घायलों की पहचान बगताराम नाई, मुकेश पुत्र बगताराम नाई निवासी गुडामालानी, जिला बाड़मेर और शमशेर सिंह निवासी अमृतसर के रूप में हुई।

पंजाब से बीकानेर की तरफ जा रहा ट्रक हादसे के बाद सड़क पर पलट गया। इससे ट्रक में भरा प्लास्टिक का दाना सड़क पर बिखर गया जिसमें आग लग गई। घटनास्थल पर मौजूद लोगों द्वारा हाईवे किनारे स्थित खेत में बनी पानी की डिग्गी से बार-बार पानी की बाल्टीयां लाकर आग पर काबू पाया गया। मौके पर मौजूद राजियासर के ग्रामीण मुस्ताक खान, रामानंद स्वामी, राकेश सहारण और गोगी खान ने तत्परता दिखाते हुए एक घायल को ट्रक से बाहर निकाल लिया। ग्रामीणों ने बताया कि अगर पास में पानी की व्यवस्था नहीं होती तो प्लास्टिक का दाना तेजी से आग पकड़ लेता, इसमें ट्रक भी चपेट में आ सकते थे। जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। घायल बुरी तरह से केबिन में फंसे हुए थे। प्लास्टिक के खतरनाक धुएं के बीच घायल बाप-बेटे बचाने की गुहार लगा रहे थे। क्योंकि प्लास्टिक के धुएं से दोनों घुटन महसूस कर रहे थे।

थानाधिकारी सत्यनारायण गोदारा ने बताया कि घटनास्थल के पास ही स्थित टोल प्लाजा पर खड़ी हाइड्रा मशीन और टोल स्टाफ की मदद से ट्रक के केबिन को खींचकर सीधा करते हुए उन्हें बाहर निकाला गया। इस दौरान जाम में फंसे सेना के जवानों ने भी तत्परता दिखाते हुए ट्रकों को सड़क से हटवाने और यातायात को बहाल करवाने में पुलिसकर्मियों की मदद की।

# कोटा से दानापुर होली स्पेशल में कोच बढ़ाया

**कोटा, (निसं)।** रेल प्रशासन कोटा मंडल द्वारा होली के त्यौहार में अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से कोटा से दानापुर के मध्य चलायी जा रही गाड़ी सं 09817/ 09818 होली स्पेशल ट्रेन में विभिन्न श्रेणी के 19 कोच को बढ़ ाकर 23 कोच कर दिया गया हैं। अब इस गाड़ी में वातानुकूलित थ्री टियर 06 कोच, वातानुकूलित टू टियर 01 कोच, प्रथम श्रेणी वातानुकूलित 01 कोच, स्लीपर 11 कोच, सामान्य श्रेणी 02 कोच एवं 02 एसएलआर सहित कुल 23 आईसीएफ कोच होंगे। जिससे यात्रियों को होली के इस सीजन में भीड़ से राहत मिल सकें। गाड़ी संख्या 09817/ 09818 कोटा-दानापुर-कोटा के मध्य स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में दि साप्ताहिक रूप में 04 मार्च एवं 10 मार्च, 2023 को कोटा से और 05 मार्च एवं 11 मार्च, 2023 दानापुर से दो-दो ट्रिप चलेगी जो मंडल के कोटा, बारां, छबरा गुगोर एवं रूठियाई स्टेशनों पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी सं 09817 कोटा से दानापुर के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से सुबह 09.50 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 08.45 बजे गन्तव्य को पहुंचेगी और वापसी गाड़ी संख्या 09818 दानापुर से कोटा के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से सुबह 11.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 09.00 बजे कोटा पहुंचेगी।

- **होली के त्यौहार को लेकर कोच बढ़ाने का निर्णय लिया**

गाड़ी के हाल्ट -यह गाड़ी दोनों दिशाओं में कोटा-दानापुर-कोटा के मध्य बारां, छबरा गुगोर, रूठियाई, गुना, अशोकनगर, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, शंकरगढ़ , प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा रोहित मालवीय द्वारा बताया कि यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कोच को बढ़ ाया गया हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन एवं बढ़ ाये गये कोच की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

# ट्रक चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने ट्रक चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार इनके कब्जे से चोरी किया ट्रक बरामद किया।

प्रकरण के अनुसार 28 फरवरी को खांजीपीर खडगजी का चौक सूरजपोल निवासी मोहम्मद इकबाल पुत्र गुलाम रसूल शेख ने पुलिस थउाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 27 फरवरी को मीरा कला मंदिर के बाहर ट्रक खडा किया था। जो दूसरे दिन मौके पर नहीं मिला। इस पर तलाश की लेकिन ट्रक नहीं मिला। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर चन्द्रशील ठाकुर, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में सूरजपोल थानाधिकारी दलपतसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर ट्रक चोरी के मामले में पप्पु पुत्र रामलाल निवासी गलेन्द्रर थाना रामसागड़ा जिला डूंगरपुर व लक्ष्मण पुत्र खेमाजी निवासी टांडा थाना खमेरा बांसवाड़ा को गिरफ्तार कर इनकी निशान देही से चोरी किया गया ट्रक बरामद किया।

- **आरोपियों के कब्जे से ट्रक बरामद**

# चोरी करने वाले गिरोह को पुलिस रिमांड पर लिया

**बीकानेर, (निसं)।** बसों में यात्रियों के लगेज से सोने-चांदी के जेवर चोरी करने वाले गिरोह को खाजूवाला पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया है। इस गैंग के चार सदस्यों को रावला पुलिस ने गिरफ्तार किया था, जिनमें दो युवकों को अब रावला पुलिस ने खाजूवाला पुलिस को सौंप दिया है।

हरियाणा के हांसी की गैंग का खाजूवाला पुलिस ने ही पर्दाफाश किया था, लेकिन वो भागकर रावला पहुंच गए। जहां पुलिस ने फायरिंग कर कार को पंक्चर किया और दो युवकों को गिरफ्तार किया। इसी कारण मामला रावला में दर्ज हुआ। अब प्रोडक्शन वारंट पर इनसे पूछताछ की जाएगी।

पुलिस को उम्मीद है कि गंगाशहर थाना क्षेत्र के जिस यात्री के सोने चांदी के जेवर चोरी हुए, वो भी इसी गैंग का कारनामा था। कुछ दिन पहले खाजूवाला में बस से राहगीर का 11 तोला सोना चोरी हुआ था, इसी वारदात में इन चोरों को गिरफ्तार किया है, दोनों बदमाश हांसी हिसार हरियाणा के निवासी है। इनमें एक 40 वर्षीय मुकेश सांसी है व दूसरा 20 वर्षीय संदीप सांसी है। रावला सीआई आलोक सिंह चारण ने भिवानी के बड़सी निवासी सनी पुत्र जयसिंह उम्र 23 वर्ष व हांसी के गणेश कॉलोनी निवासी कृष्ण उर्फ मोनू पुत्र गुरदेव सिंह उम्र 27 वर्ष को गिरफ्तार किया। इन्हीं दो को प्रॉडक्शन वारंट पर ला रहे हैं।

- **आरोपियों से खुल सकते हैं कई मामले**
- **2 आरोपियों को रावला पुलिस को सौंपा**

खाजूवाला थानाधिकारी अरविंद सिंह शेखावत ने बताया कि कुछ दिन पहले खाजूवाला में एक बस में से 11 तोला सोना चोरी की घटना सामने आई, जिसके बाद पुलिस पूरी तरह से इन पर नजर बनाई हुई थी। यह गैंग कल फिर से खाजूवाला में वारदात को अंजाम देने पहुंचे, तभी साइबर सेल की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। जिसमें दो को मौके से गिरफ्तार कर लिया व दो अन्य भागने में सफल हुए, जिन्हें नाकाबंदी के दौरान रावला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# शिक्षा विभाग में फिर शुरू हो सकता है तबादलों का दौर?

**बीकानेर, (निसं)।** शिक्षा विभाग में नए सेशन से पहले ट्रांसफर का एक और दौर आएगा। गहलोत की सरकार में सबसे ज्यादा ट्रांसफर इस बार होंगे। सबसे बड़ी बात ये है कि ग्रेड थर्ड के टीचर्स ट्रांसफर भी इस बार हो सकते हैं। शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला विधानसभा में इसका संकेत दे चुके हैं। राज्यभर में करीब एक लाख ग्रेड थर्ड टीचर्स ट्रांसफर के लिए कतार में खड़े हैं।

विधानसभा में बजट की अनुदान मांगों पर अपनी बात कहते हुए कल्ला ने कहा कि ग्रेड थर्ड टीचर्स की ट्रांसफर पॉलिसी तैयार हो गई है। ये पॉलिसी जल्द ही सभी के सामने होगी। इसी पॉलिसी के आधार पर विधानसभा सत्र के बाद ट्रांसफर होने की उम्मीद की जा रही है। डॉ. कल्ला ने इसके लिए नियत समय तो नहीं बताया लेकिन उम्मीद की जा रही है कि मई और जून महीने में टीचर्स ट्रांसफर हो सकते हैं। दरअसल, जुलाई में नया सत्र शुरू होगा, इससे पहले ट्रांसफर होंगे। सरकार ने इस बार एक भी ग्रेड थर्ड टीचर का ट्रांसफर नहीं किया। करीब 85 हजार ग्रेड थर्ड टीचर्स ट्रांसफर के लिए आवेदन कर चुके हैं। अब नए सिरे से आवेदन लेकर ट्रांसफर होंगे। ग्रेड थर्ड की ट्रांसफर पॉलिसी में कुछ नया होने की उम्मीद कम है। असाध्य रोगों से पीड़ित टीचर्स को उनके गृह जिले और शहर में ट्रांसफर दिया जा सकता है। इसके साथ ही एकल महिला और सामान्य महिला के ट्रांसफर के लिए भी दिशा निर्देश जारी होंगे। डार्क जोन वाले जिलों में इस बार भी ट्रांसफर नहीं करने की नीति बन सकती है। इसके अलावा ग्रामीण स्कूलों में लंबे समय तक सेवा दे चुके टीचर्स को वरीयता के आधार पर शहर में तबादला मिल सकता है। माता-पिता, पत्नी या पति की अस्वस्था के आधार पर ट्रांसफर होने की उम्मीद कम है।

- **'राज्यभर में करीब एक लाख ग्रेड थर्ड टीचर्स ट्रांसफर के लिए कतार में खड़े हैं'**

प्रदेशभर के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में उन्हीं टीचर्स के ट्रांसफर होंगे, जो अंग्रेजी माध्यम में स्वयं पढ़ चुके हैं। अगर टीचर स्वयं हिन्दी माध्यम से पढ़ ा है तो उसका ट्रांसफर महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम में नहीं होगा। ये शर्त न सिर्फ ग्रेड थर्ड बल्कि सभी ग्रेड के टीचर्स के लिए लागू हो सकती है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि विभाग में कुल 81 हजार 122 पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं जबकि 90 हजार 262 पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। साथ ही, विभिन्न संवर्गों में 50 हजार 169 पदोन्नतियां प्रदान की गई हैं। सरकार जल्द से जल्द इस नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा करने की कोशिश में है।

# सीएम भरतपुर के घाटमीका पहुंचे

**भरतपुर, (निसं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरूवार को भरतपुर के घाटमीका पहुंचकर हरियाणा में हिंसा का शिकार होकर जान गवाने वाले जुनैद एवं नासिर के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री मृतक जुनैद के बच्चों से भी मिले।

उन्होंने कहा कि अपहरण और नृशंस हत्या की यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस जघन्य अपराध के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए राजस्थान पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानवीय दृष्टिकोण से मृतक नासिर और जुनैद की पत्नियों एवं उनके बच्चों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

साथ ही सरकार यह भी सुनिश्चित करेगी कि इन बच्चों को उचित शिक्षा उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से बात कर बाकी आरोपियों को गिरफ्तार करने तथा पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द न्याय दिलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। पीड़ित परिवारों को शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान द्वारा 5-5 लाख रुपए व पंचायत समिति पहाड़ी द्वारा 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा चुकी है। साथ ही, दोनों परिवारों को पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत भी अन्तरिम सहायता के रूप में 1.25 लाख रुपए प्रति परिवार उपलब्ध करवाए जाएंगे, जिसकी स्वीकृति जारी हो चुकी है।

# ए.डी.ए. द्वारा समाज की हथाई की चारदीवारी हटाने को लेकर विरोध

## रावत समाज द्वारा मांग पूरी नहीं होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी

**अजमेर, (कासं)।** शहर के लोहागल रोड स्थित रावत समाज की हथाई की चारदीवारी एडीए द्वारा गिराए जाने के बाद गुरुवार को रावत समाज की महिलाओं समेत समाज के जनप्रतिनिधि व लोगों ने जमकर हंगामा खड़ा कर दिया। जिले भर से विरोध स्वरूप रावत समाज की महिलाएं और पुरुष मौके पर एकत्रित हुये।

रावत समाज ने हताई की चारदीवारी वापस बनाने की मांग कर रास्ता जाम कर दिया। पुष्कर विधायक सुरेश रावत, रावत समाज के अध्यक्ष डॉ शैतान सिंह सहित समाज के पदाधिकारी बीच रास्ते में धरने पर बैठ गए। धरने की सूचना मिलते ही क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। रावत समाज के द्वारा मांग पूरी नहीं होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी गई है।

अजमेर विकास प्राधिकरण के द्वारा लोहागल रोड पर बुधवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। एडीए के अतिक्रमण तोड़ो दस्ते ने अवैध रूप से संचालित चाय की थड़ी, फर्नीचर का गोदाम और 2-3 मकानों को तोड़ दिया। इसके साथ ही दस्ते ने रावत समाज की हथाई की चारदीवारी भी ध्वस्त कर दी। सूचना मिलते ही गुरुवार को रावत समाज के जिले भर से समाज के प्रतिनिधि और लोग मौके पर जमा हो गए। समाज के द्वारा एडीए की कार्रवाई का विरोध कर रास्ता जाम कर दिया गया। जनाना हॉस्पिटल से आने और जाने वाले मरीजों और घर वालों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ा।

सूचना मिलते ही क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी करण सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और तीन रास्तों के रूट डायवर्ट कर आमजन को सुरक्षित निकाला गया। क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी करण सिंह ने बताया कि समाज के द्वारा एडीए की कार्रवाई का विरोध किया जा रहा है। तीनों तरफ रास्तों को जाम कर धरना दिया गया है। जाम को देखते हुए रूट डायवर्ट कर आमजन को राहत दी गई है। मौके पर लाइन से जाब्ता बुलाया गया है, समझाइश की जा रही है।

रावत समाज के अध्यक्ष डॉ शैतान सिंह ने बताया कि एडीए द्वारा धनात्मक कार्रवाई की गई है। समाज की वर्षों पुरानी हथाई की चारदीवारी तोड़कर प्रशासन ने हठधर्मिता दिखाई है। किसी तरह का नोटिस नहीं दिया गया था, सीधे आकर कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इससे जिले बर के समाज बंधुओं में रोष व्याप्त है। यह हथाई मुगल काल से पहले की बताई जा रही है, बकायदा इसका समाज के पास प्रमाण है, प्रशासन के समक्ष यह प्रमाण पेश कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जब तक चार दिवारी वापस नहीं बना दी जाती है, तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत ने कहा कि किसी भी गांव में हथाई मंदिरों से भी पवित्र मानी जाती है। प्राचीन काल में हथाई पर जूते पहनकर नहीं निकला जाता था। हथाई को मंदिर के बराबर का दर्जा है। प्रशासन ने गलत कार्रवाई की है। रावत समाज इसकी घोर निंदा करता है, हथाई के पट्टे के लिए भी आवेदन कर रखा था। प्रदर्शन के दौरान रावत समाज के युवाओं ने मौके पर लगा एडीए का बोर्ड उखाड़ दिया। बोर्ड को बीच चौराहे पर लाकर पटक-पटक कर तोड़कर समाज का गुस्सा निकाला। युवाओं का कहना था कि प्रशासन ने एकतरफा कार्रवाई की है, जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वही दूसरी ओर एडीए के उच्च अधिकारी एडीए की भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण हटाये के लिये युद्ध स्तर पर अभियान चला रखा है वही उच्च अधिकारियों द्वारा वापस दीवार बनाने के लिये आदेश देकर अधिकारियों व कर्मचारियों मनोबल तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है इससे अतिक्रमणकारियो में भय का वातावरण दूर होगा ओर अतिक्रमणकारियों के हौंसलें बुलंद होगें। कर्मचारियों का मानना था कि एक निश्चित प्रक्रिया के अनुसार ही रावत समाज जमीन आवंटन के लिये आवेदन करना चाहिये ताकि अतिक्रमण कारियों के हौंसलें बुलंद न हो।



रावत समाज की महिला व पुरूषों ने मौके पर एकत्रित होकर रास्ता जाम कर दिया।

## संक्षिप्त

### डाक झण्डा यात्रा रवाना

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम अमाई स्थित श्री भोमिया बाबा मंदिर से श्री खाटु धाम के लिए प्रतिवर्ष की भांति निकाले जाने वाली डाक झण्डा यात्रा को वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना द्वारा रवाना किया गया। श्रद्धालुओं ने श्री खाटु धाम पहुँचकर श्याम बाबा को झण्डे अर्पित किये। इस दौरान कप्तान, रत्तिराम, सुरेन्द्र, सरपंच लीलाराम कसाना, रामजीलाल भगतजी, मनोहर लाल, मुकेश, कमल, राहुल, योगेश आदि मौजूद रहे।

### मतदाताओं को जागरूक किया

**मालपुरा, (निसं)।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन कार्यालय मालपुरा की ओर से गुरूवार को शहर के प्रमुख चौराहों पर रंगोली बना मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी सहदेव मंडा की मौजूदगी में स्कूली विद्यार्थियों, शिक्षकों व आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

### भूगोल प्रायोगिक कार्यक्रम घोषित

**मालपुरा, (निसं)।** कॉलेज शिक्षा निदेशालय के आदेशानुसार पीजी महाविद्यालय मालपुरा प्राचार्य ने गुरूवार को भूगोल प्रायोगिक परीक्षाओं का कार्यक्रम घौषित कर सूची जारी। जारी सूची में बताया कि बीए प्रथम वर्ष नियमित विधार्थियों का भूगोल प्रायोगिक 8 व 9 मार्च को स्वंयपाठी विधार्थियों का 10 मार्च को बीए द्वितीय वर्ष नियमित विधार्थी 13 व 14 मार्च स्वंयपाठी का 15 मार्च को तृतीय वर्ष के नियमित विधार्थी 16 मार्च व स्वंयपाठी 17 व 18 मार्च को प्रात: साढे नो से दोपहर तीन बजे तक भूगोल प्रायोगिक परीक्षाएं होगी।

### वकीलों ने सद्बुद्धि यज्ञ किया

**मालपुरा, (निसं)।** एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने को लेकर मालपुरा में वकीलों ने 11वें दिन न्यायिक कार्य बंद कर कोर्ट परिसर में मंत्रों के साथ सद्बुद्धि यज्ञ कर सरकार को सद्बुद्धि की कामना की। इस दौरान बार अध्यक्ष प्रेमप्रकाश सैनी व अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पावटा में पार्किंग स्थल न होने से जाम की समस्या बढ़ी


पावटा में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क किनारे वाहन खड़े रहते हैं।

**पावटा, (निसं)।** तमाम दावों के बावजूद पावटा प्रागपुरा नगरपालिका अधिकारी जनता को जाम से निजात दिलाने में विफल नजर आ रहे हैं।

अवैध पार्किंग पर नजर डालें, तो नियमों की धज्जियां उडाई जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा रही है। अभियान के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। नगर में सर्विस रोड, मुख्य बाजारों सहित कई जगह अवैध पार्किंग है। इसके खिलाफ अभियान कई

- लोगों ने जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की

बार चल चुका है, लेकिन स्थिति नहीं सुधरती ओर जस की तस बनी हुई है। पावटा नगर में पार्किंग की सुविधा नहीं होने से पूरा नगर अवैध पार्किंग में तब्दील रहता है।

हर चौक-चौराहे पर दुकानों के आस-पास सड़कों पर ही लोगों को अपने वाहन खडे करने पड़ते हैं। इसमें नगरपालिका को सालों से राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका आबादी वाले क्षेत्र में कोई वैध पार्किंग नहीं है। वही सर्विस रोड पर टैक्सी खडे करने वालों में अपना अधिपत्य जमा रखा है तो एक और ई रिक्शा वालों ने अपना कब्जा कर रखा है।

वहीं एक तरफ दुकानों व बैंकों के सामने बाइकें खडी होने से आने जाने वालो के लिए रास्ता ना के बराबर है। नगर में संचालित विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी बैंकों की शाखाओं में ग्राहकों के लिए पार्किंग की सुविधा बहाल नहीं हो सकी है। जिसे लेकर नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, ओमप्रकाश गौड, पूर्व पावटा जीएसएस अध्यक्ष नीरज सैन, तहसील पावटा ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा ने मांग की है कि नगरपालिका या प्रशासन क्षेत्र में वैध पार्किंग की व्यवस्था कर दे, तो जाम से निजात मिलेगी और क्षेत्र में ग्राहकों की भी बढोतरी होगी, क्योंकि जाम के कारण अंदर बाजार तक ग्राहक आ ही नहीं पाता है।

### वृद्धाश्रम में चिकित्सा शिविर लगाया

**चाकसू, (निसं)।** स्वर्गीय डॉक्टर भवानी सिंह राजावत की तृतीय पुण्यतिथि पर चाकसू शीतला माता स्थित श्रीराम वृद्धाश्रम में विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वृद्ध आश्रम में मौजूद वृद्धजनों का एसएमएस अस्पताल के डॉक्टर मधुसूदन द्वारा स्वास्थ परीक्षण कर दवाइयों का वितरण किया गया।

इस दौरान परिवार जनों के द्वारा श्रीराम वृद्धाश्रम में बेडशीट, दवाइयां और फल वितरित किया जाकर रात्रि भोजन की व्यवस्था की गई। वहीं इसके पश्चात कामधेनु गौशाला चाकसू में गायों को हरा चारा और गुड खिलाया गया। इस मौके पर श्री राजपूत सभा जयपुर के केंद्रीय अध्यक्ष रामसिंह राजावत चंदलाई ने कहा की बुजुर्गों की सेवा करना व उनको भोजन कराना सबसे बडी सेवा है अंतिम समय में अपनों से दूर रह रहे वृद्धजनों की सेवा करके ही हम अपने बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों को ये ना लगे कि वो समाज और परिवार से दूर है। इस दौरान श्री राजपूत सभा जयपुर के केंद्रीय अध्यक्ष रामसिंह राजावत चंदलाई, हेम सिंह राठौड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष, अर्जुन सिंह हिगोंनिया एडवोकेट, लक्ष्मण सिंह चंदलाई, लल्लू बागड़ा, विक्रम सिंह, बने सिंह, मोहन सिंह पार्षद, राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, दौलत सिंह, महेंद्र सिंह, देवराज गुर्जर, भगत गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान जारी

**कोटपूतली, (निसं)।** भारत जोडो यात्रा के तहत राजस्थान आये कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के आह्वान पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्य की सभी 200 विधानसभा सीटों पर हाथ से हाथ जोडो अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत कांग्रेस नेता, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व पदाधिकारी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पद यात्रा कर गाँव व ढ़ाणी तक आमजन के बीच भारत जोडो यात्रा के संदेश के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी की नीतियों व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवा रहे है।

कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में भी उक्त अभियान निरन्तर जारी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैयालाल सैनी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत मोलाहेडा में घर-घर पद यात्रा निकालकर पत्रकों का वितरण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर अपार जोश, उत्साह व उल्लास के साथ पद यात्रा निकालते हुए देश भक्ति के नारे भी लगाये। पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि कांग्रेस पार्टी का संदेश स्पष्ट है कि देश शांति, एकता व भाईचारे के साथ ही प्रगति पथ पर आगे बढ़ सकता है। जिस प्रकार केन्द्र की मोदी सरकार ने देश में धर्म, जाति, वर्ग, समाज व सम्प्रदाय के नाम पर आपसी संघर्ष की स्थिति उत्पन्न की है, इसके दुष्परिणाम देश के सामने है। इस दौरान नारहेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल आर्य, सरपंच शीशराम रावत, रामकुमार उप सरपंच, रामकुमार सेठ, सोहन कुमावत, सोणेलाल कुमावत, बनवारीलाल धानका, नरेश शर्मा, रामरतन बोहरा, कैलाश जांगल, माडाराम, नवरतन पंच, जगदीश, गौरव शर्मा, अमित सैनी, दीनदयाल सैनी, रामवतार चौहान, आनन्द सैनी, महेश यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# 'आपसी सौहार्द व भाईचारे से त्यौहार मनायें'


अजमेर संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा ने मालपुरा एस.डी.एम. कार्यालय में बैठक ली।

**मालपुरा, (निसं)।** आगामी दिनों में आने वाले होली, ईद व महावीर जयंती सहित दोनों ही समुदायों के त्यौहारों को आपसी सौहार्द व भाईचारे से मनाये जाने को लेकर गुरूवार को अजमेर संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा ने एसडीएम कार्यालय में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक के दौरान डीवाईएसपी सुशील मान, कार्यवाहक एसडीएम व तहसीलदार सहदेव मंडा, थानाधिकारी भूराराम खिलेरी को आवश्यक निर्देश दिये। पुलिस अधिकारियों ने शहर व ग्रामीण क्षेत्र में पैदल मार्च कर शांति समिति की बैठके ली। गुरूवार को डीवाईएसपी सुशील मान ने लाम्बाहरिसिंह थाने में शांति समिति की बैठक लेते हुए आमजन से की गई अपील में कहा कि आपसी भाईचारे व सौहार्द से एक-दूजे के त्योहारों में शामिल हो त्योहार मनाये जिससे शांति व कानून व्यवस्था के साथ-साथ परस्पर एक-दुजे मे प्रेम व भाईचारा बना रहे। वहों डीवाईएसपी सुशील मान व थानाधिकारी भूराराम खिलेरी ने जवानों के साथ शहर के अजमेर रोड प गश्त कर जायजा लिया। एएसपी राकेश कुमार बैरवा ने टोडारायसिंह कस्बे मे पैदल मार्च कर व्यवस्थाए जांची।

## सार-समाचार

### बाबा श्याम का फागोत्सव मनाया



**पावटा, (निसं)।** पावटा कस्बे के वार्ड नंबर 8 में विश्वनाथ मंदिर के सामने समस्त वार्ड वासियों की तरफ से बाबा श्याम फागोत्सव व भव्य जागरण का आयोजन किया गया। नगरपालिका पावटा प्रागपुरा चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल, पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, एससी मोर्चा जिला महामंत्री बद्री प्रसाद चौहान, बॉबी मंगल, बलदेव गोयल, कमलेश गर्ग, नरेंद्र खंडेलवाल, सतीश योगी, जितेंद्र सोनी, नवल सोनी, रामकरण राठी, श्योपाल राठी, वार्ड पार्षद विजय गुप्ता, संतोष गुप्ता, अनूप गर्ग, शशि मंगल, कालू सोनी, वार्ड पार्षद राहुल चौहान की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम संयोजक बॉबी मंगल, कमलेश गर्ग, प्रदुमन चौहान ने बताया कि वार्ड में नगर पालिका द्वारा धोबियों की प्याऊ से हनुमान मंदिर तक नया रोड बनाए जाने की खुशी में वार्ड वासियों ने बाबा श्याम के दरबार में चेयरमैन नगरपालिका उर्मिला अग्रवाल का माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मोबीन टोंक केसरी बने



**टोंक, (निसं)।** टोंक जिला कुश्ती संघ की तरफ से आयोजित स्व. आत्माराम गोयल सदभावना टोंक केसरी, टोंक कुमार तीन दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का समापन मदरसा अब्दुल हई खान रिलायन्स पेट्रोल पम्प के पीछे किया गया। इस कुश्ती प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि अरबी फारसी शोध संस्थान टोंक सैयद सादिक अली निदेश रहे। समारोह की अध्यक्षता पूर्व विधायक कमल बैरवा ने की। विशिष्टि अतिथि कंाग्रेस नेता हंसराज चौधरी गाता, मोहम्मद युसूफ उर्फ नसीम भाई, दिनेश गोयल, धर्मेन्द्र सालोदिया, मुमताज राही कुश्ती के संरक्षक राजेन्द्र गोयल द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। संघ के आयोजक अब्दुल खालिक खान ने बताया कि इस कुश्ती प्रतियोगिता में टोंक केसरी मुबीन, द्वितीय आजम, कुमार केसरी शाहनवाज, द्वितीय जानिद, मिनी कुमार में अल्फेज, द्वितीय सरताज, बाल कुमार में भवानी, द्वितीय नवेद को घोषित किया गया।

### विधायक के आवास पर फागोत्सव 4 को

**मनोहरपुर, (निसं)।** भक्ति व रंगों का उत्सव फागोत्सव शनिवार 4 मार्च को दोपहर 3 बजे से सांयकाल 6 बजे तक विधायक आवास नायन में मनाया जाएगा। विधायक के निजी सचिव वीरेंद्र सिंह ने बताया कि फागोत्सव में कर्तव्यनिष्ठ परिश्रमी ईमानदार दयालु गरीब को गणेश मानकर सेवा करने वाले जनता के अरमानो को पूरा करने वाले शाहपुरा विधान सभा क्षेत्र के विधायक आलोक बेनीवाल, पीसीसी सदस्य श्रीमती सविता बेनीवाल, शाहपुरा पंचायत समिति की प्रधान श्रीमती मंजू शर्मा, जयपुर जिला पार्षद, शाहपुरा पंचायत समिति के सदस्य, शाहपुरा नगर पालिका के अध्यक्ष बंशीधर सैनी, मनोहरपुर नगर पालिका की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता प्रजापत, ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं स्थानीय नागरिक व कार्यकर्ता भी शिरकत करेंगे!

### क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन



**बहरोड़/मुंडावर, (निसं)।** मुंडावर विधानसभा क्षेत्र के गांव चुड़ला के राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेल मैदान में आयोजित बाबा जाहरवीर गोगाजी क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करने पहुंची प्रदेश कांग्रेस कमेटी की डॉक्टर अंजली यादव पुत्र वधू पूर्व विधायक स्व. मेजर ओपी यादव मुंडावर का ग्रामीण महिला संज्या गुर्जर के द्वारा साफा पहनाकर स्वागत किया। हनुमान कसाना के साथ ही दाताराम नंबरदार, राजेश नंबरदार, बाबूलाल हवलदार एवं कृष्ण कसाना आदि के नेतृत्व में स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची डॉ यादव के द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान भावी सरपंच हनुमान कसाना, बाबूलाल हवलदार, दाताराम कसाना, कृष्ण कसाना, लीला राम कसाना, सोमदत्त कसाना, महिपाल गुर्जर, अंकित चौधरी, कमलेश, सुनील कसाना, कृष्ण दादा व हंसराज आदि सहित बड़ी तादाद में ग्रामीण नौजवान, बुजुर्ग तथा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सोनी ने पालिकाध्यक्ष का पदभार संभाला

**मालपुरा, (निसं)।** न्यायालय के आदेशों पर निलम्बित पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी ने पुन: पालिका अध्यक्ष का कार्यभार संभाला। पालिका ईओ राजपाल बुनकर ने विभागीय आदेशों व न्यायालय के आदेशों की पालना करते हुए सोनिया सोनी को पालिका अध्यक्ष का कार्यभार संभलाया। कार्यभार संभालने के बाद सोनिया सोनी ने पहला आदेश शहर की सफाई व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद किये जाने का जारी करते हुए जमादार राजेश कुमार को आदेश दिये। होली के पर्व पर शहर को साफ-सुथरा बनाये जाने व सफाई व्यवस्थाओं मे व्यापक सुधार के निर्देश दिये।

### नकबजनी का वांछित अपराधी पकड़ा

**नारायणपुर, (निसं)।** स्थानीय थाना पुलिस ने गुरुवार को नकबजनी का वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया हैं। थानाधिकारी शिवशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा के आदेशानुसार एएसपी (ग्रामीण) सुरेश खींची व सीओ थानागाजी मनराज मीणा के निर्देशन में चलाये जा रहे वांछित व फरार अपराधियों के धरपकड अभियान के तहत नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने वाला वांछित आरोपी फतेह सिंह उर्फ़ फत्या (30) पुत्र सुगनचन्द जाति भील (बावरिया) निवासी बख्तपुरा थाना सदर जिला अलवर 6 साल से फरार चल रहा था। गुरुवार को पुलिस ने गठित टीम द्वारा दबिश देकर नकबजनी का वांछित अपराधी फतेह सिंह को थानागाजी से गिरफ्तार किया हैं।

### गैंगस्टर को फॉलो करने वाला गिरफ्तार

**फुलेरा, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव प्रचार के निर्देशन एवं कुशल नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश शर्मा एवं वृत्ताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में फुलेरा थानाधिकारी हनुमान सहाय के द्वारा पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम ने तुरन्त कार्रवाई करते हुए गुरुवार को थाना क्षेत्र में गैंगस्टर रोहित गोदारा के फेसबुक फॉलोअर्स मुकेश गुर्जर पुत्र रामेश्वर लाल जाति गुर्जर उम्र 26 वर्ष निवासी मावतों की ढाणी तन आकोदा को गिरफ्तार किया।

# भाजपा की जीत पर मिठाई खिलाई व पटाखे फोड़े


कोटपूतली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ व मिठाई बांट कर खुशी जाहिर की।

**कोटपूतली, (निसं)।** हाल ही में पूर्वोत्तर के तीन राज्यों नागालैंड, त्रिपुरा एवं मेघालय में विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने पर भारतीय जनता पार्टी को बहुमत मिलने एवं अच्छे प्रदर्शन के लिए भाजपा नेता मुकेश गोयल के नेतृत्व में विधानसभा

- नागालैंड, त्रिपुरा एवं मेघालय में भाजपा को बहुमत मिलने पर खुशी मनाई

कोटपूतली के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी एवं आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया।

कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद एवं शीर्ष नेतृत्व जिन्दाबाद के नारे लगाये। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को भाजपा नेता मुकेश गोयल ने कहा कि देश में कमल विजय की आंधी चल रही है। यह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिशमाई नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही परिणाम है कि आज भारत के प्रत्येक राज्य के मतदाता अपने वोटों से केन्द्र सरकार के कामकाज पर मोहर लगा रहे हैं। गोयल ने कहा कि कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त राजस्थान की जनता भी आने वाले चुनावों के इंतजार में है आगामी विधानसभा चुनाव में राजस्थान में भी प्रचंड बहुमत से कमल खिलेगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौधरी, जिला प्रभारी मन की बात एडवोकेट योगी अशोक सुरेलिया, नगर मण्डल अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला, विशेष सम्पर्क प्रकोष्ठ जिला संयोजक बगुला प्रसाद स्वामी, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दिनेश कमांडेंट, सह संयोजक अजीत सिंह चौहान, जिलामंत्री रविन्द्र सिंह शेखावत, किसान मोर्चा जिलामंत्री दिलीप यादव, डोकुमेंटेशन विभाग जिला संयोजक कमलेश प्रजापत, भाजयुमो जिला कोषाध्यक्ष पुष्कर शर्मा, युवा मोर्चा महामंत्री विक्रम शर्मा, बाबू खान, प्रकाश पायला सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अवैध हथियारों सहित दो जने गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** भाबरु थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपियों के पास से 2 अवैध हथियार, 1 देसी कट्टा मय 4 जिंदा कारतूस व एक देशी पिस्टल मय 3 जिंदा कारतूस बरामद कर एक मोटर साइकिल व दो मोबाइल फोन जप्त किया है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राजीव पचार द्वारा कोटपुतली अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक विद्याप्रकाश के निर्देशन व पुलिस उपाधीक्षक विराटनगर संजीव चौधरी के सुपरविजन सहायक उप निरीक्षक कश्मीर सिंह आई सी थाना भाबरु के नेतृत्व में टीम का गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए गस्त के दौरान व निगरानी बदमाशान छापुडा कला के पास अभियुक्त मोहन उर्फ मोनू उर्फ मुन्ना के कब्जे से 1 देसी कट्टा मय 4 जिंदा कारतूस व एक देशी पिस्टल मय 3 जिंदा कारतूस बरामद कर अभियुक्त को गिरतार किया गया। वही बिना लाइसेंस के अवैध हथियार बेचा न करने वाले अभियुक्त रामफल निवासी बबेरा बांसुर को भी गिरफ्तार किया गया है।

## बादशाह की सवारी को लेकर बैठक

**टोंक, (निसं)।** पुलिस थाना पुरानी टोंक में धुलंडी को निकलने वाली बादशाह की सवारी के दौरान शांति व्यवस्था बनाएं रखने को लेकर बैठक हुई।

पुलिस थाना पुरानी टोंक पर थाना अधिकारी उदयसिंह द्वारा बादशाह की सवारी को मध्य नजर रखते हुए बादशाह की सवारी के संचालकों को कानून व्यवस्था बनाए रखने, शांतिपूर्वक मनाने पर चर्चा की गई व बादशाह की सवारी के संबंध में आने वाली समस्याओं ,बाधाओं पर चर्चा की गई और होली का त्योहार शांति व भाईचारे से मनाने पर चर्चा की गई जिससे शहर में कानून व्यवस्था बनी रहे। इस मौके पर ओमप्रकाश पांडे, वृंदावन भगत, दिलीप जैन, जगदीश सैनी पूर्व पार्षद, पुष्पा जैन, हनुमान सिंह शेखावत, तरुण टिक्कीवाल, मेघराज चौहान, राधेश्याम साहू आदि मौजूद थे।

## शोभायात्रा को लेकर बैठक

**नरैना, (निसं)।** कस्बे के सुभाष चौक स्थित धर्म तिबारे में आगामी धुलंडी के त्योहार पर नंदकेश्वर भगवान की शोभायात्रा निकालने हेतु मिटिंग का आयोजन कर विचार विमर्श किया गया।

आजाद चौक व्यापार मंडल अध्यक्ष ताराचंद सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान नंदकेश्वर की शोभायात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली जायेगी इस हेतु मिटिंग का आयोजन किया गया। मिटिंग के दौरान उपस्थित व्यापारियों व कस्बेवासियों ने आपसी विचार विमर्श कर नंदकेश्वर भगवान की शोभायात्रा को भव्य बनाने, शोभायात्रा के मार्ग मे स्वागत व जलपान की व्यवस्था करने के साथ साथ सुरक्षा व्यवस्था हेतु विस्तार से विचार विमर्श किया गया। उपस्थित प्रबुद्धजनो ने कस्बेवासियो से मिलजुलकर शोभायात्रा के दौरान हुड़दंग ना करते हुए शोभायात्रा को भव्य बनाये रखने मे सहयोग करने की अपील की। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नाथूलाल टांक,भाजपा नेता सुनिल पारीक, पवन गोधा, राजू थोरी,नटवर पारीक व कस्बेवासी मौजूद रहे।

### जुआ खेलते 3 जने गिरफ्तार

**नारायणपुर, (निसं)।** स्थानीय पुलिस ने गुरुवार को ग्राम पंचायत अजबपुरा में जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है । उनके कब्जे से पुलिस ने नगदी भी बरामद की है ।

थाना प्रभारी शिवशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि मुखबीर के द्वारा सुचना मिली कि ग्राम पंचायत अजबपुरा में कुछ लोग जुआ खेल रहे है । सूचना पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए पवन कुमार (23) पुत्र गोपाल शर्मा जाति बागडा ब्राह्मण निवासी प्रेमपुरा, कृष्ण मुरारी (33) पुत्र गुलजारी जाति बलाई निवासी अजबपुरा, विक्रम (26) पुत्र छोटे लाल जाति गुर्जर निवासी अजबपुरा को ताश पत्तो के साथ तीनो जुआरियो को गिरफ्तार किया है । इधर थानाधिकारी ने बताया कि चालक द्वारा ट्रैक्टर-ट्रोली में तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाए जाने पर आरएनसी एक्ट में कार्रवाई करते हुए शोभाराम (21) पुत्र श्रीराम जाति गुर्जर निवासी अकबरपुर को गिरफ्तार कर लाउडस्पीकर को जब्त किया हैं ।

# चमड़ तलाई में भराई जा रही मिट्टी को रोकने की मांग


चमड़ तलाई में पालिका प्रशासन के द्वारा कचरा व मिट्टी डाली जा रही है।

**चाकसू, (निसं)।** रैगर समाज के लोगों ने उपखंड कार्यालय में जिला कलेक्टर एवं स्वायत्त शासन विभाग के नाम ज्ञापन देकर चमड तलाई में भराई जा रही मिट्टी एवं पालिका प्रशासन के द्वारा डाले जा रहे कचरे को रोकने की मांग की गई है।

जगदीश अशोक वर्मा, ओम

- रैगर समाज ने ज्ञापन सौंपा

प्रकाश खोलिया, छोटू लाल, मोहनलाल, नरेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम, देवीलाल, ओमप्रकाश, राजेश लेखराज सहित मौजूद कई समाज बंधुओं का आरोप है कि तलाई में मिट्टी डालने से समाज के करीब 250 घरों की आबादी से निकलने वाले पानी निकास की समस्या उत्पन्न हो जायेगी। वहीं पालिका कर्मचारियों द्वारा भी आसपास के इलाके का कचरा इस चमड तलाई में डाला जा रहा है जिससे तलाई की भराव क्षमता लगातार कम होती जा रही है। इस दौरान समाज के लोगों ने चमड तलाई में भराई जा रही मिट्टी को तुरंत रोकने सहित,पालिका कर्मचारियों द्वारा तलाई मे कूडा करकट डाले जाने पर रोक लगाने की मांग की गई।

### युवा मोर्चा का विधानसभा घेराव कल

**नरैना, (निसं)।** प्रदेश की कांग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ 4 मार्च को होने वाले विधानसभा घेराव को लेकर गुरुवार को फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल नरेना शहर में मंडल अध्यक्ष नटवर पारीक की अध्यक्षता में भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि फुलेरा विधानसभा क्षेत्र प्रभारी गौरी कुमावत, सह प्रभारी कमलेश शर्मा, सयोजक गौरव कुमावत रहे। विधानसभा प्रभारी गोरी कुमावत ने बताया कि 4 मार्च को भाजपा युवा मोर्चा की तरफ से विधानसभा क्षेत्र का घेराव किया जाएगा। बैठक में भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष बलवीर गुर्जर, मंडल उपाध्याक्ष रामप्रसाद वैष्णव, मंडल महामंत्री कान सिंह मंडपी, किसान मोर्चा अध्यक्ष जगदीश गुर्जर, भंवर सैनी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष फतेह सिंह यादव ,युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सोनू भार्गव,युवा मोर्चा महामन्त्री पुरुषोत्तम अमन,युवा मोर्चा मंत्री महेंद्र तेजी,मनोज शर्मा उपस्थित रहे।



मैं सुनता रहता हूं कि श्रेयस अय्यर स्पिन गेंदबाजी के बहुत अच्छे खिलाडी हैं, लेकिन मैंने इसे अभी तक देखा नहीं है और मुझे यकीन नहीं हो रहा है कि वह हैं। मेरे लिए, वह थोडा घबराया हुआ खिलाडी लगता है। इयान चैपल

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाडी. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में श्रेयस अय्यर बिना खाता

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## पीवी सिन्धु



केंद्रीय खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के कोच विधी चौधरी और फिटनेस ट्रेनर श्रीकांत मदापल्ली को सिंधु के साथ ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप, स्विस ओपन और स्पेन मास्टर्स जाने की मंजूरी दे दी है। गौरतलब है कि सिंधु ने पिछले हफ्ते कोच पार्क ताई सांग के साथ संबंध समाप्त किये थे। उन्होंने फिलहाल किसी कोच के साथ जुडने की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। विधी ने मिश्रित एशियाई चैंपियनशिप 2023 में भी सिंधु को कोच किया था। वह अब 19 मार्च से शुरू होने वाली ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप से सिंधु के कोच की भूमिका निभाएंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मो. सामी ने एक ओवर में 17 गेंदें फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

# लायन ने भारत को 164 पर समेटा, आस्ट्रेलिया को 76 रन का लक्ष्य



इंदौर, 2 मार्च। अनुभवी ऑफ-स्पिनर नेथन लायन (64/8) की घातक गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में गुरुवार को भारत को मात्र 163 रन पर ऑलआउट कर दिया। पहली पारी में 88 रन की बढ़त लेने वाले ऑस्ट्रेलिया को सीरीज में अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिये 76 रन की जरूरत है।

ऑस्ट्रेलिया के स्पिन आक्रमण के आगे संघर्ष कर रहे भारत की ओर से चेतेश्वर पुजारा ने 59 रन की अद्धर्शतकीय पारी खेली, हालांकि उन्हें किसी का साथ नहीं मिला। पुजारा ने अपनी 142 गेंद की जुझारू पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया।

पहली पारी में जहां कुह्नेमन ने भारत के छक्के छुडाये थे, वहीं इस पारी में लायन ने भारतीय बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में फंसाया। लायन ने 64 रन देकर चेतेश्वर पुजारा सहित आठ बल्लेबाजों को आउट किया जो भारतीय सरजमीन पर किसी विदेशी गेंदबाज का चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

ऑस्ट्रेलिया को पहले सत्र में 197 रन पर ऑलआउट करने के बाद भारत ने लंच से पहले 13 रन बना लिये, हालांकि दूसरे सत्र से भारत की मुश्किलें दोबारा बढने लगीं। नेथन लायन ने लंच के बाद पहले ओवर में ही शुभमन गिल को बोल्ड किया, जबकि 33 गेंदे खेलने के बाद रोहित शर्मा भी लायन की गेंद पर पगबाधा हो गये।

विराट कोहली (13) को मैथ्यू कुह्नेमन ने तीखी टर्न होती हुई गेंद पर पगबाधा आउट किया। रवींद्र जडेजा 36 गेंद खेलने के बावजूद सिर्फ सात रन ही बना सके और लायन ने उनके संघर्ष को समाप्त किया। भारत चाय तक 79 रन पर चार विकेट गंवाकर 11 रन से पिछडा हुआ था।

श्रेयस अय्यर ने चाय के बाद 27 गेंद पर 26 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। दस गेंदों तक खाता न खोलने वाले अय्यर ने युवा ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी की खराब गेंदों को निशाना बनाकर तीन चौके और दो छक्के जडते हुए ऑस्ट्रेलिया की बढत को समाप्त किया। अय्यर ने भारतीय पारी को गति देने के अलावा पुजारा के साथ पांचवें विकेट के लिये 35 रन भी जोडे, जो भारत की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी रही। कप्तान स्टीव स्मिथ ने स्पिन के खिलाफ अय्यर का प्रहार देखते हुए मिचेल स्टार्क को गेंद थमाई। स्टार्क ने अपने स्पेल की दूसरी गेंद पर ही अय्यर को शॉर्ट मिडऑन पर कैचआउट करवा दिया। कुछ देर बाद लायन ने श्रीकर भरत (03) और रविचंद्रन अश्विन (16) को आउट करके अपने पांच विकेट पूरे किये। इसी बीच, पुजारा ने 46वें ओवर में कुह्नेमन की गेंद पर सिंगल लेकर अपना अद्धर्शतक पूर किया। भारत के सात विकेट 140 रन पर गिरने के बाद पुजारा ने हाथ खोले और 55वें ओवर में लायन को छक्का जड दिया। भारत के लिये अकेले संघर्ष कर रहे पुजारा आखिरकार 57वें ओवर में लेग स्लिप में खडे स्टीव स्मिथ के दर्शनीय कैच की भेंट चढ़ गये। पुजारा का विकेट गिरने के बाद भारत सिर्फ आठ रन जोड सका। अक्षर पटेल ने 39 गेंद पर एक छक्के के साथ नाबाद 15 रन बनाये, जबकि उमेश यादव और मोहम्मद सिराज शून्य-शून्य रन बनाकर लायन का शिकार हुए।

इससे पूर्व, ऑस्ट्रेलिया के लिये दिन की शुरुआत करने उतरे पीटर हैंड्सकॉम्ब और कैमरन ग्रीन ने पहले एक घंटे में अपने डिफेंस पर भरोसा दिखाया, हालांकि इस दौरान उनकी रनगति बहुत कम रही। दोनों बल्लेबाज आपस में 30 रन ही जोड सके जिसके बाद ऑस्ट्रेलियाई पारी का पतन शुरू हो गया। अश्विन ने हैंड्सकॉम्ब (19) को आउट करके इस साझेदारी को समाप्त किया, जबकि उमेश ने अगले ही ओवर में ठीन (21) को पवेलियन लौटाया। हैंड्सकॉम्ब-ग्रीन की जो डी ऑस्ट्रेलिया को बडे स्कोर की ओर ले जा रही थी, हालांकि इनके आउट होने के बाद टीम 10 रन भी नहीं जोड सकी। उमेश ने टॉड मर्फी (00) और मिचेल स्टार्क (01) को क्लीन बोल्ड किया, जबकि अश्विन ने एलेक्स कैरी (03) और नेथन लायन (05) का विकेट निकालकर ऑस्ट्रेलियाई पारी को समाप्त किया। पहले दिन भारत के एकमात्र सफल गेंदबाज रहे रवींद्र जडेजा ने चार विकेट लिये, जबकि अश्विन-उमेश को तीन-तीन विकेट हासिल हुए। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक समय पर 186/4 था लेकिन इन दोनों गेंदबाजों ने 11 रन के अंतराल में छह विकेट चटकाकर कंगारुओं को 88 रन से अधिक की बढत नहीं लेने दी।

## रन कम हैं लेकिन इस विकेट पर कुछ भी हो सकता है: उमेश

इंदौर, 2 मार्च। ऑस्ट्रेलिया को भारत में यादगार जीत दर्ज करने के लिए यहां तीसरे टेस्ट में सिर्फ 76 रन का लक्ष्य मिला है लेकिन पिच की प्रकृति को देखते हुए मेजबान देश के तेज गेंदबाज उमेश यादव ने अब भी उम्मीद नहीं छोडी है।

पहले दिन इस पिच पर 14 विकेट गिरे जबकि गुरुवार को दूसरे दिन 16 बल्लेबाज आउट हुए। पिच से स्पिनरों को काफी टर्न मिल रहा है जबकि असमान उछाल ने बल्लेबाजों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। नाथन लियोन ने दूसरे दिन दूसरी पारी में आठ विकेट चटकाए जिससे उनकी टीम भारत में यादगार जीत दर्ज करने के करीब है। उमेश ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने पर्याप्त रन नहीं बनाए लेकिन फिर भी उनकी टीम के पास मौका रहेगा।

गुरुवार सुबह तीन विकेट चटकाकर ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को जल्द समेटने में अहम भूमिका निभाने वाले उमेश ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, ''क्रिकेट में कुछ भी हो सकता है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे और स्टीक लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करेंगे। यह आसान विकेट नहीं है, फिर चाहे बल्लेबाज हमारे हों या उनके। क्रीज से बाहर निकलकर शॉट खेलना आसान नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''गेंद नीची भी रह रही है इसलिए आप क्रीज से बाहर निकलने को लेकर सुनिश्चित नहीं होते।'' उमेश ने कहा, ''रन कम हैं लेकिन हम सटीक लाइन पर गेंदबाजी करेंगे और जितना अधिक हो सकते मुकाबले को आगे तक खींचेंगे।''

भारत स्वदेश में सिर्फ दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरता है और ऐसे में उमेश को नियमित रूप से खेलने का मौका नहीं मिला। गुरुवार को सुबह के सत्र में उन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट चटकाए जिससे ऑस्ट्रेलिया ने अपने अंतिम छह विकेट सिर्फ 11 रन पर गंवाए और टीम 197 रन पर आउट हो गई।

उमेश ने कैमरन ठीन को पगबाधा करने के बाद मिशेल स्टार्क और टॉड मर्फी को बोल्ड किया। उन्होंने कहा, ''इस पिच पर मेरी योजना सीधे स्टंप पर गेंदबाजी करने और एक या दो विकेट हासिल करने की थी। एक तेज गेंदबाज के रूप में मुझे पिच पर गेंद पटकनी थी और सही क्षेत्र में गेंद करानी थी। मैंने अपना अधिकांश क्रिकेट भारत में ही खेला है और इसलिए मेरी मानसिकता हमेशा विकेट चटकाने की होती है। ''

बल्लेबाजी करते हुए उमेश यादव उपयोगी रन नहीं जोड पाए क्योंकि वह और मोहम्मद सिराज दोनों बडे शॉट खेलने के प्रयास में आउट हो गए।

उमेश ने कहा कि इस तरह की पिच पर निचले क्रम के बल्लेबाज के लिए रक्षात्मक होकर खेलने से बेहतर आक्रामक बल्लेबाजी करना होता है। उन्होंने कहा, ''जब मैं बल्लेबाजी के लिए आया तो मुझे कोई संदेश (आक्रामक बल्लेबाजी करने को लेकर) नहीं मिला था। मेरा काम इस मुश्किल विकेट पर रन बनाना था। यहां रन बनाना मुश्किल है। मुझे लगता है कि डिफेंस करके आउट होने से बेहतर है कि इस तरह के विकेट पर शॉट खेलो। अगर मैं 10 से 20 रन भी बनाता तो बढत 90 रन तक पहुंच जाती। यह मेरे लिए अधिक महत्वपूर्ण था।'

## अगर बल्लेबाज मेरे खिलाफ रक्षात्मक होकर खेलते हैं तो खुशी होती है : नाथन लियोन

इंदौर, 2 मार्च। विकेट चटकाने की उम्मीद में ज्यादातर स्पिनर एक या दो 'बाउंड्री' के लिये हिट किये जाने से परेशान नहीं होते लेकिन अनुभवी आस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन तब खुश होते हैं जब बल्लेबाज उनके खिलाफ रक्षात्मक होकर खेलने लगते हैं।

आस्ट्रेलिया के लिये खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ ऑफ स्पिनर लियोन ने गुरूवार को तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय बल्लेबाजों को परेशान करते हुए 64 रन देकर आठ विकेट झटके।

अपना 118वां टेस्ट खेल रहा यह 35 साल का खिलाड़ी 479 विकेट झटक चुका है और गेंदबाजी के बारे में उनके नजरिये के बारे में बात करने पर लियोन ने कहा, ''यह मायने नहीं रखता कि मैं किस विकेट पर खेल रहा हूं। अगर मैं किसी को रक्षात्मक खेलने के लिये बाध्य कर सकता हूं तो मैं बहुत खुश हो जाता हूं। मेरी गेंदबाजी का राज यही है कि मैं कोशिश करता हूं कि खिलाडी मेरे खिलाफ लंबे समय तक 'डिफेंड' करता रहे। इसका मतलब है कि मैं सही लाइन एवं लेंथ में गेंद फेंक रहा हूं। ''

लियोन ने कहा, ''इसका मतलब है कि अगर खिलाडी मुझ पर बड़ा शॉट लगाने की कोशिश करता है तो मुझे ज्यादा परेशानी नहीं होगी। टेस्ट इतिहास में मेरे खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लग चुके हैं इसलिये मैं छक्का जड़े जाने को लेकर डरता नहीं हूं। '' उन्होंने कहा, ''यह एक बडी चुनौती होती है लेकिन मुझे इससे परेशानी नहीं होती। लेकिन सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण होता है कि खिलाड़ी आपके खिलाफ रक्षात्मक होकर खेलने लगे। ''

उनके प्रदर्शन में सबसे शानदार चीज यही रही कि उन्होंने सभी विकेट 'राउंड द विकेट' गेंदबाजी से लिये। हालांकि कुछ लोग इसे नकारात्मक रणनीति के तौर पर देखते हैं। उन्होंने कहा, '' मैं जानता हूं कि काफी लोग इसे (राउंड द विकेट गेंदबाजी को) नकारात्मक मानते हैं। पर मैं इसे इसके उलट देखता हूं। मुझे लगता है कि यह काफी आक्रामकता भरी होती है। ''

लियोन हमेशा ही भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा की तारीफ करते हैं जो अपना सर्वश्रेष्ठ आस्ट्रेलिया के खिलाफ करते हैं। पुजारा ने 142 गेंद में 59 रन की पारी खेली और टीम के अन्य बल्लेबाजों की तुलना में सहजता से खेले जबकि अन्य जूझते नजर आये। लियोन ने कहा, ''वह अविश्वसनीय क्रिकेटर है। वह जिस तरह से खेलता है, मैं उसका काफी सम्मान करता हूं।

उसे कुछ भी डिगा नहीं सकता, भले गाबा की उछाल भरी पिच हो या फिर इंदौर की स्पिन लेती पिच। वह इनसे निपटने का अपना तरीका ढूंढ ही लेता है। '' उन्होंने कहा, ''युवा खिलाडी उनके बल्लेबाजी के तरीके से सीख सकते हैं। वह रिवर्स स्वीप या इस तरह के शॉट नहीं खेलते। लेकिन उनका डिफेंस अविश्वसनीय होता है। मेरी नजर में टेस्ट क्रिकेट रक्षात्मक होकर खेलने पर ही आधारित है। हमने एक बार फिर एक और चुनौतीपूर्ण विकेट पर उनके खेल का स्तर देखा। ''

## एसीएफ ने ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को 'प्लेयर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से नवाजा

अबुधाबी, 2 मार्च। एशियाई शतरंज महासंघ (एसीएफ) ने भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को पिछले साल महाबलीपुरम में 44वें शतरंज ओलंपियाड में रिकॉर्ड स्कोर ( 9/11) से स्वर्ण पदक जीतने के लिये 'प्लेयर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया।

पिछले साल मार्च में गुकेश 2700 ईएलओ रेटिंग का आंकड़ा पार करने वाले छठे भारतीय बने थे और वह 2700 से ऊपर की रेटिंग वाले देश के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर भी हैं। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने यहां एसीएफ के सालाना सम्मेलन में 'मोस्ट एक्टिव फेडरेशन' (सबसे सक्रिय महासंघ) का पुरस्कार हासिल किया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को चार महीने के कम समय के नोटिस के अंदर पिछले साल अगस्त में फिडे शतरंज ओलंपियाड की सफल मेजबानी के उनके प्रयास के लिये 'मैन ऑफ द ईयर' पुरस्कार से नवाजा गया। भारतीय महिला टीम में कोनेरू हम्पी, डी हरिका, आर वैशाली, तानिया सचदेव और भक्ति कुलकर्णी को कांस्य पदक जीतने के लिये 'बेस्ट वुमैन्स टीम ऑफ द ईयर' से नवाजा गया जबकि ठौंडमास्टर आर बी रमेश पुरूषों के 'कोच ऑफ द ईयर' पुरस्कार और ठौंडमास्टर अभिजीत कुंते महिलाओं के 'कोच ऑफ द ईयर' पुरस्कार के लिये चुने गये।

## चाहती हूं युवाओं को वैसा ही अनुभव मिले जो मुझे डब्ल्यूबीबीएल और 'द हंड्रेड' से मिला : हरमनप्रीत

मुंबई, 2 मार्च। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) और 'द हंड्रेड' में खेलने के अनुभव से उन्हें अपने खेल में काफी मदद मिली है और उन्हें भरोसा है कि घरेलू सर्किट की प्रतिभाओं के लिये महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) इतनी ही फायदेमंद साबित होगी।

पांच टीमों की महिला प्रीमियर लीग शनिवार को नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबले से शुरू होगी। भारत की सीमित ओवर की कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि वह डब्ल्यूपीएल में खेलने के लिये मैदान पर उतरने के लिये बेताब हैं जिसमें भारतीय महिला क्रिकेट का चेहरा बदलने की क्षमता है। उन्हें लगता है कि दुनिया में महिला क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ कंधे से कंधा मिलाकर खेलना घरेलू युवा खिलाडियों के आत्मविश्वास को बढाने में काफी बेहतर साबित होगा।

उन्होंने 'वर्चुअल' प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''मुझे लगता है कि यह (डब्ल्यूपीएल) सभी भारतीय खिलाडियों के लिये शानदार मंच है। हमें लंबे समय से इस टूर्नामेंट की कमी महसूस कर रहे थे। आस्ट्रेलिया में इसी तरह का डब्ल्यूबीबीएल (महिला बिग बैश लीग) और इंग्लैंड में 'द हंड्रेड' है जहां से इतनी सारी छुपी हुई प्रतिभायें निकली हैं। डब्ल्यूपीएल के बाद हमें निश्चित रूप से कुछ बेहतरीन प्रतिभायें मिलेंगी। '' उन्होंने कहा, ''डब्ल्यूपीएल विदेशी खिलाडियों को जानने का शानदार मंच है, उनके अनुभव



से कुछ सीख सकते हैं। डब्ल्यूबीबीएल और 'द हर्ड्रेंड' में खेलने से मुझे जितना अनुभव और आत्मविश्वास मिला है, मैं चाहती हूं कि युवा भारतीय घरेलू खिलाडियों को भी ऐसा ही अनुभव मिले।'' हरमनप्रीत ने कहा, ''यह उनके लिये विदेशी खिलाडियों के साथ समय बिताने का शानदार मौका है। डब्ल्यूपीएल व्यक्तिगत रूप से मेरे लिये भी कुछ युवा प्रतिभाओं को करीब से देखने का मौका प्रदान करेगा।''

## प्रोटियाज़ ने विंडीज़ को 87 रन से मात दी

सेंचुरियन, 2 मार्च। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में कागिसो रबाडा (50/6) की घातक गेंदबाज़ी की बदौलत गुरुवार को पहले टेस्ट में वेस्ट इंडीज के ऊपर 87 रन की प्रभावशाली जीत दर्ज की।

दक्षिण अफ्रीका ने वेस्ट इंडीज के सामने 247 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में विंडीज 159 रन ही बना सकी। कैरिबियाई टीम के लिये जर्मेन ब्लैकवुड ने 93 गेंद पर 12 चौकों और एक छक्के के साथ 79 रन की पारी खेली, हालांकि किसी और बल्लेबाज ने उनका साथ नहीं दिया। रबाडा ने दूसरी पारी में अपनी धारदार गेंदबाजी से वेस्ट इंडीज को धराशाई करते हुए छह विकेट लिये, जिसमें ब्लैकवुड का विकेट शामिल रहा। वेस्ट इंडीज ने तीसरे दिन की शुरुआत दमदार तरीके से की और दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 116 रन पर समेट दिया। प्रोटियाज़ के पास हालांकि पहली पारी की बढ़त थी इसलिये वह वेस्ट इंडीज को 247 रन का लक्ष्य दे सका। रबाडा ने मार्को जैनसेन (33/2) के साथ मिलकर मेहमान टीम के पांच विकेट सिर्फ 33 रन पर ही गिरा दिये। ब्लैकवुड ने हालांकि अपनी प्रत्याक्रमण नीति से वेस्ट इंडीज की कुछ उम्मीदें जगाईं। ब्लैकवुड ने जोशुआ डी सिल्वा (17) के साथ छठे विकेट के लिये 58 रन की साझेदारी की। रबाडा ने डी सिल्वा को आउट करके यह साझेदारी तोडी और विकेटों का सिलसिला फिर शुरू हो गया। रबाडा ने जेसन होल्डर (18) को आउट किया, जबकि पहली पारी में पांच विकेट चटकाने वाले आनरिक नॉर्खिया (48/1) ने अल्ज़ारी जोसेफ का विकेट निकाला। लक्ष्य से 90 रन दूर ब्लैकवुड भी रबाडा का शिकार हो गये और आखिरकार वेस्ट इंडीज की बची-कुची उम्मीद समाप्त हुई। दक्षिण अफ्रीका ने इस जीत के साथ दो मैचों की सीरीज में 1-0 की अजेय बढत बना ली है।

## अनचाहे अंदाज़ में खत्म हो सकता है वॉर्नर का टेस्ट करियर: पॉन्टिंग

मेलबर्न, 2 मार्च। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग को डर है कि सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर का करियर जून में शुरू होने वाली एशेज़ टेस्ट सीरीज से पहले ही अनचाहे अंदाज़ में खत्म हो सकता है।

गौरतलब है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के बाद होने वाली एशेज़ इस साल इंग्लैंड में खेली जायेगी। वॉर्नर की हालिया टेस्ट फॉर्म अच्छी नहीं रही है और 2019 के इंग्लैंड दौरे पर भी उनकी औसत सिर्फ 9.5 ही रही थी।

पॉन्टिंग ने आरएसएन क्रिकेट के साथ बातचीत में कहा, मैंने उसे (वॉर्नर को) डब्ल्यूटीसी चक्र के बारे में बात करते हुए सुना है। यह चक्र विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (फाइनल) के बाद समाप्त हो जायेगा, जो एशेज़ से एक हफ्ता पहले है। मेरा खयाल है कि वह डेविड को उस टेस्ट मैच तक तो टीम में रखना ही चाहेंगे। यह हालांकि उसके ऊपर ही निर्भर करता है। एक बल्लेबाज की कीमत उसके रनों से होती है। अगर आप रन नहीं बना रहे तो आपके ऊपर टीम से बाहर होने की तलवार लटकती रहती है। उन्होंने कहा, यह सभी के साथ होता है, मेरे साथ भी हुआ। जब आप एक उम्र तक पहुंच जाते हैं और आपकी फॉर्म गिरने लगती है, तो लोग अपनी छुरियों में धार लगवा लेते हैं। (आपको निशाना बनाने में) ज़्यादा देर नहीं लगती। भारत दौरे की तीन पारियों में सिर्फ 26 रन बनाने वाले वॉर्नर



ने यहां आने से पहले घरेलू सीरीज में अपना 100वां टेस्ट खेलते हुए दोहरा शतक जड़ा था। पॉन्टिंग का कहना है कि वॉर्नर को दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध मेलबर्न टेस्ट में खेली गयी 200 रन की पारी के बाद ही अपने टेस्ट करियर पर विराम लगा देना चाहिए था।

पॉन्टिंग ने कहा, उनका करियर जिस तरह के अंत का हकदार है, मेरे अनुसार उन्हें सिडनी टेस्ट के बाद ही गाड़ी रोक देनी चाहिये थी। उन्होंने मेलबर्न में अपने 100वें टेस्ट में दोहरा शतक जड़ा, सिडनी में अपने घरेलू मैदान पर 101वां टेस्ट खेला। उन्हें इसे वहीं खत्म कर देना चाहिये था। वॉर्नर को भारत में दूसरे टेस्ट की पहली पारी के बाद कोहली में हेयरलाइन फ्रैक्चर के कारण स्वदेश भेज दिया गया था। उन्होंने घर लौटकर 2024 तक टेस्ट क्रिकेट खेलने की इच्छा जताई, हालांकि इस समय टीम में उनकी वापसी मुश्किल है। पॉन्टिंग ने कहा, वह इसके हकदार नहीं थे कि उन्हें एक विदेश दौरे के बीच से टीम से बाहर कर दिया जाये और उनका करियर समाप्त हो।

## न्यूज़ीलैंड की टीम में कोई बदलाव नहीं

क्राइस्टचर्च, 2 मार्च। न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ स्वदेश में होने वाली दो टेस्ट श्रृंखला के लिए उस टीम में कोई बदलाव नहीं किया है जिसने हाल में वेलिंगटन में दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को एक रन से हराया।

न्यूजीलैंड ने रोमांचक दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को एक रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने नौ मार्च से शुरू हो रही श्रृंखला के लिए टिम साउथी की अगुआई में 13 सदस्यीय टीम का चयन किया है जिसमें कोई हैरानी भरा नाम नहीं है। युवा तेज गेंदबाज जैकब डफी, लेग स्पिनर ईश सोढ़ी और चोटिल तेज गेंदबाज काइल जेमीसन को टीम में जगह नहीं मिली है। न्यूजीलैंड की टीम हाल में इतिहास की सिर्फ चौथी टीम बनी जिसने वेलिंगटन में फॉलोआन के बावजूद जीत दर्ज की। टीम की बल्लेबाजी का दारोमदार पूर्व कप्तान केन विलियनसन के अलावा टॉम लैथम, हेनरी निकोल्स, डेवोन कॉन्वे, डेरिल मिशेल और विल यंग पर होगा जबकि विकेटकीपर की भूमिका टॉम ब्लंडेल निभाएंगे। श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई नील वैगनर करेंगे जबकि साउथी, मैट हेनरी, ब्लेयर टिकनर और स्कॉट कुगेलिन उनका साथ निभाएंगे। गत चैम्पियन न्यूजीलैंड विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है जबकि श्रीलंका की टीम 2-0 से टेस्ट श्रृंखला जीतकर फाइनल में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रख सकती है।

## महिला कबड्डी लीग शुरू करने की योजना बना रहे पीकेएल आयोजक

मुंबई, 2 मार्च। अपने 10वें सीजन में प्रवेश करने को तैयार प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) की आयोजक संस्था मशाल स्पोर्ट्स पीकेएल की तर्ज पर महिलाओं की वार्षिक पेशेवर कबड्डी लीग शुरू करने की संभावना तलाश रहा है।

मशाल स्पोर्ट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और पीकेएल के लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा, पेशेवर महिला कबड्डी लीग के लिये हमारी योजनाएं पुरुषों की लीग की अब तक की शानदार सफलता और कबड्डी को एक आधुनिक विश्व स्तरीय खेल के रूप में विकसित तथा स्थापित करने की हमारी प्रतिबद्धता पर आधारित है। हम महिला लीग शुरू करने के लिये एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) और अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) सहित अपने विभिन्न हितधारकों के साथ काम करेंगे।

गौरतलब है कि मशाल स्पोर्ट्स इससे पहले विमेंस कबड्डी चैलेंज नामक प्रतियोगिता का आयोजन कर चुका है। मशाल स्पोर्ट्स ने तीन टीमों के इस टूर्नामेंट का आयोजन 2016 में एकेएफआई के समर्थन और मंजूरी के साथ आयोजित और संचालित किया था। इसमें हिस्सा लेने वाली टीमें फायरबर्ड्स, आइसदिवास और स्टॉर्म क्वींस थीं।

साल 2016 में आयोजित विमेंस कबड्डी चैलेंज का खिताब जीतने वाली स्टॉर्म क्वींस टीम की कप्तान तेजस्विनी बाई ने कहा, 2014 में प्रो कबड्डी लीग के लॉन्च के बाद से ही भारत में महिला कबड्डी खिलाडियों ने अपने लिये भी एक पेशेवर कबड्डी लीग का सपना देखा है। पीकेएल का एक महिला संस्करण भारत में हर महिला कबड्डी खिलाडी के लिये एक बडे सपने के सच होने जैसा होगा। साथ ही इससे अन्य देशों की महिला कबड्डी एथलीटों को भी आगे आने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है कि अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित तेजस्विनी ने 2014 में इंचियोन में आयोजित एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला टीम की कप्तानी की थी। भारत की प्रमुख महिला कबड्डी खिलाड़ियों के विचारों को भारत के प्रमुख पुरुष कबड्डी खिलाडियों का भी समर्थन मिला है। इन्हीं में से एक अजय ठाकुर हैं जिन्हें अर्जुन पुरस्कार के साथ-साथ पद्म श्री से भी नवाजा जा चुका है। अजय ठाकुर ने कहा, प्रो कबड्डी ने पूरे भारत में पुरुष कबड्डी खिलाड़ियों के जीवन को बदल दिया है। मुझे पता है कि अगर मशाल स्पोर्ट्स महिलाओं की लीग आयोजित करता है तो यह महिला कबड्डी खिलाड़ियों के जीवन पर भी ऐसा ही असर करेगा। ठाकुर के इस बयान को प्रो कबड्डी में सबसे अधिक अंक जुटाने वाले रेडर प्रदीप नरवाल का भी समर्थन मिला।

### जस्विन ने बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

बेल्लारी, 2 मार्च। भारतीय एथलीट जस्विन एल्ड्रिन ने इंडिया ओपन थ्रो एंड जम्प प्रतियोगिता में गुरुवार को पुरुषों की लंबी कूद का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया। जस्विन ने यहां आयोजित प्रतियोगिता में 8.42 मीटर की छलांग लगाकर मुरली श्रीशंकर के 8.36 मीटर के रिकॉर्ड को तोडा। तमिलनाडु के 21 वर्षीय एथलीड जस्विन की अब तक की सर्वश्रेष्ठ कूद 8.26 मीटर की थी। उन्होंने पिछले साल फेडरेशन कप में 8.37 मीटर की छलांग भी लगायी थी मगर हवा की रफ्तार ज्यादा होने के कारण उस प्रयास को रद्द कर दिया गया था।

### जोकोविच दुबई में जीते

दुबई, 2 मार्च। दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाडी नोवाक जोकोविच ने बुधवार को यहां टेलोन ठीक्सपूअर को सीधे सेटों में हराकर दुबई चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने ग्रीक्सपूअर को 6-2 6-3 से हराकर लगातार 19वीं जीत दर्ज की। सर्बिया के 35 साल के खिलाडी जोकोविच ने दुनिया के 39वें नंबर के खिलाडी ग्रीक्सपूअर की चार बार सर्विस तोडी। उन्होंने मौजूदा सत्र में एक भी मुकाबला नहीं गंवाया है। जोकोविच अगले दौर में ह्यूबर्ट हुरकाज से भिड़ेंगे जिन्होंने पावेल कोटोव को 7-5 6-1 से हराया। बुधवार को ही गत चैंपियन आंद्रे रूबलेव ने पिछडने के बाद वापसी करते हुए एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 1-6 7-6(6) 7-6(3) से हराया।

### मेग लैनिंग को टीम की कमान

मुंबई, 2 मार्च। दिल्ली कैपिटल्स ने विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले सीजन की शुरुआत से पूर्व ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता कप्तान मेग लैनिंग को अपनी महिला टीम की कमान सौंपी है। भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रॉड्रिग्स को उप-कप्तान बनाया गया है। लैनिंग ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि डब्ल्यूपीएल महिला क्रिकेट के लिये बहुत बडा पल है।

### आईएसएल प्लेऑफ में भिडेंगे बेंगलुरु, केरल

बेंगलुरु, 2 मार्च। हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2022-23 प्लेऑफ चरण का नया प्रारूप शुक्रवार को श्री कांतीरवा स्टेडियम में शुरू होगा, जहां मेजबान बेंगलुरू एफसी अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी और पिछले साल के उप-विजेता केरल ब्लास्टर्स एफसी से भिडेगा। यह मुकाबला जीतने वाली टीम लीग शील्ड विजेता मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर लेगी।



*सैंट्रल चीन और तिब्बत के बीच वैस्टर्न शिचुआन प्रांत में सैंकड़ों रहस्यमय स्टोन टावर्स हैं, इनमें से कुछ तो 200 फीट तक ऊँचे हैं। हिमालय की तलहटी में ऐसे टावर बड़ी तादाद में हैं और गांवों के समीप ज्यादा देखे जाते हैं, जहां अब याक और टट्टुओं के अस्तबल के रूप में इनका इस्तेमाल होता है। ये सदियों से यहाँ हैं, पर इनके निर्माण का उद्गम और उद्देश्य दोनों ही हमेशा से रहस्यमय रहा है, स्थानीय लोगों को भी इसके बारे में जानकारी नहीं है। बाहरी दुनिया को टावर के बारे में सबसे पहले फ्रांस की खोजी यात्री फ्रैंडरीक डरागॉन ने बताया था। वह 1998 में स्नो लैपर्ड की खोज में तिब्बत गयी थी, लेकिन उसका ध्यान खींचा इन रहस्यमय इमारतों ने। अगले 5 साल तक उसने इन मीनारों की गणना और नाप जोख की, तस्वीरें लीं और टावर पर चढ़कर इसकी बीम की लकड़ी के सैम्पल लिए। लेकिन, किसी को भी पता नहीं था कि टावर्स किसने और क्यों बनाए थे। तथापि, उन्नीसवीं सदी में चीन आए यूरोपीय यात्रियों की डायरियों कुछ चीनी आख्यानों में उसे इन टावर्स का कुछ उल्लेख अवश्य मिला। डरागॉन का मानना है कि, टावर्स के उद्गम के बारे में स्थानीय जानकारी के अभाव का कारण क्षेत्र का इतिहास और भूगोल हो सकता है। जिस क्षेत्र में ये टावर हैं वहाँ कई पहाड़ी जनजातियाँ रहती हैं जिन्होंने सदियों से अपने आप को ''आइसोलेशन'' में रखा है। इनकी बोली, रीति रिवाज, रहन-सहन, हर तरह से एक दूसरे से बहुत अलग हैं। डरागॉन की डॉक्युमैंटरी, ''सीक्रेट टावर्स ऑफ हिमालय'' के अनुसार ''एक घाटी से दूसरी घाटी के लोग एक दूसरे से बिल्कुल बात नहीं कर पाते।'' डरागॉन का मानना है कि, टावर्स का इतिहास एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी मौखिक रूप से बताया गया होगा, लेकिन अब लोग इन्हें भूल गए हैं। टावर की लकड़ी की रेडियो कार्बन डेटिंग से पता चला है कि ये 600 से 1000 साल पुराने हैं। डरागॉन का मानना है कि, टावरों की डिजाइन की भिन्नता को देखते हुए लगता है कि, अलग-अलग क्षेत्रों में इनका उपयोग अलग-अलग उद्देश्यों के लिए होता होगा। उदाहरण के लिए मिनिआक क्षेत्र में टावर निगरानी के लिए काम आते होंगे। कॉन्गापो और डम्बा के टावर समृद्धि और गौरव का प्रतीक लगते हैं। एक कहानी के अनुसार, मंगोल शासित चीन के साथ व्यापार करके अमीर बने स्थानीय लोगों ने कई टावर बनवाए थे। फ्रैंडरीक डरागॉन टावर्स को युनैस्को वर्ल्ड हैरिटेज साइट में शामिल करवाने के लिए प्रयास कर रही हैं।*

# जाट वोट बैंक को रिझाने के लिए वीर तेजा कल्याण बोर्ड का गठन

## पर क्या सिर्फ बोर्ड का गठन करके जाट समाज को कांग्रेस साध पाएगी, इसमें संशय नजर आता है

- **जाट महाकुंभ से पहले बोर्ड का गठन किया गया है, लेकिन समाज की प्रमुख मांग तो ओ.बी.सी. की जातियों में वर्गीकरण की है।**
- **वैसे भी जाट कांग्रेस के साथ तभी तक थे, जब मदेरणा, मिर्धा, ओला, नटवर सिंह जैसे दिग्गज पार्टी की अग्रिम पंक्ति में हुआ करते थे, अब कांग्रेस में ऐसा मजबूत जाट नेता एक भी नहीं है।**

जयपुर, 2 मार्च (का.प्र.)। राजस्थान में इस बार कांग्रेस सरकार वर्गों के आधार पर बोर्ड, निगम, आयोग बनाने के बजाय सीधे जातीय बोर्डों का गठन कर रही है, ताकि उन जातियों को साधा जा सके जो कांग्रेस के साथ सहज नहीं हैं। इसी को ध्यान रखते हुए कांग्रेस सरकार ने पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित अन्य नेताओं की मांग पर राजस्थान में वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है।

इधर कहा जा रहा है कि 5 मार्च को राजधानी जयपुर में होने वाले जाट महाकुंभ से पहले प्रदेश की गहलोत सरकार ने जाट समाज को लेकर एक बड़ा दांव खेला है। गहलोत सरकार ने जाट समाज की प्रमुख मांगों में शामिल वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड का गठन कर दिया है। राज्य सरकार ने किसान समाज की स्थिति का जायजा लेने, प्रमाणिक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर इन वर्गों को मलभूत सुविधा उपलब्ध कराने और उनके पिछड़ेपन को दूर करने के सुझाव के उद्देश्य से इस कल्याण बोर्ड का गठन किया है। वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड में 9 सदस्य होंगे, जिसमें एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और 7 सदस्य शामिल हैं. इस बोर्ड में उद्योग विभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण पंचायत राज विभाग, श्रम एवं रोजगार विभाग, देवस्थान विभाग, पर्यटन कला संस्कृति विभाग और सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव सरकारी सदस्य के रूप में शामिल होंगे।

वैसे जानकारों का कहना यह है कि कांग्रेस विधायक एवं पंजाब के प्रभारी हरीश चौधरी जिस तरह से पिछले कुछ महीनों से ओबीसी वर्गीकरण को लेकर लगातार अपनी ही राज्य सरकार पर हमलावर हैं, वैसे ही आरएलपी नेता हनुमान बेनीवाल भी इसी मांग को सरकार से लगातार उठाते रहे हैं। सरकार ने वीर तेजा कल्याण बोर्ड का गठन करके इन नेताओं को भी शांत करने का प्रयास किया है। हालांकि सिर्फ वीर तेजा कल्याण बोर्ड बना दिए जाने से जाट समाज या किसान वर्ग कांग्रेस के साथ आ जाएगा, इसमें बहुत लोगों को संशय नजर आता है।

कहा जा रहा है कि किसी समय पूरा जाट समाज कांग्रेस के हुआ करता था। इसका कारण यह था कि तब कांग्रेस के अग्रिम पंक्ति के नेताओं में परसराम मदेरणा, रामनिवास मिर्धा,नाथूराम मिर्धा, नटवर सिंह, शीशराम ओला, नारायण सिंह, डॉ. हरिसिंह जैसे खांटी जाट नेता हुआ करते थे। इनके बाद कांग्रेस में लंबे समय से ना तो जाट नेतृत्व को उभारने का प्रयास हुआ और ना कोई ऐसा जाट नेता इस समय कांग्रेस में है, जो पूरे राजस्थान, या कहे कि राज्य के किसी एक संभाग में भी इतना दम रखता हो, जो समाज को पार्टी के साथ ले आए। भले ही वर्तमान में गोविन्द सिंह डोटासरा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हैं, लेकिन जाट समाज में उनकी पैठ इतनी मजबूत कभी नहीं रही, कि उन्हें जाट नेता के रूप में प्रोजेक्ट किया जा सके। उनसे ज्यादा मजबूत जाट नेता तो पूर्व नेता प्रतिपक्ष बीकानेर संभाग के रामेश्वर डूडी को माना जाता है।

कांग्रेस की राज्य सरकार ने भले ही जाट समाज को साधने की कोशिश की हो, लेकिन गहलोत सरकार जब तक ओबीसी वर्गीकरण को लेकर अपनी नीति स्पष्ट नहीं करेगी, तब तक जाट समाज कांग्रेस सरकार के साथ जुटेगा, इसमें संशय है। आगामी 5 मार्च को जयपुर में हो रहे जाट महाकुंभ में भी प्रमुख मांग यही है कि ओबीसी की जातियों का वर्गीकरण किया जाए। यह एक ऐसी मांग है जिसे पूरी किया जाना वर्तमान हालातों में संभव नजर नहीं आता।

यह मांग की चर्चा भर होने से राजस्थान में ओबीसी की अन्य जातियां सरकार के खिलाफ बिगुल बजा सकती है। वीर तेजा कल्याण बोर्ड के गठन से जाट समाज कितना खुश है और कांग्रेस पार्टी के साथ कितना सहज हो सकता है, इसका अंदाजा भी 5 मार्च को हो रहे जाट महाकुंभ के बाद ही लग जाएगा।

## चुनाव ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

के कार्यकाल के लिए की जाती है।

याचिकाकर्त्ताओं ने मांग की थी कि देश में निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का कोलीजियम जैसा सिस्टम होना चाहिए।

जस्टिस के.एम. जोसफ की अध्यक्षता वाली इस बैंच ने इस मुद्दे पर गत 24 नवम्बर को अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। बैंच के अन्य जजों में हैं जस्टिस अजय रस्तौगी, अनिरूद्ध बोस, ऋषिकेश रॉय और सी.टी. रविकुमार।

# कार और कंटेनर की आमने-सामने की भिड़ंत

## हादसे में दंपती सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत

- **हादसा टोंक जिले के देवली नैशनल हाइवे का है, मृतकों में तीन जने एक ही परिवार के थे।**
- **कार में सवार सभी लोग खाटूश्यामजी के दर्शन कर लौट रहे थे।**

टोंक/देवली 2 मार्च, (निसं)। टोंक जिले के देवली नेशनल हाईवे 52 पर देवडावास पैट्रोल पम्प के समीप कंटेनर और कार में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में दम्पत्ति सहित 4 लोगों की मौके पर ही मौत हुई है। मृतकों में तीन जने एक ही परिवार के हैं।

हादसे में तीन लोग घायल भी हुए हैं, तीनों गंभीर घायलों को जिले के सआदत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर देवली वृत अधिकारी सुरेश कुमार मेघवाल, घाड थाना अधिकारी राधाकिशन मीणा मौके पर पहुंचे। सभी मृतक और घायल खाटू श्याम जी के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। कंटेनर और कार के बीच हुआ यह हादसा इतना जबरदस्त था कि, कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई। इसमें फंसे लोगों को निकालने के लिए पुलिस और आसपास के लोगों को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने मृतकों व घायलों को 108 की सहायता से अस्पताल पहुंचाया। हादसे में कार सवार मनीष शर्मा पुत्र बंशीलाल शर्मा (45), पत्नी यीशु शर्मा (40), भाई अमित शर्मा(40) निवासी श्यामनगर देवली व कार चालक रवि पुत्र कैलाश रामसर थाना नसीराबाद हाल देवली की मौत हुई है। जबकि हादसे में दीपाली शर्मा पुत्री मनीष शर्मा(22), अंशुल जैन पुत्र पारस कुमार जैन (27) श्याम नगर देवली, निकेश उर्फ निक्की पुत्र रतनलाल (35) निवासी केकडी गंभीर घायल हो गए, उन्हें गंभीर हालत में जिला मुख्यालय के सआदत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां तीनों घायलों का इलाज जारी है।

# रॉबर्ट वाड्रा द्वारा बीकानेर में किसानों की जमीनें हड़पने का मुद्दा विधानसभा में गूंजा

## लूणकरणसर विधायक सुमित गोदारा के इस आरोप पर सदन में कांग्रेस ने खूब हंगामा किया

- **शिक्षा मंत्री बी.डी. कल्ला ने कहा, सदन का जो मैंबर नहीं, उनका नाम लेना गलत है। जिस पर गोदारा ने कहा, अंबानी-अडाणी भी इस सदन के सदस्य नहीं हैं, उनका नाम तो आप खूब लेते हो।**
- **इस विवाद के बीच मंत्री कल्ला ने रॉबर्ट वाड्रा को क्लीन चिट देते हुए कहा कि, उन्होंने एक प्रतिशत भी गड़बड़ी नहीं की, बल्कि भाजपा के नेताओं ने भूमिहीन बन कर जमीने लीं और घोटाला किया।**
- **इस पर उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा, ''मंत्रीजी पूरा मामला कोर्ट में चल रहा है। सरकार एक कमीशन बना दे, तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। चोर की दाढ़ी में तिनका है। वाड्रा ने बीकानेर जिले में जमीन नहीं खरीदी है, यह आप साबित कर दो, गलत हुआ तो मैं इस्तीफा दे दूंगा अन्यथा आप दे देना। यह मेरा चैलेंज है।''**

**-विधानसभा संवाददाता-**

जयपुर, 2 मार्च। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के पति राबर्ट वाड्रा द्वारा बीकानेर में किसानों की जमीनें हड़पने का मुद्दा गुरूवार को राजस्थान विधानसभा में गूंजा। लूणकरणसर के भाजपा विधायक सुमित गोदारा ने जब वाड्रा पर यह आरोप लगाए तो सदन में जमकर हंगामा हुआ। शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी.कल्ला ने राबर्ट वाड्रा को क्लीन चिट देते हुए कहा कि उन्होंने एक प्रतिशत भी गड़बड़ी नहीं की। बल्कि भाजपा के नेताओं ने भूमिहीन बनकर जमीनें ली और घोटाला किया। कल्ला के इन आरोपों पर उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ समेत तमाम भाजपा विधायक बिफर गए और पूरे प्रकरण की जांच कराने की मांग उठाई। बाद में सभापति राजेन्द्र पारीक ने बीच-बचाव कर पूरा मामला शांत कराया।

सदन में राजस्व और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान विधायक सुमित गोदारा ने बीकानेर जिले में प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा पर जमीन घोटाले का आरोप लगाया। गोदारा ने कहा कि फायरिंग रैंज की जमीन में घोटाला हुआ, जो किसान फायरिंग रैंज की जमीन से माइग्रेट हुए, उनकी जमीन को लोगों ने कौड़ियों के दाम में खरीदकर करोड़ों रुपये कमाए हैं। रॉबर्ट वाड्रा ने दिल्ली से आकर जमीनें ली, इस मामले में उनका नाम ईडी में आया है।

सुमित गोदारा के आरोप पर शिक्षा मंत्री बी.डी.कल्ला ने आपत्ति जताते हुए कहा कि जो सदन का मैंबर नहीं, उसका नाम लेना गलत है। इस पर गोदारा ने कहा कि अंबानी-अडाणी भी सदन के मैंबर नहीं है, उन पर तो आप खूब आरोप लगाते हो।

मंत्री कल्ला ने कहा, जिन्होंने जमीनें ली है, उनमें उनमें अधिकांश लोग बीजेपी के हैं। भाजपा के लोगों ने 5 से 10 हजार बीघा की जमीनों को लाखों रुपये में बेचा। गड़बड़ भाजपा के लोगों ने की है। वाड्रा ने चेक से पेमेंट किया, रजिस्ट्री हुई है उसका पूरा पैसा दिया है।

उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कल्ला पर पलटवार करते हुए कहा, मंत्रीजी ने जिस शख्स का नाम लेकर कहा, वह सारा मामला कोर्ट में चल रहा है। मेरी मांग है सरकार एक कमीशन बना दे तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। मंत्रीजी, चोर की दाढ़ी में तिनका है। वाड्रा ने बीकानेर जिले में जमीन नहीं खरीदी है, यह साबित कर दो, गलत हुआ तो मैं इस्तीफा दे दूंगा अन्यथा आप दे देना। यह मेरा चैलेंज है।

जिस पर कल्ला ने कहा, वाड्रा ने भूमिहीन बनकर जमीन नहीं ली, भूमिहीन बनकर भाजपा के लोगों ने जमीन ली। वाड्रा ने चेक से पेमेंट दिया है, रजिस्ट्री का पूरा पैसा दिया है। जबकि भाजपा के लोगों ने नकद में जमीनें खरीदी।

उनकी तकरार के बीच सुमित गोदारा ने कहा, आपको पता था कि यहां सोलर प्लांट आने वाला है, इसलिए उन्होंने पहले जमीन ली, यह तो भ्रष्टाचार हुआ है। महाजन फायरिंग रैंज में माइंस वाली जमीन ली गई। कोलायत के विधायक और मंत्री ने भी वहां जमीन ली है। कल्ला ने कहा कि मेरी तो एक बीघा जमीन भी नहीं है। इस पर गोदारा ने कहा, आप नहीं आपके साथी मंत्री ने खरीदी है। सारे आवंटन की जांच करवा लीजिए। फील्ड फायरिंग रेंज में आपके कोलायत वाले मंत्री को जमीन आवंटित हुई या नहीं हुई। सत्ता पक्ष और भाजपा विधायकों के बीच सदन में बढ़ती तकरार के बाद सभापति राजेन्द्र पारीक ने बीचबचाव कर पूरा मामला शांत कराया।

## जो कभी कांग्रेस की छत्र...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

की स्थिति में न आ सके। लेकिन कांग्रेस छोड़कर जाने वाले लोग भी फायदे में नहीं रहे हैं। वे केवल अपनी मौजूदगी ही दर्शाने की स्थिति तक सीमित रह गये हैं। क्योंकि टी.एम.सी. का प्रदर्शन कुल मिलाकर दयनीय ही रहा है। राज्य विधान की सभी 60 सीटों पर चुनाव लड़ने के बाद, टी.एम.सी को उन चन्द सीटों में से कुछ ही सीटें मिल पाई हैं, जो पहले कांग्रेस के कब्जे में थी। अन्य स्थान पर टी.एम.सी. एकदम साफ हो गई है तथा राज्य में अपना राजनैतिक अस्तित्व स्थापित नहीं कर सकी है। नागालैंड़ में कांग्रेस पार्टी का पूरी तरह सफाया हो गया है तथा वह एक भी सीट नहीं जीत पायी है।

पूर्वोत्तर के राज्यों में उभर कर आई एक अन्य विशिष्ट बात वामपंथी दलों की घोर पराजय रही है। इसका पुराना गढ़ त्रिपुरा अब भाजपा तथा अन्य दलों के कब्जे में है। ये दल कांग्रेस के साथ मिलकर लड़े थे लेकिन उसके बावजूद, ये 2 साटों पर सिमट गये। अगर इन चुनाव परिणामों को किसी भी रूप में अगले आम चुनावों का संकेतक मान लिया जाये, तो कांग्रेस तथा अन्य सभी दलों को बहुत कुछ सोचना-विचारना होगा जमीनी स्तर पर आमजन को प्रभावित करने के लिये, इन दलों को नई रणनीतियाँ तथा नये विषय तलाशने होंगे।

## 'आई एम सॉरी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची लालसोट थाना पुलिस ने फंदे से झूल रही छात्रा को जिला अस्पताल ले गई, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में मैडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया एवं केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

थानाधिकारी नाथू लाल मीणा ने बताया कि निजी विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा खुशबू मीणा ने मरने से पहले सुसाइड नोट लिखा है जो पुलिस को प्राप्त हुआ है उसके आधार पर सुसाइड से जुड़ी घटना की कानूनी जांच पड़ताल की जा रही है।

वहीं ज्यादा अंक लाकर ज्यादा प्रतिशत बनाने की भागम भाग में एक छात्रा द्वारा खुद को असमर्थ बताते हुए सुसाइड करने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। यह ऐसा पहला मामला नहीं है कि किसी विद्यार्थी ने पढ़ाई के दबाव में आकर सुसाइड किया हो। इससे पहले भी इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

## रूस की...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

नम्बर पर रहे लोएस्ट बिडर में मैच कर जाती तो शेष 80 ट्रेनों का ठेका दूसरे नम्बर वाले (एल-2) को दे दिया जाएगा। अगर एल-2 कॉन्ट्रेक्ट लेने से इन्कार का देता है तो ऑफर तीसरे लोएस्ट बिडर को दे दिया जाएगा। इस केस में तीसरा लोएस्ट बिडर सिमन्स भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बी.ई.एम.एल.) है। यदि कोई भी बोलीदाता एल-1 द्वारा कोट की गई प्राइस से मैच करने में विफल रहता है तो पूरा कॉन्ट्रेक्ट ही एल-1 को दे दिया जाएगा। अस्सी ट्रेन्स की दूसरी खेप का निर्माण चैन्नई स्थित आई.सी.एफ. संयंत्र से किए जाने की योजना है।

रेल एक्सपर्ट्स इस बात को लेकर आशंकित हैं कि रूस की टी.एम.एच. वर्ष 2024-25 तक 400 वन्दे भारत ट्रेन्स की डिलीवरी नहीं दे पाएगी। आई.सी.एफ. के पूर्व महाप्रबन्धक सुधांशु मणि ने बताया कि ''यूक्रेन में चल रहे युद्ध के कारण यूरोप के मल्टीनैशनल मैन्यूफैक्चरर्स द्वारा रूस की कम्पनी का सहयोग करने की उम्मीद नहीं है।

यदि टी.एम.एच. को कॉन्ट्रेक्ट मिलता है तो उसे भारत की स्थानीय कम्पनियों पर पूर्ण रूप से निर्भर रहना होगा, हालांकि यह स्थिति भारतीय उद्योग जगत के लिए अच्छी होगी, लेकिन इसमें बड़ी चुनौतियां भी हैं।'' सी.जे.एस.सी. ट्रांसमैशहोल्डिंग के बुल्गारिया, बेलारूस, इजिप्ट, कज़ाकिस्तान और सर्बिया सहित अन्य देशों में ग्राहक हैं, लेकिन भारत में अब तक उसकी उपस्थिति नहीं रही है।

## अडानी विवाद...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कामथ, नंदन नीलेकनी और सोमशेखर सुन्दरेसन भी होगें।

दिल्ली के एडवोकेट एम.एल. शर्मा, एडवोकेट विशाल तिवारी, मध्यप्रदेश की कांग्रेस नेता जया ठाकुर और अनामिका जायसवाल द्वारा दायर कुछ याचिकाओं पर जीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) डी. वाय चन्द्रचूड़, जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस जे.बी. पारदीवाला की एक बैंच ने अपना आदेश पारित किया।

आदेश में कहा गया कि एक्सपर्ट कमेटी शेयर बाजार को अस्थिर करने वाली स्थिति और आकस्मिक कारकों को लेकर एक समग्र आकलन प्रस्तुत करेगी।

उसमें आगे कहा गया कि कमेटी निवेशकों में जागरूकता पैदा करने के उपाय सम्भाएगी और यह जांच भी करेगी कि अडानी ग्रुप का अन्य कम्पनियों के संदर्भ में शेयर बाजारों से सम्बन्धित कानूनों के कथित उल्लंघन में क्या कोई नियामक कमियां रही हैं।

## कांग्रेस ने...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अडानी मे मुद्दे की सच्चाई को सामने नहीं ला पायेगा। उन्होंने कहा कि 13 मार्च को जब संसद की बैठके पुनः शुरू होंगी, उस समय कांग्रेस जे.पी.सी. की माँग फिर से उठायेगी। इस बात पर जो देते हुये कि उन्होंने यह बात पहले भी कही थी, जयराम रमेश ने पत्रकारों से कहा, ''अगर प्रधानमंत्री तथा सरकार को जवाबदेह ठहराना है तो जे.पी.सी. के अलावा अन्य कोई भी कमेटी नरेन्द्र मोदी को विधि सम्मत तथा निर्दोष ठहराने के अलावा और कुछ नहीं करेगी।'' रमेश ने कहा, ''अडानी के प्रकरणों में सर्वोच्य न्यायालय द्वारा गठित कमेटी केवल सेबी के नियम और कानून के अल्लघंनों की जाँच तक ही सीमित है। अगर जे.पी.सी. गठित नहीं होती है तो प्रधानमंत्री मोदी और गौतम अडानी के बीच के रिश्ते की सच्चाई कमी भी सामने नहीं आयेगी।''

- **कांग्रेस ने कहा, अडानी विवाद की जांच जे.पी.सी. द्वारा ही की जानी चाहिए। जे.पी.सी. ही गौतम अडानी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबंधों की सच्चाई पता लगाएगी।**

# मतभेदों के साये में जी-20 की बैठक

- **मतभेदों के कारण जी-20 बैठक के बाद विदेश मंत्रियों का जॉइन्ट फोटो सैशन नहीं हो पाया।**

नयी दिल्ली 2 मार्च (वार्ता)। जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में यूक्रेन रूस संघर्ष को लेकर देशों के बीच एक साझा रुख पर आम सहमति नहीं बन पायी लेकिन उन्होंने इस संघर्ष के परिणाम स्वरूप ग्लोबल साउथ के विकासशील देशों पर पड़ने वाले आर्थिक दुष्प्रभावों एवं उनके समाधान की जरूरत पर सहमति व्यक्त की।

इस स्थिति में बैठक में भारत ने अपनी अध्यक्षीय भूमिका में ग्लोबल साउथ की आवाज़ को पुरज़ोर तरीके से उठाया।

बैठक में संयुक्त वक्तव्य के एक 24 बिन्दु वाले दस्तावेज के मसौदे पर यूक्रेन रूस संकट के बारे में उल्लेख को लेकर पूर्ण सहमति कायम नहीं हुई जिसे अध्यक्षीय निष्कर्ष दस्तावेज़ के रूप में इस नोट के साथ जारी किया गया कि बिन्दु 3 एवं 4 को छोड़कर सभी बिन्दुओं पर सभी विदेश मंत्री सहमत हैं। बिन्दु 3 एवं 4 में यूक्रेन रूस संघर्ष के बारे में टिप्पणी की गयी है।

# तमिलनाडू के उपचुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

है, जैसा कि उपचुनावों में अक्सर होता है, मानो तमिलनाडु में सत्तारूढ़ दल का जीतना कोई अहम बात न हो।

अन्नाद्रमुक तथा उसके गठबंधन पार्टनरों के लिये यह बिन्दु चिन्तित करने वाला होना ही चाहिये कि एक ऐसे क्षेत्र में, जो अन्नाद्रमुक का परम्परागत गढ़ रहा हो, मतगणना के कुछ राउण्ड शेष रहते, कांग्रेस उम्मीदवार की बढ़त 50,000 का आँकड़ा पार कर गई थी। भाजपा का कहना है कि तमिल मतदाताओं ने द्रमुक की बातों पर भरोसा किया।

यह स्पष्ट होने के शीघ्र बाद कि कांग्रेस प्रत्याशी आसानी से जीत रहा है, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री तथा डी.एम.के. प्रमुख एम.के. स्टालिन ने इस जीत का श्रेय विकास और ग्रोथ के ''द्रविड़ मॉडल'' को दिया तथा कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों तक इस मॉडल निरन्तर प्रदर्शित होता रहेगा।

उन्होंने कहा कि अब 2024 के लोक सभा चुनावों में डी.एम.के. के नेतृत्व वाले धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन की जीत की पृष्ठभूमि तैयार हो चुकी है। स्टालिन ने कहा, ''प्रचार के दौरान, मैने बार-बार शासन के द्रविड़ मॉडल के लिये जनता का समर्थन माँगा था। जनता ने यह कहते हुये अपना फैसला दिया है कि यह और अधिक ऊर्जा के साथ होना चाहिये।''

स्टालिन ने विपक्षी नेताओं की पूरी जमात को दिये एक संदेश में कहा ''अब समय आ गया है कि प्रत्येक पार्टी यह भूल जाये कि प्रधानमंत्री का चेहरा कौन है तथा एक प्लेटफॉर्म पर खड़े होकर चुनाव लड़े।'' उन्होंने कहा ''यह देखना महत्वपूर्ण है कि कौन नहीं जीतना चाहिये तथा कौन प्रधानमंत्री नहीं बनना चाहिये।''

प्रसंगवश बता दें कि एक दिन पूर्व उनके जन्मदिन के अवसर पर एकत्रित भीड़ में, विपक्ष के बहुत से नेता चेन्नई में उपस्थित थे। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि विपक्ष की कोई भी ग्रुपिंग कांग्रेस के बिना सम्भव नहीं है।

वहाँ इकठ्ठे हुये नेताओं का आम सोच यह था कि जो पाटियाँ यह कह रही है कि वे कांग्रेस और भाजपा से बराबर दूरी पर हैं, विपक्षी एकता की दुश्मन हैं तथा जान बूझकर या बिना सोचे-समझे, वे भाजपा की सत्ता वापसी में मदद करेंगी।

स्टालिन जब से मुख्यमंत्री बने हैं, उन्होंने पार्टी और सरकार पर अपनी पकड़ मजबूत की है तथा ''द्रविड़ हितों'' के पोषक छवि अर्जित की है। उनकी यह छवि उस समय बहुत काम आती है, जब जनता की नज़रें दूसरी द्रविड़ पार्टी अन्नाद्रमुक पर जाती है, जो भाजपा द्वारा संचालित दिखाई देती है।

एक कांग्रेस नेता ने भाजपा के इस आरोप, यह जीत द्रमुक के धन-बल के प्रदर्शन का परिणाम है, पर प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि द्रमुक और कांग्रेस तमिलनाडु से सभी 40 सीटें (जिनमें पुडुचेरी लोकसभा सीट भी शामिल है) जीतेंगी इसमें कोई संदेह नहीं हैं।

इस कांग्रेस नेता ने कहा, ''भाजपा के साथ केन्द्र सरकार है तथा विभिन्न जाँच एजेंसियाँ हैं, चुनाव आयोग है। भाजपा इन एजेंसियों की शिकायतों पर ध्यान क्यों नहीं दे रही, मीडिया में इन पर आरोप क्यों नहीं लगा रही। विजयी रहे कांग्रेस प्रत्याशी ई.वी.के.एस. एलनगोवन ने कहा कि वस्तुतः ''अन्नाद्रमुक तथा भाजपा पिछले कुछ दिनों से अन्धाधुन्ध आरोप लगाये जा रही थी क्योंकि वे जानती थी कि वे उप चुनाव में बुरी तरह से पराजित होने वाली हैं। इसलिये वे इस समय जो कुछ कह रहे हैं, उसमें अचम्भित होने जैसी कोई बात नहीं हैं।''

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908